12/2/95

80. तारांकित प्रश्न संख्या 1028 पर श्री सूरज मल द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—अध्यक्ष महोदय, मैं कमेटी के साथ बहादुरगढ़ डिस्ट्रीब्यूटरी, दुलहेड़ा डिस्ट्रीब्यूटरी और लूना माजरा डिस्ट्रीब्यूटरी देखने गया था। वहां पर कोई काम नहीं हुआ है आप आधे घण्टे में ही ये तीनों डिस्ट्रीब्यूट्रीज देख सकते हैं अगर यहां पर डि-सिल्टिंग हुई हो, तो मैं कसूरवार हूं। आप ये बताएं कि इन डिस्ट्रीब्यूट्रीज की डि-सिल्टिंग की क्या स्थिति है।

21-3-95

अध्यक्ष महोदय, मैंने मौके पर जाकर इनके साथ ही देखा था और इनको अब भी दिखा लेंगे और जहां जहां पर इनको शिकायत होगी, वहां पर अधिकारियों के खिलाफ ऐक्शन लेंगे। अध्यक्ष महोदय, इन्होंने बहादुरगढ़, दुलहेड़ा और लूना माजरा का काम ले लिया। वहां पर 76 हजार आर0डी0 तक का काम हुआ है। और अगर नहीं हुआ तो ये बताएं, हम मौके पर जाकर देख लेंगे * * * * हम वहां पर पानी भी पहुंचाएंगे।

81. तारांकित प्रश्न संख्या 1028 पर श्री धर्मपाल सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—अध्यक्ष महोदय, जैसा कि इनके रिप्लाई में भिवानी वाटर सर्विसिज डिवीजन, भिवानी में 21 नम्बर भागवी माईनर, 33 नम्बर पर मिसरी माईनर,

21-3-95

स्पीकर सर, 1990-91, 1992-93, 1993-94 और 1994-95 में जैसाकि मैंने अर्ज किया अलग अलग पैसों का प्रावधान किया गया है। हमारे पास जितना पैसा है और जहां पर अरजन्सी है, गाद है, रेत है तो पहले हम वहां प्राथमिकता देकर काम करवाते हैं।

क्र० सं०	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	17 नम्बर पर सुम्भी सब माईनर, गोहड़ा डिस्ट्रीब्यूटरी तथा लोहारू जल सेवाएं परिमण्डल भिवानी में 56 नम्बर पर उन माईनर तथा पम्प पहाउसिज नम्बर एक और दो हैं, तो मैं आपके माध्यम से मन्त्री जी से जानना चाहता हूं कि 1990-91 के बाद से इन माईनर्ज डिस्ट्रीब्यूटरीज पर एक भी पैसा खर्च क्यों नहीं किया गया इसका क्या कारण है ? क्या इनमें सिल्ट नहीं है, या फिर इन माईनर्ज में पानी नहीं जाता, अगर इनमें 1990-91 के बाद कोई पैसा खर्च हुआ है तो मन्त्री जी हमें बता दें। * * मेरे हल्के के साथ ऐसा भेदभाव क्यों किया जा रहा है ? क्या मन्त्री जी इस बारे में बताने का कष्ट करेंगे ?	* * * रिप्लाई में अलग अलग साल की फिगर्ज दे दी गई है लेकिन जिन नहरों में गाद ज्यादा है, उनको हम ठीक करवाने की कोशिश करेंगे।		

24-3-95

82.	तारांकित प्रश्न संख्या 1077 के संदर्भ में श्री राजेन्द्र सिंह बिसला द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न— "अध्यक्ष महोदय, मैं यह अर्ज करना चाहूंगा कि हमारे लोगों की भावना को मन्त्री जी समझ नहीं रहे हैं। हमारे जिले पर मुख्य मन्त्री जी की विशेष कृपा रही है। मैं मुख्य मन्त्री महोदय से यह निवेदन करूंगा कि मिट्टी (गुड़गांव कैनाल) नहरों से निकालने के लिए वे तुरन्त आदेश देने की कृपा करें।'	* * * अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन में कहना चाहूंगा कि चाहे हमें यह नहर सात दिन के लिए बन्द करनी पड़े, बरसात से पहले-पहले इसकी पूरी सफाई करवाएंगे। अध्यक्ष महोदय, इसके साथ ही मैं यह भी कहना चाहूंगा कि सारी स्टेट में जहां कहीं भी कोई नहर अटी हुई है, जहां पर भी गाद है उसकी पूरी सफाई करवाएंगे।	इस सम्बन्ध में आपको जानकारी दी जाती है कि गुड़गांव कैनाल की डिस्ट्रीब्यूटरीज/माईनर्ज की मिट्टी की सफाई करवा दी गई है। जहां तक गुड़गांव नहर की गाद निकालने का प्रश्न है, वर्ष 1997-98 में गाद निकालने का प्रस्ताव विचाराधीन हैं क्योंकि इस कार्य का कुछ खर्चा राजस्थान सरकार को भी देना पड़ेगा क्योंकि राजस्थान को भी पानी गुड़गांव नहर में से जाता है। (23-4-97)	(कमेटी इस आश्वासन के बारे में नवीतम स्थिति जानना चाहती है) (5-5-97)

28-2-96

83.	साथी लहरी सिंह द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या 1268 के उत्तर में— (क) क्या यह तथ्य है कि वर्ष, 1992 के दौरान गांव	हां। इस पुल (गांव धनौरा में पश्चिमी यमुना नहर पर पुल) पर कार्य जून, 1996 में शुरू होने की संभावना है तथा यह 31-3-97 तक पूरा कर दिया जायेगा।		

क्रम0 संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	धनौरा में पश्चिमी यमुना नहर पर पुल टूट गया था; तथा (ख) यदि हां, तो पूर्वोक्त पुल का निर्माण कार्य कब तक प्रारम्भ किए जाने/पूरा किए जाने की संभावना है ?			
84.	श्री अजमत खां द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या 1266 के उत्तर में— (क) क्या उटावड़ रजबाहे को तरमीम करने/नया रूप देने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा (ख) यदि हां, तो पूर्वोक्त प्रस्ताव को कब तक कार्यान्वित किये जाने की सम्भावना है ।	(28-2-96) हां यह कार्य (उटावड़ रजबाहे की तरमीम करने/नया रूप देने के कार्य) 31-5-97 तक पूरा कर लिया जाएगा ।		

		29–2–96
85.	राज्यपाल महोदय, के अभिभाषण पर पेश हुए धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई बहस के उत्तर में ।	* * * जहां तक दादुपुर नलवी स्कीम का ताल्लुक है उसके बारे में इन्होंने कह दिया कि उसके लिए जमीन एक्वायर की थी वह जमीन किसानों को वापिस दे दी है । मैं इनको बताना चाहूंगा कि सरकार ने वह 180 एकड़ जमीन छोड़ी नहीं है और न ही किसानों को वापिस दी है । वह जमीन सरकार के कब्जे में है ।
		29–2–96
86.	राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर पेश हुए धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई बहस के उत्तर के दौरान श्री अध्यक्ष द्वारा मांगी गई क्लैरीफिकेशन—आप यह बता दें कि वह जमीन (दादुपुर नलवी स्कीम के लिए एक्वायर की गई जमीनें) उसी परपज के लिए इस्तेमाल की जाएगी जिस परपज के लिए एक्वायर की गई है ।	अध्यक्ष महोदय, वह जमीन सरकार के कब्जे में रहेगी और जिस परपज के लिए एक्वायर की गई है उसी परपज के लिए इस्तेमाल की जाएगी । उसी नहर को बनाने के लिए इस्तेमाल करेंगे ।

क्रम संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
87.	वित्त मंत्री का बजट भाषण	6–3–96 * * * 'इस परियोजना (हथनी कुण्ड बैराज) का क्रियान्वन शुरु हो चुका है और इसके 1999 तक पूर्ण हो जाने की संभावना है। * * * * *	हथनी कुण्ड बैराज के निर्माण तथा उससे सम्बन्धित कार्यों के टेन्डर दिनांक 10–5–96 को खोले गये थे जिसमें मैसर्ज हिन्दुस्तान कंस्ट्रक्शन कम्पनी लिमिटेड मुम्बई के रेट न्यूनतम पाये गये तथा हरियाणा सरकार ने अपने पत्र क्रमांक 1-9-95 आई0डब्ल्यू0 (I) दिनांक 26-7-96 द्वारा प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की और 167.44 करोड़ रुपये के खर्चे पर आधारित यह कार्य उपरोक्त ऐजेन्सी को दे दिया। हथनी कुण्ड बैराज का निर्माण तथा उससे सम्बन्धित कार्यों को करने के लिए कम्पनी के साथ समझौते पर दिनांक 19–9–96 को हस्ताक्षर हुए। बैराज के निर्माण का कार्य दिनांक 24–9–96 को आरम्भ हुआ। यह परियोजना एच0डब्ल्यू0आर0सी0	(कमेटी इस आश्वासन के बारे में नवीनतम स्थिति जानना चाहती है) (25–11–97)

F0 5/3/95

पी० में सम्मिलित की गई और इसका खर्चा विश्व बैंक से आना है ।

पहले इस कार्य को पूरा करने का लक्ष्य 24–9–99 रखा गया था, फिर इसे घटाकर निश्चित अवधि से पहले दिनांक 30–6–99 तक कर दिया जाएगा ।

हथनी कुण्ड बैराज के लिए वांछित भूमि हरियाणा में एवं उत्तर प्रदेश राज्यों से अधिग्रहण कर ली गई है तथा उसका मुआवजा दे दिया गया है । इसका नमुना एवं निर्माण प्रारूप केन्द्रीय जल संसाधन आयोग द्वारा तैयार किया गया है । मार्च 1997 तक कार्यों तथा स्थापना का खर्च 35.317 करोड़ रुपये है ।

(14–10–97)

7–3–96

88. तारांकित प्रश्न संख्या 1252 के संदर्भ में सूरज मल द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"अध्यक्ष महोदय, दामोदर में 3,379 फुट की सफाई करवाई है । उस चैनल की कितनी लैंथ है यह तो मुझे पता नहीं है अगर

क्रम संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	महोदय, मन्त्री जी यह बताएं कि क्या दामोदर और बहदुरगढ़ में (माईनर्ज की) सफाई हो चुकी है।	यह चैनल 50 आर0 डी0 तक है तो हमने 30 आर0 डी0 तक इसकी सफाई करवाई है । जहां तक दामोदर (माईनर) पैसे के बारे में कहा है,		
	अध्यक्ष महोदय, वहां पर कोई सफाई नहीं हुई है। वहां पर घास उगी हुई है। इस सब के बावजूद वहां पर पेमैंट की गई है। जब वहां पर सफाई ही नहीं हुई है तो पेमैंट किस चीज की है। * * * *	उसको हम चैक करवा लेंगे । * * * इसको भी चैक करवा लेंगे ।		
	"अध्यक्ष महोदय, दामोदर माईनर बिल्कुल टूट गई है, वहां पर घास भी बहुत है । वह माईनर ही नहीं लगती है ।"			
		7—3—96		
89.	तारांकित प्रश्न सं0 1252 के संदर्भ में श्री धीर चन्द द्वारा	स्पीकर सर, पिछले साल भी इस रंगोई नाले को स्ट्रैंथन किया गया है । यह भी		

पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—

"मैं आपके द्वारा मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि जाखल के पास और रतिया के साथ साथ जो घग्गर नदी चलती है, उसके पास एक रंगोई नाला है जो कि हर साल 15–16 गांवों को तबाह करता है। क्या सरकार इस नाले की भी पूरी खुदाई करवाने का प्रबन्ध करेगी ताकि जो 15–16 गांव हर साल इसकी वजह से डूबते हैं और वहां पर फसल नष्ट हो जाती है, वह न हो सके।"

एक डिस्ट्रीब्यूटरी है। यह एक तरफ से आकर घग्गर नदी में गिर जाती है तथा जो वहां पर बीच में गांव हैं, उनमें इसकी वजह से दिक्कत आती है। सरकार इनकी इस दिक्कत को भी हल करेगी।

8-3-96

90\. तारांकित प्रश्न सं0 1287 के संदर्भ में श्री. मनीराम केहरवाला द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न —"स्पीकर सर, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि ऐलनाबाद हल्के में दो नहरें हैं। एक तो घोरां

स्पीकर सर, वे खाल शुरु करने का प्रावधान है और कोई विशेष बात हो तो उसको भी हल करेंगे। वे दोनों नहरें एक ही टाईम चलती हैं। एक ही मौके पर डबल की जरुरत है, फल्ड का पानी जिस पर कार्यवाही करेंगे। तो उसके मुताबिक समय चलाता है तो उस समय दूसरी

क्रम संख्या		दिनांक/आश्वासन ...	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	वाली डिस्ट्रीब्यूटरी है और एक शेरां वाली पैरेलल है। दोनों नहरों के एरिया में लगभग 50 गांवों का रकबा पड़ता। वह राजस्थान के साथ लगता है रेगिस्तानी इलाका है। उसमें चाहे पोलिसी ही चेंज करनी पड़े, क्या डबल पोलिसी ही चेंज करनी पड़े क्या डबल खाल बनाने की कोई स्कीम सरकार के विचाराधीन है ? * * * * अध्यक्ष महोदय, डबल से मेरा अभिप्राय उसकी कैपेसिटी डबल करने से था ताकि दोनों नहरों का पानी खालों में समा सके। क्योंकि वह रेगिस्तानी एरिया है और वहां बड़ी भारी दिक्कत है। इसलिए मैं चाहूंगा कि वे खाल	नहर बंद होती हैं। तो मैं कहना चाहूंगा कि इसको हल करने की पूरी कोशिश करेंगे।		

बनाने शुरु किए जाएं।"

91. राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान मुख्य मंत्री श्री बंसी लाल द्वारा दिया गया उत्तर।	24-5-96 **** लेकिन जो चौधरी भजन लाल जी ने सदन में बताया उसके हिसाब से लगता है कि सरकार सुप्रीम कोर्ट में ठीक गई। हम उस केस को परसु करेंगे और दूसरी तरफ साथ ही साथ हम पंजाब की सरकार से भी बात करेंगे। **** इसी तरह गंगा का पानी है, उसको लाने के लिए, केस को री-ओपन करवाकर हमारी भरसक कोशिश होगी कि गंगा का पानी लायें।	हरियाणा सरकार ने 25-11-95 को सुप्रीम कोर्ट में यह केस दायर किया था। परन्तु यह केश सुप्रीम कोर्ट ने इसलिए वापिस कर दिया कि इसमें 80 सी0पी0सी0 के अन्तर्गत वांछित नोटिस नहीं दिये गये थे। यह मुकद्दमा आवश्यक कार्यवाही के उपरान्त दोबारा 6-9-1996 को सुप्रीम कोर्ट में दायर कर दिया गया है और तत्परता से इसकी पैरवी की जा रही है। हरियाणा द्वारा हरिद्वार से इन्द्री तक गंगा का बाढ़ का पानी लाने का प्रस्ताव केन्द्रीय सरकार द्वारा, ऐसा पानी उचित मात्रा में न उपलब्ध होने के कारण अस्वीकार कर दिया गया। तथापि, एक और प्रस्ताव का सर्वेक्षण भारत सरकार द्वारा किया गया है, जिसके द्वारा शारदा नदी का "सरपलस" पानी उत्तर प्रदेश से पानीपत के समीप	(कमेटी इस मामले की नवीनतम स्थिति जानना चाहती है) (25-11-97)

Latest Position.

क्रम संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			यमुना नदी में लाया जा सकेगा। हरियाणा ने भारत सरकार से प्रार्थना की है कि 9,000 क्यूसिक क्षमता की इस शारदा यमुना लिंक परियोजना पर शीघ्र कार्यवाही की जाये। (14–10–97)	
92.	श्री सत नारायण लाठर द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 44 के उत्तर में–क्या मुख्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या पश्चिमी यमुना नहर की सुन्दर ब्रांच से निकलने वाली रामकली से बहलपुर माईनर की खुदाई करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उक्त माईनर की खुदाई कब तक किए जाने की संभावना है।	18–11–96 ** हां। परियोजना तैयारी के स्तर पर है। सरकार की स्वीकृति के उपरान्त ही समय सारणी दर्शाई/बताई जा सकती है।		

93.	श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 145 के उत्तर में—क्या मुख्य मन्त्री कृपया बताएंगे कि क्या भाखड़ा मेन लाईन से धमतान राजवाहा (नरवाना-निर्वाचन क्षेत्र) तक उपरोक्त रजवाहा की क्षमता के संवर्धन के लिए नई योजक माईनर का निर्माण करने तथा कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है, यदि हां, तो इस का निर्माण कब तक किए जाने/पूरा होने की संभावना है ?	18-11-96 ** इस स्कीम की तकनीकी सुगमता की जांच कराई जा रही है।
94.	श्री नफे सिंह राठी द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 54 के उत्तर में क्या मुख्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या बहादुरगढ़ शहर को पीने का पानी उपलब्ध कराने के लिए गुड़गांव जल सेवा नहर से एक माईनर निकालने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो	19-11-96 जी हां, यह कार्य जून 1998 तक पूरा किए जाने की सम्भावना है।

F.O. 6/3/99

F.O. 15/3/99

Latest Position

क्रम संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	इसका निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है ?			
95.	श्री भागी राम द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 82 के उत्तर में क्या मुख्य मन्त्री कृपया बताएंगे कि— (क) क्या यह तथ्य है कि जिला सिरसा में ओटु झील में गाद भर गई है; तथा (ख) यदि हां, तो क्या पूर्वोक्त झील से गाद निकालने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ?	21-11-96 (क) जी हां । (ख) जी हां, ओटु झील से गाद निकाले जाने सम्बन्धी प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ।	Dropped on 15/3/95	
96.	कैप्टन अजय सिंह द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 4 के उत्तर में क्या मुख्य मन्त्री	21-11-96 (क) जी हां । (ख) जे0एल0एन0 उठान नहर के कुछ पम्प 30-11-96 तक कार्य करने		

कृपया बताएंगे कि— (क) क्या यह तथ्य है कि जे0 एल0 एन0 उठान नहर तथा महेन्द्रगढ़ उठान नहर के पम्प अपनी मूल क्षमता के अनुरूप पानी नहीं निकाल रहे हैं तथा तुरन्त मुरम्मत । बदलने की आवश्यकता है; तथा (ख) यदि हां, तो ऊपर यथानिर्दिष्ट पम्पों को कब तक मुरम्मत करने/बदले जाने की सम्भावना है ?	योग्य बना दिए जाएंगे । जे0 एल0 एन0 उठान नहर/महेन्द्रगढ़ नहर सिस्टम के बाकि पम्पों की भी, जिनकी ज्यादा मरम्मत होनी है या तबदीली होनी है, फण्ड मिलने के आधार पर 31-3-98 तक कर दी जाएगी ।

21-11-96

97. श्री कैलाश चन्द्र शर्मा द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 9 के उत्तर में क्या मुख्य मन्त्री कृपया बताएंगे कि—	(क) जी हां ।
(क) क्या यह तथ्य है कि जिला महेन्द्रगढ़ के नवलपुर रजवाह का पानी निम्न—	(ख) गांव नवलपुर रजवाह के अन्तिम छोर पर स्थित है । पम्प घर नं0 6, 7 और 8 इन पम्प घरों को अभी तक बिजली नहीं मिली है । मास अक्तूबर 1996 के दौरान इन पम्प घरों को बिजली देने के लिए

क्रम संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	लिखित गांवों में अन्तिम छोर तक नहीं पहुंचता है:— 1. सिरोही 2. मोहनपुर 3. ब्रहामणवास खेता 4. बनिहाड़ी 5. नायन 6. थनवास 7. नागल सोडा 8. आसरावास 9. नियामतपुर 10. मोरूण्ड 11. गोठड़ी 12. नागल नूनिया 13. अमरपुर 14. बूडवाल 15. रायमलिकपुर आदि; तथा, (ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं? उपरोक्त गांवों के अन्तिम छोर तक पानी पहुंचाने के लिए क्या पग उठाए गए या उठाए जाने प्रस्तावित हैं?	हरियाणा राज्य बिजली बोर्ड को 72.67 लाख रुपए दिए गए हैं। जिन नहरों का अन्तिम छोर इन गांवों में पड़ता है। पम्प घरों को बिजली मिलने पर वहां पानी पहुंचने लगेगा।		

20-11-96

98.	श्री राम पाल माजरा द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न सं0 12—क्या मुख्य मन्त्री कृपया बताएंगे कि—	वर्ष 1997-98 के दौरान विश्व बैंक के अन्तर्गत हरियाणा जल संसाधन समूचीकरण परियोजना में ड्रेन की क्षमता पुनः प्राप्त करने का एक प्रस्ताव है।
	(क) क्या यह तथ्य है किसान ड्रेन अपनी क्षमता के अनुसार पानी नहीं छोड़ रही है; यदि हां, तो उसके क्या कारण है; तथा	
	(ख) क्या उक्त ड्रेन की तरमीम करने/उसे फिर से बनाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उक्त प्रस्ताव को कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है ?	

19-3-97

99.	तारांकित प्रश्न सं0 319 के संदर्भ में श्री विजेन्द्र सिंह कादियान द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न :—	"अध्यक्ष महोदय, पानीपत शुगर मिल सबसे पुराना मिल है इसको बने हुए 40 साल हो गए है उस मिल की इतनी पिराई की क्षमता नहीं है जितनी आज होनी चाहिए इसलिए

क्रम संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	"अध्यक्ष महोदय, पानीपत की शुगर मिल का जो घाटे का कारण है, उसके बारे में मैं मंत्री महोदय, से जानना चाहता हूं। पिछले वर्षों में यह शुगर मिल बहुत घाटे में रही है"	पानीपत शुगर मिल को शिफ्ट करने का प्रोग्राम है। गोहाना वाली शुगर मिल की गवर्नमेंट आफ इंडिया से रिकमैन्डेशन आ गई है। पानीपत की शुगर मिल की भी जल्दी ही वहां से रिकमैन्डेशन आ जाएगी और इनको शिफ्ट किया जाएगा।"		
		19-3-97		
100.	तारांकित प्रश्न सं० 319 के संदर्भ में श्री बलबीर सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न :— "अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मुख्य मंत्री जी को बताना चाहता हूं कि जिस सीजन में मिल चालू हुआ उसमें बायलर की एक ट्यूब 90 रुपये की पड़ती है। (विघ्न) * * * इसका ठेका 450 रुपये प्रति ट्यूब के हिसाब	"इसकी पूरी जांच करा देंगे।"	Relate to Co-Operation Dropped 18/5/99	

से दिया गया । यह रिकार्ड की बात है । 705 ट्यूब डाले गए हैं । यह ठेका चन्द्र पाल सिंह ने लिया है और उसने दूसरे आदमी को 90 रुपए में यह ठेका दिया ।"

101.	तारांकित प्रश्न संख्या 199 के संदर्भ में श्री देव राज दीवान द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न: "*** मुख्य मन्त्री महोदय ने अपने जवाब में कहा है कि गांव बड़वाली अफैक्टिड नहीं है, बात ठीक नहीं है । मैं बताना चाहता हूं कि यह गांव अफैक्टिड है । कई सालों से किसानों को परेशानियां हो रही हैं और काफी नुकसान हो रहा है । इसलिए मेरी प्रार्थना है कि यह काम जल्दी से जल्दी बरसात से पहले पूरा करवाने की कृपा करें।	13-3-97 अध्यक्ष महोदय, मैंने अभी बताया कि इस समस्या का समाधान परमानैंट पम्प लगा कर किया जाएगा ताकि पानी को नहर में डाला जा सके । इसके साथ-साथ हम यह बात भी सोच रहे हैं कि इसके ऊपर तक शैलो ट्यूबवैल लगा कर उस पानी को निकालें । मेरे ख्याल से इसके बाद इनकी समस्या का समाधान हो जाएगा । हम इस पर कार्य कर रहे हैं और यह बरसात के मौसम से पहले कर देंगे ।
102.	तारांकित प्रश्न संख्या 199 के संदर्भ में श्री जगबीर सिंह मलिक	13-3-97 अध्यक्ष महोदय, यह बात ठीक है कि सोनीपत, रोहतक जिलों में नहरों के साथ-साथ कुछ

Dropped on 13/5/95

क्रम संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : "अध्यक्ष महोदय, मेरे गोहाना हल्के में, जे0एल0एन0 नहर के पानी से, शेकड़ी, खेड़ी, रीठस, खारी इत्यादि गांवों में 6-6 एकड़ जमीन में सीपेज आ गई है और परिणामस्वरूप वह जमीन खराब हो गई है । इसलिए इस समस्या का समाधान डिच ड्रेन बनाने से ही हो सकता है । इसलिए मेरी आपसे प्रार्थना है कि इसको कब तक हल करवाएंगे ?"	ऐसे गांव हैं जहां नहरों के दोनों तरफ कहीं एक एकड़, कहीं दो एकड़ व कहीं चार एकड़ जमीन में पानी आ जाता है । इनके लिए या तो डिच ड्रेन बनाएंगे या शैलो ट्यूबवैल लगाएंगे, मेरा मतलब है कि कोई तरीका निकालेंगे, जिससे किसानों की जमीन खराब न हो और किसान अपनी फसल काश्त कर सकें ।		
103.	श्री राम फल कुन्डु द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न सं0 416---- क्या मुख्य मन्त्री कृपया बताएंगे कि क्या सफीदों ड्रेन तथा सफीदों डिच ड्रेन की गाद निकालने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ?	14-3-97 हां, श्रीमान जी । सफीदों ड्रेन तथा सफीदों डिच ड्रेन की गाद निकालने के अनुमान तैयार किए जा रहे हैं । इन कार्यों पर लगभग पांच लाख रुपये खर्च होंगे और यह कार्य जून, 1997 से पहले पूरे कर दिए जावेंगे ।	Dropped 13/5/99	

		17-3-97
104.	श्री राम पाल माजरा द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न सं0 398— "क्या मुख्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या जिला कैथल में निम्नलिखित ड्रेनों की खुदाई करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन हैं : (i) किछाना ड्रेन ; तथा (ii) नई कसान ड्रेन ?	जी हां, जिला कैथल में निम्नलिखित ड्रेनों को खोदने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है : (i) किछाना ड्रेन ; (ii) सोंगल ड्रेन (नई कसान ड्रेन के स्थान पर) जो गांव कसान को जोड़ती है। धन राशि के उपलब्ध होने पर वर्ष 1998-99 के दौरान इस पर कार्य करने की योजना है।
		17-3-97
105.	श्री रामफल कुण्डु द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न सं0 419— "क्या मुख्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या जिला जीन्द में कालवा किनाना ड्रेन की खुदाई करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ; यदि हां, तो इसकी खुदाई कब तक किये जाने की संभावना है ?"	जिला जीन्द के कालवा-किनाना ड्रेन लगभग 177.00 लाख रुपये की लागत की एक स्कीम है। इस स्कीम पर वित्तीय वर्ष 1998-99 में निधि की उपलब्धता पर कार्य शुरू किए जाने की संभावना है।

क्रम संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
106.	श्री श्रीकृष्ण हुड्डा द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न सं0 336— "क्या मुख्य मंत्री कृपया बताएंगे कि— (क) क्या बोहर से बलियाना तक ड्रेन खोदने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा (ख) यदि हां, तो पूर्वोक्त प्रस्ताव को कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है ?"	18-3-97 (क) हां, श्रीमान जी । (ख) आने वाले बरसाती मौसम से पहले इस कार्य के पूरा होने की सम्भावना है ।	F O 29/6/99	
107.	श्री रामफल कुण्डु द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न सं0 417— "क्या मुख्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या सफीदों ड्रेन को गांव छापर से इसकी टेल तक खुदाई करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ?	18-3-97 सफीदों ड्रेन पहले से ही बनी हुई है और छापर गांव से गुजरती है । इस ड्रेन को गहरा ~~करने~~ तथा गाद निकालने का प्रस्ताव है और इस बारे में अनुमान तैयार किया जा रहा है । इस पर 30-6-97 से पहले कार्य पूरा कर लिया जाएगा ।	Dropped on 13/5/95	

108\. तारांकित प्रश्न सं0 418 के संदर्भ में श्री रामफल कुण्डु द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न— "अध्यक्ष महोदय, मैं मुख्य मन्त्री जी के ध्यान में यह बात लाना चाहता हूं कि हाड़वा गांगोली लिंक ड्रेन पड़ाना ड्रेन में जाकर मिलती है लेकिन पड़ाना ड्रेन में मिलने से पहले गांगोली गांव के पास जो खरक, गागर, हाड़वा गांव लगते है वहां पर गंगोली, और उन गांव के एरिया के बीच में उसकी खुदाई नहीं की गई है। उस ड्रेन का कुछ हिस्सा वहां पर ऊंचा है। उसकी वहां से खुदाई न करने के कारण पानी पीछे रुका रहता है। मैं मुख्य मन्त्री जी से जानना चाहूंगा कि उस नहर का पिछले साल गाद निकालने पर कितना पैसा खर्च किया गया था।

"अध्यक्ष महोदय, पिछले साल का रिकार्ड तो इस समय मेरे पास नहीं है कि उस ड्रेन की गाद निकालने पर कितना पैसा खर्च किया गया। हम उसकी खुदाई कराएंगे ताकि जो पानी उल्टा बहता है वह आगे जाये उस का लैवल मिलाने के लिए ही उसकी डिसिल्टिंग और खुदाई की जाएगी। अगर वहां पर और ज्यादा गड़बड़ मिलेगी तो हम उसको भी ठीक कराएंगे। 30 जून से पहले उस ड्रेन के पानी को आगे चलाने का काम कम्पलीट हो जाएगा।"

F-6 / 13/5/21

क्रम संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	* * * * मैंने उस ड्रेन के बारे में रिटन में भी दिया था और महकमें वालों से रिक्वेस्ट भी की थी कि आप उस ड्रेन की खुदाई करा दें ताकि पानी आगे जा सके लेकिन महकमे वाले कहते हैं कि अगर हम इसकी खुदाई करते हैं तो इसका लैवल पड़ाना ड्रेन के साथ नहीं मिलता है।"			
		23-7-97		
109.	तारांकित प्रश्न संख्या 430 के संदर्भ में श्री अनिल विज द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"अध्यक्ष महोदय, महेश नगर, गोविन्द नगर तथा इसके साथ लगते क्षेत्रों से गुजरने वाली ड्रेन के कारण अम्बाला छावनी में बाढ़ आती है जिससे	अध्यक्ष महोदय, जैसा कि विज साहब ने बताया, इससे तीन हिस्से बनते हैं, एक हिस्सा आर0 डी0 से आर0 डी0 2200 तक प्राईवेट जमीन में बनाना है। प्राईवेट जमीन वाले वहां पर खुदाई करने नहीं दे रहे हैं। इसलिए हम जमीन एक्वायर करने जा रहे हैं। दूसरे, यह आर0 डी0 2000 से 6000 तक पक्की होती है।	FG 29/6/95	

सारा शहर बाढ़ के पानी में डूबा रहता है। इस के बारे में जो स्टेटमैंट पेश की गई है यह स्टेटमैंट एप्रोप्रिएट है। मैं समझता हूं कि यह स्टेटमैंट तीन पार्टस में दी गई है। अगर तीनों प्रोपोजल्ज पर काम पूरा हो जाए तो अम्बाला छावनी हरियाणा में एक "फ्लड फ्री" शहर घोषित किया जा सकता है। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मुख्य मंत्री महोदय से यह जानना चाहता हूं कि इन तीनों प्रोपोजल्ज को एग्जीक्यूट करने के लिए क्या वित्तीय वर्ष में कुछ फंड का प्रावधान किया गया है ?"

तीसरे, आर0 डी0 6000 से 15000 तक पहले ही प्लान की जा चुकी है और फिर इससे आगे आर0 डी0 26000 तक लिंक नहर बनेगी फिर उस लिंक ड्रेन से ऊपर नम्बर 3 स्कीम एग्जीक्यूट की जाएगी। जो यह 2200 मीटर में यूनिट लगा हुआ है, यहां पर एक लिफ्ट भी लगेगी। इन सब स्कीमों को मिलाकर कुल 65 लाख रुपए खर्च होंगे। तथा इन तीनों स्कीमों का कार्य जून, 1998 तक कम्पलीट हो जाएगा (थंपिंग)

21-1-98

110. श्री देव राज दीवान द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न सं0 464—

क्या सिंचाई राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या गांव बड़वासनी, दिल्ली ब्रांच की आर0 डी0 2,08,000 पर स्थित है और एक पशु घाट पहले ही इस स्थान पर बना हुआ है। लेकिन गांव वासियों ने दूसरा पशु घाट बनाने की मांग की है क्योंकि गांव

Dropped on 13/5/98

क्रम संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	जिला सोनीपत में गांव बड़वासनी तथा माहरा में "पशु घाटों" का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ?	में पशुओं की संख्या बढ़ गई है । इस पशु घाट को बढ़ाने का प्रस्ताव वर्ष 1998–99 में बनाने के लिए विचाराधीन है । * * * * * * * * * * * ।		
		21–1–98		
111.	तारांकित प्रश्न संख्या 464 के संदर्भ में "श्री जगदीश नैय्यर द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न— "अध्यक्ष महोदय, मेरे हल्के हसनपुर में हसनपुर रजबाहे की सरकार ने अच्छी तरह से खुदाई करवाई है परन्तु उसका छोटा सा टुकड़ा रह गया है जोकि एक किलोमीटर के करीब है । मैं	अध्यक्ष महोदय, हसनपुर माईनर की खुदाई का काम अभी भी चल रहा है वह खत्म नहीं हुआ है और मैं अपने साथी को बताना चाहता हूं कि वह एक किलोमीटर का टुकड़ा 31 मार्च तक पूरा हो जाएगा ।	Dropped on 14/5/95	

	मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि इस एक किलोमीटर के टुकड़े की खुदाई कब तक पूरी हो जाएगी ?	
		21-1-98
112.	श्री राम फल कुण्डु द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न सं0 523—	हां, श्री मान जी, हाड़वा गंगोली लिंक ड्रेन तथा पड़ाना ड्रेन को चौड़ा करने की योजना बनाई गई है। योजना स्वीकृत होने के बाद व धन उपलब्ध होने पर वर्ष 1998 में कार्यान्वित की जाएगी।
	क्या सिंचाई राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या हाड़वा गंगोली तथा पड़ाना ड्रेनों को चौड़ा (दुगुना) करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इस प्रस्ताव को कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है ?	
		21-1-98
113.	तारांकित प्रश्न संख्या 523 के संदर्भ में श्री रामफल कुण्डु द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—	अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय साथी को बताना चाहता हूं कि बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र 11 वर्ग मील से बढ़कर 22.24 वर्गमील हो गया है। यह बढ़ोतरी सफीदों हल्के के गांव होशियारपुर, मलहार, रोजला, कला-वती, कालवा, भुटाना, खरक नागर, राम-नगर, हाड़वा, गंगोली, शामखेड़ा, मौरगी
	अध्यक्ष महोदय, मंत्री जी कह रहे हैं कि एक करोड़ 25 लाख	

क्रम संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	की योजना बनाने जा रहे हैं। मैं कहना चाहता हूं कि योजनाएं तो बन जाती हैं लेकिन कार्य कुछ होता नहीं है। वास्तव में अगर वहां पर एक लाख रुपए भी लग जाता तो यह समस्या नहीं आनी थी। न वहां पर पाइप हैं, न खुदाई का ही काम हुआ है और न ही पुल हैं, कहीं पर भी साईफन नहीं है अगर छोटी-छोटी ड्रेनज भी बना दी जाएं तो यह समस्या नहीं रहेगी। सर, करोड़ों रुपए की स्कीम तो बना दी जाती है लेकिन वास्तव में कुछ भी कार्य नहीं होता है।"	इत्यादि के क्षेत्र मिलकर हुई।* * * * * * * मैं माननीय सदस्य को बताना चाहता हूं कि इनकी जो मांग है, उससे भी आगे बढ़कर हमने इंजीनियरों से सर्वेक्षण करवाया है, जिसके अनुसार उन गांवों में जो कि मैंने अभी-अभी बताए हैं, उनकी इस तरह की समस्याएं धन उपलब्ध होने पर वर्ष 1998-99 में दूर कर दी जाएंगी।		
		21-1-98		
114.	श्री रामफल कुण्डु द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न सं0 524--	जिला जीन्द की नई नाला ड्रेन से गाद निकालने की योजना सरकार के विचाराधीन है तथा धन की उपलब्धि पर यह		

	क्या सिचाई राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या जिला जीन्द की नई नाला ड्रेन से गाद निकालने का कोई प्रस्ताव सरकार के बिचाराधीन है; यदि हां, तो इसकी गाद कब तक निकाले जाने की संभावना है ?	कार्य जून, 1998 से पूर्व पूरा कर लिया जाएगा ।

21–1–98

115.	राज्यपाल महोदय के अभिभाषण के संदर्भ में हुई चर्चा के दौरान श्री. बीरेन्द्र पाल अहलावत द्वारा पूछा गया प्रश्न— "* * * * * * * *। रही मेरे अपने हल्के की बात तो उसके बार में यह बताना चाहता हूं कि सिंचाई के मामले में हमारी जो जे. एल. एन. कैनाल है उसके साथ ही साथ डिच ड्रेन खोदी गई है और बाकरा गांव के पास उसकी बुर्जी नं. 230 के साथ लगती हुई जो पुलिया	अध्यक्ष महोदय, वीरेन्द्र पाल जी इससे पूर्व इस तरह की कोई जानकारी हमारे समक्ष नहीं लाए। आज इस बात को बता रहे हैं। हम इसे चैक करा लेंगे ।

क्रम संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	बेरी कलानौर की है वहां जो मोगा है वह इसलिए बंद पड़ा है क्योंकि वहां न तो कोई पाइप लगाई गई है न पुलिया बनाई गई है और अब वहां पर लोगों के लिए गेहूं में पानी देने के लिए कोई व्यवस्था नहीं है जबकि उसमें दो गांवों बेरी और बाकरा की ज़मीन लगती है। वहां के लोग कई बार दफ्तरों में जाकर प्रार्थना कर चुके हैं लेकिन आज तक नहीं खोला गया है।"			

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

ELECTRICITY DEPARTMENT

Note :—In case an assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्रम संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई/कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
116.	राज्य में सूखे से उत्पन्न स्थिति से सम्बन्धित नियम 84 के अधीन प्रस्ताव पर चर्चा के उत्तर में— एग्रीमैंट हो रहा है। अध्यक्ष महोदय, यह काम जल्दी शुरू होने वाला हैं। पत्थर रखा गया है। एक इन्होंने हिसार व फरीदाबाद के बारे में भी कहा। उसका बाकायदा एम0 ओ0 यू0 साईन हो गया है। उस पर भी एग्रीमैंट बहुत जल्दी होने वाला है। इसी तरह से इन्होंने फरीदाबाद गैस बेस्ड प्रोजैक्ट का भी जिक्र किया। इसको जापान गवर्नमैंट बनाएगी। तकरीबन सारा	31-8-93 यमुनानगर के अन्दर थर्मल प्लांट लगाने के बारे में बाहर की कम्पनियों के साथ नैगोसिएशन हुआ, कुछ कंडीशंज के साथ नैगोसिएशन चला। काम शुरू हो रहा है। आफ कम्पनीज इजराइल का सदस्य) के मध्य 18-1-96 को हस्ताक्षर हुआ था, का वित्तीय क्लोज 1 जुलाई, 1996 तक पूरा करना था जो यू0डी0आई0 न कर पाई तथा पी0पी0ए0 रद्द कर दिया गया। अब इस प्रोजैक्ट को अन्तर्राष्ट्रीय निविदाओं द्वारा निर्माण प्रस्तावित है। टैक्नीकल, वित्तीय तथा लीगल सलाहकार नियुक्त करने का कार्य जारी है। हिसार थर्मल पावर प्रोजैक्ट (4 × 250)।	इस प्रोजैक्ट का निर्माण कार्य अन्तर्राष्ट्रीय निविदाओं द्वारा करना प्रस्तावित है। टैकनीकल, वित्तीय तथा लीगल सलाहकार नियुक्त करने की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। हिसार थर्मल पावर प्रोजैक्ट (4 × 250) हरियाणा सरकार ने इस प्रोजैक्ट को (आई0सी0वी0 रुट) अंतर्राष्ट्रीय निविदाओं द्वारा निर्माण करने की अनुमति दे दी है। अंतर्राष्ट्रीय तकनीकी, वित्तीय तथा लीगल सलाहकार नियुक्त करने की भी अनुमति मिल गई है तथा इसकी नियुक्तियों का कार्य चल रहा है। भूमि अधिग्रहण करने की प्रक्रिया चल रही है।	The Committee would like to know the latest position in this regard. (10-11-98)

मामला तय हो चुका है और काम शुरु होने जा रहा है।

हरियाणा सरकार ने इस प्रोजैक्ट को (आई0 सी0 बी0 स्ट) अन्तर्राष्ट्रीय निविदाओं द्वारा निर्माण करने की अनुमति दे दी है। अन्तर्राष्ट्रीय तकनीकी, वित्तीय तथा लीगल सलाहकार नियुक्त करने की भी अनुमति मिल गई है तथा इसकी नियुक्तियों का कार्य चल रहा है। भूमि अधिग्रहण करने की प्रक्रिया चल रही है।

फरीदाबाद (गैस बेसड) थर्मल पावर प्रोजैक्ट (400 मैगा0) एन0टी0पी0सी0 तथा ह0रा0 बि0 बोर्ड के मध्य पावर परचेज एग्रीमैंट हो चुका है। सारी बिजली हरियाणा को मिलेगी। अक्तूबर 1996 में 337 एकड़ भूमि अधिग्रहण करके एन0 टी0 पी0 सी0 को दे दी है। यह प्रोजैक्ट जापान की वित्तीय सहायता से बनाया जा रहा है। प्रोजैक्ट को शुरु करने के लिए केबिनेट कमेटी आफ इकोनोमिक अफेयरस (सी0 सी0 ई0 ए0) की अनुमति हाल में मिली है। राष्ट्रीय ताप निगम प्रोजैक्ट पर जल्दी कार्य आरम्भ कर रहे हैं।

लेटेस्ट पोजीशन—4/98

432 मैगावाट फरीदाबाद गैस बेस्ड प्रोजैक्ट का निर्माण राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम द्वारा 1163 करोड़ रुपए की लागत से किया जा रहा है तथा इसका शिलान्यास प्रधानमंत्री द्वारा 3-8-97 को किया गया था। प्रोजैक्ट अनुसार प्रथम इकाई जनवरी 2000 में तथा तीसरी इकाई जनवरी 2001 में चालू होना संभावित है। प्रोजैक्ट पर कार्य चल रहा है।

(24-7-98)

क्र0 सं0	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
117.	श्री सतबीर सिंह कादियान द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न सं0 706–क्या बिजली मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि पानीपत थर्मल संयंत्र से निकली राख तथा कोयले के उड़ने से वातावरण में प्रदूषण होता है तथा क्षेत्र के साथ लगते गांवों को प्रभावित करता है; यदि ऐसा है, तो उक्त प्रदूषण को रोकने के लिए क्या पग उठाए गए या उठाए जाने प्रस्तावित हैं ?	4–3–94 हां श्रीमान जी उड़ने वाली राख के कारण होने वाले प्रदूषण को रोकने के लिए इलैक्ट्रोस्टेटिक प्रेसीपीटेटरज संशोधन किया जा रहा है । इसके अतिरिक्त कोयले की धूल को दबाने तथा निकालने के सिस्टम (प्रणाली) को प्रभावी बनाया जा रहा है ।	समिति 20-9-97 को मौके पर जा कर निरीक्षण कर चुकी है । लेटैस्ट पोजीशन–4/98 पानीपत थर्मल में इलैक्ट्रोस्टेटिक प्रेसीपीटेटरण (ई0एस0पी0) लगाने का कार्य चल रहा है । यूनिट–1 का ई0एस0पी0 अगस्त, 98 में तथा यूनिट–2 का नवम्बर 98 में चालू होना संभावित है । यूनिट–3, 4 व 5 में ई0एस0पी0 भली भांति कार्य कर रहे हैं । (24–7–98)	कमेटी इस बारे में ताजा स्थिति जानना चाहती है । (10-11-98)

		9–3–95		
118.	तारांकित प्रश्न संख्या 1018 के संदर्भ में श्री जहरी सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न– "अध्यक्ष महोदय, जैसा कि मंत्री जी ने बताया कि (ट्यूबवैल कनैक्शन्ज अंडर मनी-डिपाजिट स्कीम के तहत) 31 मार्च, 1995 तक कनैक्शन दे दिए जाएंगे। इसमें जिन्होंने सैल्फ फाईनैंस स्कीम से पहले पैसे जमा करवा दिए थे और उसके बाद में रेट बढ़ गए थे तो क्या उनको उसी अमाऊंट में कंसीडर किया जाएगा ? मंत्री जी इस बारे में हमें बताएं ?"	अध्यक्ष महोदय, सैल्फ फाईनैंस स्कीम दो महीने के लिए थी और उसके पहले स्कीम और थी। वह बन्द कर दी गई। इसके तहत 3200 के करीब मैंने एप्लीकेशन्ज बतायी है, हम पहले इनके कनैक्शन देंगे।	31–12–1995 तक सभी कनैक्शन दे दिए गए थे। (28–10–97)	आश्वासन पैंडिंग रखा गया। (28–10–97)
		13–3–95		
119.	श्री कर्ण सिंह दलाल द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 1072– (क) क्या पलवल उप-मण्डल में ताप-बिजली संयत्र स्थापित	(क) हां, श्रीमान जी। (ख) वर्तमान समय में वैधानिक स्वीकृति और वित्तीय संसाधनों को अन्तिम रूप दिया जा रहा है इसके	पलवल थर्मल पावर प्रोजैक्ट (4×250 मैगावाट) के लिए जगह की क्लीयरेंस सी0ई0 ए0 (सैन्ट्रल ईलैक्ट्रोसिटी अथारिटी) से प्राप्त कर ली है। भारतीय रेल विभाग से रेलवे	कमेटी इस बारे में ताजा स्थिति जानना चाहती है। (10–11–98)

क्र0 सं0	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा (ख) यदि हां, तो इसको कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है?	पश्चात निर्माण अनुसूची को अन्तिम रूप दिया जाएगा । 20-11-96	साईडिंग की क्लीयरेंस, चिमनी की नेशनल एयरपोर्ट अथारिटी से, एन0ओ0सी0 भूमि अधिग्रहण के लिए डी0सी0 फरीदाबाद से प्राप्त हो चुकी है । इलैक्ट्रिक सप्लाई एक्ट, 1946 के अधिनियम 29 के तहत नोटीफिकेशन भी हो चुकी है । पर्यावरण तथा वन मंत्रालय तथा हरियाणा प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड से क्लीयरेंस हो चुकी है । आगरा नहर से पानी प्राप्त करने के लिए बातचीत उच्च स्तर पर चल रही है । (24-7-98)	
120.	श्री बीरेन्द्र सिंह द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 104- क्या मुख्य मन्त्री कृपया बताएंगे	* * * * * * * * * * * यह परियोजना शुरू होने के बाद 3 वर्ष के दौरान चालू होना संभावित है ।	432 मैगावाट फरीदाबाद गैस बेस्ड प्रोजैक्ट का निर्माण राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम द्वारा 1163 करोड़	(समिति इस बारे में लेटेस्ट पोजीशन जानना

	कि ताप बिजली संयंत्र (गैस आधारित) फरीदाबाद के निर्माण की वर्तमान स्थिति क्या है ?		रुपए की लागत से किया जा रहा है तथा इसका शिलान्यास प्रधानमंत्री द्वारा 3–8–97 को किया गया था। प्रोजैक्ट अनुसार प्रथम इकाई जनवरी 2000 में तथा तीसरी इकाई जनवरी 2001 में चालू होना संभावित है। प्रोजैक्ट पर कार्य चल रहा है। (24–7–98)	चाहती है।) (6–10–98)
121.	श्री कृष्ण लाल द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न सं0 34- क्या मुख्य मन्त्री कृपया बताएंगे कि क्या पानीपत ताप बिजली संयंत्र में 210 मैगावाट की छठी बिजली उत्पादन इकाई स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उक्त इकाई का निर्माण कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना है;	20–11–96 * * * * * * * * कार्य को नये सिरे से शुरु करने के बाद इस परियोजना को पूर्ण करने में लगभग 3 वर्ष लगेंगे।	पानीपत ताप बिजली संयंत्र में 210 मैगावाट की छठी बिजली उत्पादन ईकाई के निर्माण के लिए हरियाणा राज्य बिजली बोर्ड, हरियाणा सरकार, तथा मै0 आई0 ई0 एस0 टी0 एल0, दिल्ली के ज्वाईंट उपक्रम से बनाने के लिए एम0 ओ0 यू0 11–6–97 को हस्ताक्षरित हुआ था, जिसकी अवधि 3 माह के लिए थी। मै0 आई0 ई0 एस0 टी0 एल0 ने अवधि 30–6–98 तक बढ़ाने की मांग की, जिसे सरकार ने प्रोजैक्ट के	(समिति इस बारे में नवीनतम स्थिति जानना चाहती है) (6–10–98)

क्र0 सं0	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			निर्माण में विलम्ब हेतु अनुमोदित नहीं किया। हरियाणा सरकार ने अपनी 2-2-98 की बैठक में निर्णय लिया कि इसे हरियाणा राज्य बिजली बोर्ड स्वयं बनाए । इस ईकाई के निर्माण पर अतिरिक्त 640 करोड़ रुपये खर्च होंगे तथा सन् 2000 में चालू होगी । 300 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता का प्रबन्ध पावर फाईनैंस कारपोरेशन से व 120 करोड़ का उधार मार्कीट बोर्ड से पुरानी देनदारी चुकता करने हेतु किया गया है । तथा बकाया राशि के प्रबन्ध की प्रकिया जारी है। (24-7-98)	
122.	श्री अशोक कुमार द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 168	21-11-96 (क) हां जी ।	लेटैस्ट पोजीसन--4/98 132 के.वी. सब स्टेशन पिपली	The Committee would like to know the latest position in this

के उत्तर में क्या मुख्य मन्त्री कृपया बताएंगे कि—

(क) क्या राज्य में, वर्ष 1996–97 के दौरान नया 132 के0वी0 सब-स्टेशन स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;

(ख) पिपली में कुरुक्षेत्र जिला की विद्युत प्रणाली सुधार परियोजना जिसमें कि ओवरसीज इकोनोमिक को-ओप्रेशन फण्ड (ओ0ई0सी0एफ0) के माध्यम से जापान सरकार द्वारा धन जुटाया जाना है, के अन्तर्गत एक 132 के0वी0 उपकेन्द्र के निर्माण किए जाने की योजना है। इस कार्य के निवतन के लिए निविदाएं आमन्त्रित की जा चुकी हैं।

(ख) क्या पिपली, जिला कुरुक्षेत्र में नया 132 के0 वी0 सब-स्टेशन स्थापित किया जाना प्रस्तावित है; तथा

(ग) इस उप केन्द्र का कार्य शुरु करने की तिथि से पूर्ण होने में लगभग 2 वर्ष का समय लगेगा।

(ग) यदि हां, तो ऊपर के भाग (ख) में यथानिदिष्ट उक्त सब-स्टेशन को कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है?

का निर्माण कार्य प्रगति पर है। सिविल वर्क्स चल रहे हैं। यह सब स्टेशन जापान सरकार की वित्त सहायता से दिसम्बर, 1999 तक पूरा होने की सम्भावना है।

(24–7–98)

regard.
(24-7-98)

Dropped on
10-3-99

क्र0 सं0	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		20-3-97		
123.	श्री देव राज दीवान द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न सं0 32---क्या मुख्य मंत्री कृपया बताएंगे कि--- (च) क्या यह तथ्य है कि राज्य में इस समय बिजली की भारी कमी है ; (ख) यदि हां, तो उक्त कमी को पूरा करने के लिए अब तक क्या पग उठाए गए हैं या उठाए जाने प्रस्तावित हैं ; तथा (ग) सोनीपत में 220 के0वी0 ग्रिड सब-स्टेशन के कब तक चालू किए जाने की संभावना है ?	(ग) 220 के.वी. उप मण्डल सोनीपत में कार्य प्रगति पर है तथा यह कार्य वर्ष 1998-99 के दौरान पूरा होना संभावित है ।	220 के.वी. सब-स्टेशन सोनीपत का निर्माण कार्य 31-5-1999 तक समाप्त होने की संभावना है । (29-10-98)	(समिति इस बारे में लेटैस्ट पोजीशन जानना चाहती) (29-12-98)

Dropped
10-3-99

124.	तारांकित प्रश्न सं0 420 के संदर्भ में श्री रामफल कुण्डु द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न— "अध्यक्ष महोदय, मुख्य मंत्री जी ने दो महीने पहले जीन्द में आश्वासन दिया था कि एक महीने के अन्दर-अन्दर यह सब–स्टेशन जीन्द जिले में 33 के0वी0 उपकेन्द्र सिवाना बनकर तैयार हो जाएगा लेकिन आज तक वहां एक भी आदमी काम पर नहीं लगा है। विगत 8-10 साल से वहां पर बिल्डिंग बनी पड़ी है और एक साल में वहां कोई पोल तक नहीं लगा और अगर कहीं पोल लगे थे तो उन पर तार नहीं खींचा गया तो किस तरीके से यह सब स्टेशन 1997–98 में पूरा हो जाएगा ?	21–7–97 अध्यक्ष महोदय, सिघाना के बारे में मैंने कोई वायदा नहीं किया जहां तक इसके काम पूरे होने का सवाल है। 31 मार्च से पहले–पहले यह काम पूरा हो जाएगा। पंचायत से जमीन ले ली हैं और इस वक्त सिविल वर्क जितने होने हैं, वे कंपलीट हो चुके हैं। इलैक्ट्रिक वर्कस 30 परसैंट पूरे हो चुके हैं। 33 के0वी0 लिंक लाईन सत्तर परसैंट कंपलीट हो चुकी है और कार्य प्रोग्रैस पर है।	33 के0वी0 सब–स्टेशन सिघाना के सिविल तथा इलैक्ट्रिक वर्कस पूरे हो चुके हैं। शेष कार्य प्रगति पर है। (29–10–98)	समिति इस आश्वासन के बारे में लेटैस्ट पोजीशन जानना चाहती है। (29–12–98)
125.	राज्यपाल महोदय का अभिभाषण	19–1–98 "फरीदाबाद में गैस-आधारित 410 मैगावाट के ताप-बिजली-केन्द्र का निर्माण-कार्य, राष्ट्रीय ताप-बिजली-निगम द्वारा पूरे जोरों से चल रहा है और आशा की जाती है कि यह परियोजना वर्ष 1999 के अन्त तक पूरी हो जाएगी।"		

क्र0 सं0	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
126.	श्री रामफल कुण्डु द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न सं0 36 — क्या मुख्य मंत्री कृपया बताएंगे कि— (क) सफीदों निर्वाचन क्षेत्र के उन गावों के नाम क्या हैं जहां पर लोहे के बिजली के खम्भ लगाए गए हैं; तथा (ख) क्या ऊपर के भाग (क) में यथानिर्दिष्ट गांवों में लोहे के खम्भों को बदल कर सीमेंट के खम्भे लगाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ?	20—1—98 "(क) ह0रा0वि0 बोर्ड द्वारा उक्त सूचना परिचालन मण्डलानुसार रखी जाती है। मांगी गई सूचना इकट्ठी की जा रही है जिसे एक महीने के अंदर-अंदर प्रस्तुत कर दिया जाएगा। (ख) गांवों में लगाए गए सभी स्टील के खंभों को सीमेंट के खंभों द्वारा बदलने का कोई प्रस्ताव नहीं है। फिर भी ऐसे सभी पुराने स्टील के खंभे जो काफी पुराने वा जजर हो गए हैं, उन्हें सामान्य अनुरक्षण (रख-रखाव) के दौरान सीमेंट के खंभों द्वारा बदला जा रहा है।"		

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

PUBLIC WORKS DEPARTMENT
(B. & R.) BRANCH

Note :—In case an assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transfsrred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्र० सं०	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		29-9-90		
127.	तारांकित प्रश्न संख्या 1122 के संदर्भ में कैप्टन अजय सिंह यादव द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न---- "...इन्होंने (पी0 डब्ल्यू0 डी0 मिनिस्टर) अपने लिखित उत्तर में कहा कि रिवाड़ी के अन्दर बाई-पास नहीं बनाया जायेगा । मैं इन्हें पुनः बताना चाहूंगा कि रिवाड़ी नया जिला बन गया है और वहां पर ट्रैफिक भी बहुत अधिक बढ़ गई है जिस कारण आये दिन दुर्घटनाएं बढ़ती जा रही हैं । मैं इन से जाना चाहता हूं कि हैवी ट्रैफिक को ध्यान में रखते हुए वहां पर यह रोड बनाया जाना क्यों पोसिबल नहीं है ?	...मैं सदस्यों को जानकारी के लिये बताना चाहूंगा कि हरियाणा सरकार ने केन्द्र सरकार को नेशनल हाई वे नं0 8 व 10 को मिलाने के लिये लिखा है ।	जहां तक रिवाड़ी बाईपास का सम्बन्ध है उसे National Capital Region के GRID roads में शामिल कर लिया गया है और सारी NCR में शामिल सड़कों को Planning Board द्वारा बनाने का मुद्दा बोर्ड की मीटिंग जो 28-6-93 को हुई थी, में हरियाणा सरकार द्वारा उठाया गया । साथ ही साथ कोट पुतली, नारनौल, दादरी, भिवानी-जींद सड़क को राष्ट्रीय मार्ग में परि-वर्तित करने के लिए भी भारत सरकार को आग्रह किया गया था, जिसके उत्तर में परिवहन मंत्रालय ने बताया कि इसको पंचवर्षीय योजना में शामिल करने पर विचार किया जायेगा ।	समिति इस बारे में ताजा स्थिति जानना चाहती है। (26-7-93)

			तत्पश्चात् इस स्थिति में कोई परिवर्तन नहीं हुआ । (19–7–93)	
		29–9–90		
128.	तारांकित प्रश्न संख्या 1122 के संदर्भ में कैप्टन अजय सिंह यादव द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न---"अध्यक्ष महोदय मैं आपके माध्यम से मन्त्री महोदय से पुनः जानना चाहता हूं कि जब यह स्वीकृति (रिवाड़ी-झज्जर और रिवाड़ी-नारनौल रेलवे लाईन पर ऊपरी पुल) 1986 में मिल गई थी तो इसको बनाए जाने में अब देरी क्यों है ?"	इस बारे में मैं बताना चाहूंगा कि ऐसे पुलों के लिए 50 परसैन्ट पैसा हरियाणा सरकार की तरफ से 50 परसैन्ट पैसा रेलवे की तरफ से दिया जाना होता है। इन पुलों के बनाए जाने के लिए हमने रेलवे वालों के साथ अब तक 18 लैटर्ज का आदान-प्रदान किया है। जब रेलवे वाले अपना सैंक्शन कर देंगे तो हम काम शुरू कर देंगे । हमारी तरफ से कोई देरी नहीं है और न ही कोई कमी है ।	1. रिवाड़ी-झज्जर लाईन की ऊपरी पुल की स्थिति । यह रेलवे उपरी पुल 203.96 लाख रुपए की लागत से प्रशासकीय अनुमोदित किया गया था जो कि बाद में आयुक्त एवं सचिव, हरियाणा सरकार के यादी क्रमांक 6/20/85-2 बी0 एण्ड आर0 दिनांक 13-8-90 द्वारा 306.45 लाख रुपए की लागत से संशोधित अनुमोदित किया गया था यह प्रस्ताव रेलवे ऊपरी पुल का पहला स्थान (रेलवे क्रासिंग न0 57 बी के नजदीक) शहर के बीचों-बीच या जहां पहले ही बहुत भीड़ रहती है । इसके अतिरिक्त स स्थान पर बहुत से रिहायशी	(समिति इस बारे में लेटैस्ट पोजीशन जानना चाहती है ।) (18–8–98)

क्र0 सं0	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			और व्यापारिक भवनों को गिराना पड़ता था और भूमि अभिग्रहण भी करना पड़ता था तथा पहुंच मार्ग की अलाईनमैंट के लिए जगह की कमी के कारण सब स्टैण्डर्ड कर्व देने पड़ते थे ।	
			मूल स्थान में उपर्युक्त कमियों के कारण और लोगों की मांग को उनके उम्मीदवारों के माध्यम से मद्दे नज़र रखते हुए, यह निर्णय लिया गया कि रेलवे ऊपरी पुल को रिवाड़ी बाईपास के (नजदीक रेलवे क्रासिंग नं0 57–सी 2) कि0 मी0 79/15 पर बनाया जाए । 252.10 लाख रूपए की लागत का एक कच्चा अनुमान बाईपास के निर्माण के भूमि अधिग्रहण करने हेतु सरकार को इस कार्यालय के यादी क्रमांक	

2175 एन0 एच0 दिनांक 2-6-94 को प्रशासकीय अनुमति प्रदान करने के लिए भेजा गया था । यह अनुमान सरकार द्वारा 11/94 में वापिस कर दिया गया । सरकार की यह टिप्पणी थी कि विभिन्न गांवों में जगह की कीमत एक जैसी की जा रही है । रिवाड़ी शहर का मास्टर प्लान जो कि टाऊन एण्ड कण्टरी प्लानिंग विभाग द्वारा बनाया जा रहा था उसमें उपर्युक्त रेलवे ऊपरी पुल को भी सम्मिलित किया जाना था। यद्यपि यह मामला लोक निर्माण विभाग द्वारा टाऊन एण्ड कण्टरी प्लानिंग के साथ उठाया गया है फिर भी अन्तिम फैसला होना अभी शेष है । उपर्युक्त रेलवे उपरी पुल (नजदीक रेलवे क्रासिंग नं0 56-सी-2) का संशोधित अनुमान बाईपास की अलाईनमैंट का अन्तिम फसला होने के बाद भेजा जाएगा ।

बाईपास की अलाईनमैंट बारे प्रस्ताव अधीनस्थ कार्यालय से प्राप्त

क्र0 सं0	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			हो चुका है जिसका निरीक्षण किया जा रहा है तथा उक्त अलाईनमेंट के निर्णय के पश्चात ही आर0 ओ0 बी0 के निर्माण का विचार किया जाएगा ।	
			2. रिवाड़ी नारनौल लाईन पर ऊपरी पुल की स्थिति । इस लाईन पर ऊपरी पुल बनाने का भी अभी कोई प्रस्ताव नहीं हैं । तथापि इस पुल की फिजीबिलिटी चैक करवा ली गई है और अधीनस्थ कार्यालय से सर्वे का पूर्ण व्यौरा स्टैण्डर्ड फारमैट पर मांगा गया है ताकि रेलवे अधिकारियों के साथ कार्यवाही हेतु पत्र-व्यवहार किया जा सके ।	
			(8-7-98)	

129	बजट भाषण 16-3-92	******राजकीय मार्ग नं0 1 को चार लेनी बनाने का काम जारी है । इसी तरह वल्लभगढ़ से हरियाणा, उत्तर प्रदेश सीमा तक राजकीय मार्ग नं0 2 को भी चार लेनी बनाने का कार्य शुरू हो चुका है तथा इसकी अप्रैल 1995 तक पूरा होने की संभावना है *******	एल0 एच0–1 की मुरथल करनाल तक की लम्बाई 80 कि0 मी0 है जिसकी चार लेनिंग का कार्य प्रगति पर है तथा 30–6–93 तक निम्नलिखित कार्य हो चुका है :—

Earth work	W.B.M.
48.70 Km.	36 Km.
W.M.M.	
24 Km.	
DIB.M. (1st layer)	
22.50 Km. (Single layer)	
C&B	
101 Nos.	

इस कार्य के 12/95 तक पूरा होने की संभावना है । एन0 एच0–2 की फरीदाबाद से होटल तक लम्बाई 56.53 कि0 मी0 है इस पर चार लेनिंग का 30–6–93 तक निम्नलिखित कार्य हो चुका है :—

Earth work	D.L.C.
19Km.	1.00 Km.
Kerili laying	Profile concrete course
3.00Km.	2.00 Km.
C.D. work	
34 Nos.	

Committee would like to know the latest position in this regard.

(18-7-95

क्र0 सं0	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		(17-3-92)	इस कार्य के अप्रैल 95 तक पूरा होने की सम्भावना है । (19-7-93)	
130.	तारांकित प्रश्न संख्या 130 पर श्री कर्ण सिंह दलाल द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न— "अध्यक्ष महोदय, जैसे मुख्य मन्त्री जी ने अभी बताया कि पिछली दफा जब वे मुख्य मन्त्री थे तो इन्होंने लगभग हर गांव की सड़क को पक्का कर दिया था लेकिन मेरे हल्के में एक गांव सैंदपुर है जहां एक कि0 मी0 से कम सड़क का टुकड़ा बना हुआ नहीं है । क्या मुख्य मन्त्री जी उस	अध्यक्ष महोदय, कुछ खादर के गांव ऐसे थे जिनकी आबादी 250 से भी कम थीं जहां पर कुछ सड़कें बनने से रह गई थी । हो सकता है इस गांव की आबादी भी 250 से कम हो । लेकिन फिर भी हम इस गांव की सड़क को अगले साल में पूरा करवाएंगे ।	गांव सैंदपुर (पाटलीखुर्द से सैंदपुर) की सड़क के बारे अनुमान मार्किटिंग बोर्ड हरियाणा को 18-2-91 को भेज दिया गया है तथा मार्किटिंग बोर्ड द्वारा यह कार्य हाथ में लिया जा रहा है अतः इस आश्वासन का पटाक्षेप कर दिया जाये । (22-7-97)	

	सड़क के टुकड़े को भी परा करवाएंगे ?"	(24-3-92)		
131.	तारांकित प्रश्न संख्या 220 के संदर्भ में चौधरी बसवन्त सिंह मैना द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न— मैं जानना चाहता हूं कि खैराबर से दिमाना तक की सड़क को कब तक पूरा कर दिया जाएगा ?	"....! दूसरी सड़क (इस्माईला से गांव कुलताना तक) के बारे में मैंने बताया कि जी हां इसके निर्माण के बारे अगले वर्ष में विचार किया जाएगा। तीसरी सड़क के बारे में मैंने जवाब दिया था कि दीवाना नाम का एक गांव है न कि दिवाना। इस लिंक (खेराबर से दिमाना तक) का बनाने का प्रस्ताव है, जो कि अगले वर्ष तक पूरा किया जाएगा।	इस्माईला से कुलताना सड़क सरकार से अनुमोदित की जा चुकी है इसकी लम्बाई 4.98 कि0 मी0 है तथा इसके बनाने पर 18.00 लाख रुपये की लागत आएगी। मिट्टी का कार्य किया गया है तथा धन की उपलब्धता पर इस कार्य को पूर्ण कर दिया जाएगा। मांगी हुई सड़क खैराबर से दिमाना, चुलियाना के रास्ते से है। खैराबर चुलियाना लड़क का निर्माण किया जा चुका है। चुलियाना से दिमाना की लम्बाई 3.65 कि0मी0 है। यह सड़क भी स्वीकृत है तथा 2.72 कि0मी0 पूर्ण की जा चुकी है। बकाया 0.63 कि0मी0 का निर्माण वर्क प्रोग्राम में शामिल किया हुआ है। कार्य जल्दी पूर्ण नहीं किया जा सका क्योंकि इसमें	The Committee would like to know the latest position. (18-7-95)

क्र0 संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			भूमि अभिग्रहण संलिप्त है। जैसे ही भूमि अभिग्रहण हो जाएगी बाकी का 0.63 कि0मी0 भी पूर्ण कर दिया जाएगा। इससे खैरावर, चुलियाना, दिमाना सड़क पूर्ण हो जाएगी क्योंकि दिमाना से चुलियाना सड़क अनुमोदित हो गई है तथा चुलियाना सड़क भी काफी हद तक बन चुकी है। थोड़ा सा भाग केवल भूमि अभिग्रहण के कारण बाकी है। अतः इस आश्वासन का पटाक्षेप कर दिया जाये। (22-3-95)	
132.	तारांकित प्रश्न संख्या-396 के संदर्भ में श्री अमर सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न--- "अध्यक्ष महोदय, जैसा कि मंत्री महोदय ने बताया है कि बाईपास का	26-2-93 " * * * * *" सरकार ने जीन्द, नारनौल, झज्जर, रिवाड़ी तथा पानीपत में अन्य बाईपासिज बनाने का प्रस्ताव किया है। जीन्द बाईपाई के लिये भूमि-ग्रहण हेतु 2.08 करोड़ रु0 का अनुमान	जीन्द बाईपास के भूमि अभिग्रहण के लिए 2.00 करोड़ रुपये का अनुमान है। इसी प्रकार नारनौल बाईपास के लिए भूमि अभिग्रहण के लिए 1.43 करोड़ रुपये का अनुमान है।	The Committee would like to know the latest position. (17-1-95)

	एक्सटैंशन वर्क तो कम्पलीट हो गया है लेकिन इसमें बाईपास के इन्टर-सैक्शन पर खड़े वृक्ष बाधा बने हुए हैं । में मन्त्री महोदय से जानना चाहता हूं कि ये वृक्ष कब तक हटा कर इस को पूरा कर दिया जाएगा ।"	विचाराधीन है । अन्य बाईपासों के विकास तथा निर्माण के लिये इनको चुंगी सड़क की तरह बनाने की संभावनाओं का मामला आई0 एल0 एफ0 एल0 के साथ उठाया गया है । 26—2—93	इनकी स्वीकृति करने के केस अभी विचाराधीन हैं । वार्षिक योजना में बाईपास के लिए केवल 50 लाख रुपये का ही प्रावधान होता है अतः इतनी बड़ी राशि बाईपास के बनाने के लिए अभी नहीं है । बाईपासिज के विकास तथा निर्माण के लिए इनको तरह बनाने की संभावना का मामला आई0 एल0 एफ0 एस0 द्वारा भी लिया गया था । परन्तु यह बात अभी किसी निश्चय पर नहीं पहुंची । जैसे ही इन बाईपासिज को चुंगी सड़क की तरह बनाने की योजना कोई प्राईवेट पार्टी द्वारा दी जाती है तो इनका निर्माण भी कराया जायेगा। अतः इस आश्वासन का पटाक्षेप कर दिया जाये । (3—1—95)	
133.	तारांकित प्रश्न संख्या 396 के संदर्भ में श्री हरिसिंह नलवा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—— "अध्यक्ष महोदय, में मन्त्री जी से जानना	अध्यक्ष महोदय सरकार का जीन्द, नारनौल, झज्जर, रिवाड़ी और पानीपत में बाईपास बनाने का प्रावधान है ।	सरकार द्वारा जीन्द, नारनौल, जज्जर, रिवाड़ी और पानीपत में बाईपास बनाने का विचार है।	The Committee would like to know the latest position in this regard. (18-7-93)

क्रम संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	चाहूंगा कि क्या 1993-94 में पानीपत में कोई बाईपास बनाने की योजना है और साथ ही 1993-94 में हरियाणा के कौन-कौन से ऐसे और शहर हैं जहाँ पर बाईपास बनाने की योजना है ?"		पानीपत — जिसमें पानीपत-असंध रोड़ का पानीपत गोहाना रोड़ से मिलाने का कार्य है, यह कार्य लगभग पूरा हो चुका है । रिवाड़ी —रिवाड़ी बाईपास का कार्य रिवाड़ी—गुड़गांव रेलवे लाईन पर पुल से सम्बन्धित है । यह कार्य रेलवे विभाग के साथ तालमेल करके किया जाना है तथा कोशिश की जा रही है कि इसको शीघ्र ही शुरू कर दिया जाए । जीन्द बाईपास की भूमि अधिग्रहण के लिए 2.08 करोड़ रुपये का अनुमान है । इसी प्रकार नारनौल बाईपास के लिए भूमि	

अधिग्रहण के लिए 1.43 करोड़ रुपये का अनुमान है। इनकी स्वीकृति करने के केस अभी विचाराधीन है। वार्षिक योजना में वाईपास के लिए केवल 50 लाख रुपये का ही प्रावधान होता है, अतः इतनी बड़ी राशि वाईपासिज के बनाने के लिए अभी उपलब्ध नहीं है। वाईपासिज के विकास तथा निर्माण के लिए इनको चुंगी सड़क की तरह बनाने की संभावना का मामला आई0एल0एफ0एस0 द्वारा भी लिया गया था परन्तु यह बात अभी किसी निश्चय पर नहीं पहुंची। सरकार द्वारा यह भी चाहा गया है कि इरकान से भी इन वाईपासिज को चुंगी सड़क की तरह बनाने की संभावना का मामला लिया जाये। इस विषय में इरकान को लिखा जा रहा है।

जैसे ही जीन्द, नारनौल, झज्जर वाईपासिज को चुंगी

क्रम संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		(10–3–93)	सड़क की तरह बनाने की याजधा कोई प्राईवेट पार्टी द्वारा दी जाती है तो इनका निर्माण भी कराया जायेगा । अतः इस आश्वासन का पटाक्षेप कर दिया जाये । (22–3–95)	
134.	तारांकित प्रश्न संख्या 496 पर श्री राजेन्द्र सिंह बिसला द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न— "मंत्री जी ने सदन में यह बताया है कि कोई सर्वे कराया गया था। मैं मंत्री जी से निदवेन करना चाहता हूं कि जिस रेलवे फाटक पर यमुना नदी पुल बनाने की बात है उससे आगे रहीमपुर के पास यमुना पुल बना हुआ है । इस	स्पीकर साहब, चौधरी राजेन्द्र सिंह बिसला की बात ठीक है कि यह सर्वे बहुत पुराना है । हम दौबारा सर्वे करवा लेंगे । अगर वहां पुल बनाना जरूरी होगा तो रेलव विभाग को केस भेज दिया जाएगा ।	1. मुम्बई-आगरा-दिल्ली रेलवे लाईन के ऊपरी पुल क्रासिंग संख्या 565-बी, कि0मी0 1479.70 पर समीप गांव अलावलपुर (पलवल-अलीगढ़ सड़क) के स्थान पर रेलवे ओवर ब्रिज का प्रस्ताव है । यह प्रस्ताव रेलवे ओवर बिज यमुना नदी के ऊपरी पुल प्रस्तावित है । 2. अधीक्षक अभियन्ता, गुड़गांवा द्वारा क्षेत्र में रेलवे ऊपरी पुल के निर्माण की फिजीबिल्टी को एसेस	(समिति इस बारे में लेटेस्ट पोजीशन जानना चाहती है । (8–9–98)

फाटक पर पुल बनाने के बाद राजस्थान, हरियाणा और उत्तर प्रदेश की रोडवेज की बसें बहुत गुजरती हैं । जहां यह रेलवे फाटक है, यह पलवल की आबादी में आ गया है। स्पीकर साहब, यह सर्वे ठीक नहीं है । मैं मंत्री जी से प्रार्थना करूंगा कि दोबारा सर्वे कराया जाए । इस फाटक पर पुल बनाना बहुत जरूरी है क्योंकि वहां पर एक्सीडेंन्ट्स बहुत होते हैं । इन सब बातों को देखते हुए क्या मन्त्री जी इस पुल को बनाने पर विचार करेंगे ?

करने हुए यातायात का सर्वेक्षण किया है ।

3. अधीक्षक अभियन्ता, गुड़गांवा तथा उप मुख्य अभियंता, रेलवे ग्वालियर ने मिल कर साईट का निरीक्षण दिनांक 6-11-96 को किया है और रेलवे अथोरिटी से रेलवे का भाग अनुमान मांगा गया है जो अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है अनुमान प्राप्त होने पर पूर्ण अनुमान बनाकर सरकार को प्रशासकीय अनुमति प्राप्त करने हेतु शीघ्र प्रस्तुत किया जायेगा ।

जहां यह भी वर्णित है कि पलवल बाईपास के निर्माण बारे नेशनल कैपिटल रिजन (एन0 सी0 आर0) के अन्तर्गत प्रस्ताव पारित किया जा चुका है । इस बारे नगर एवं शहरी योजक (टाऊन प्लानर) से पत्र व्यवहार किया जा रहा है अत: अन्तिम निर्णय होने के उपरान्त सूचित किया जायेगा ।

(5-6-98)

क्रम संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
135.	तारांकित प्रश्न संख्या के संदर्भ में श्री जय पाल सिंह आर्य द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न :— "अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री महोदय अभी 10 दिन पहले नाहरी गांव में एक शादी में गए थे । मैं इनकी जानकारी के लिए बताना चाहता हूं कि नाहरी से नाहरा और नाहरी से नरेला के बीच की सड़क टूटी पड़ी है और यह गांव सड़क से कटा हुआ है । वहां पर कोई भी बस ठीक नहीं चल सकती । अभी मुख्त मंत्री महोनय भी वहां पर जलसा करके आये थे। इन्होंने कहा था कि इस सड़क	3-3-94 * * * आज माननीय सदस्य ने यह बात कही है और मुख्य मंत्री द्वारा जनता में आश्वासन दिया गया है इसलिएधन की उपलब्धता पर अगले साल इन सड़कों को बनाने की कोशिश करेंगे ।		

	को जल्दी बना दिया जाएगा । मैं यह भी बताना चाहता हूं कि इन्होंने नाहरी से खरखोदा के बीच 18 फुट चौड़ी सड़क बनाने की बात कही थी । वही 18 फूट तो क्या 2 फुट चौड़ी भी नहीं बनायी जा रही है । मैं चाहूंगा कि इस सड़क को जल्दी से जल्दी ही पूरा कर दिया जाए ताकि बच्चे बसों से स्कूल आ जा सकें ।"			
		3-3-94		
136.	तारांकित प्रश्न संख्या 669 के संदर्भ में श्री राजेन्द्र सिंह बिसला द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न —— "अध्यक्ष महोदय, यह सड़क (चार मार्गी सड़क) हमारे जिले फरीदाबाद के बल्लभगढ़ विधान सभा क्षेत्र से हो कर जा रही है । यह बहुत ही महत्वपूर्ण नैशनल हाई-वे है । काफी दिनों से इस पर बड़ा भारी	* * * * * * * * * * अध्यक्ष महोदय अम्बाला शहर में एक ओवरब्रीज शुरू होता है, उसके आगे बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन हैं। हम वहां तक ओवरब्रीज बनाएंगे, साथ ही एक चौराहा चण्डीगढ़—अम्बाला सड़क का है, वहां पर भी ट्रैफिक नीचे से और ऊपर से जाएगा । वहां पर जनता को कोई दिक्कत नहीं होगी ।	1. दिल्ली—मथुरा सड़क राष्ट्रीय उच्च मार्ग–2 कि0 मी0 37.30 से 93.83 तक (बल्लभगढ़ से हरियाणा उत्तर प्रदेश बार्डर तक) जोकि एशियन डिवलपमैंट बैंक प्रोजैक्ट के कार्य जोरों पर चल रहा है तथा लगभग पूर्ण होने को है नया कैरिजवे रा0 उच्च मार्ग कि0 मी0 76.50 तक पहले हो यातायात के लिए कोल दिया गया है ।	(समिति इस बारे में लेटैस्ट पोजीशन जानना चाहती है ।) (8-9-98)

क्रम संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	काम चल रहा है"	एक नेशनल हाई-वे नं0 8 गुड़गांव से राजस्थान तक जाता है उसकी भी एप्रूवल आ गई है, उस के भी टेन्डर कर के जल्दी ही फोर लेनिंग कर देंगे।	2. भारतीय राष्ट्रीय राज मार्ग प्राधिकरण की हिदायतों के अनुसार तथा हरियाणा सरकार द्वारा दी गई स्वीकृति के बाद दिल्ली जयपुर रोड राष्ट्रीय उच्च मार्ग 8 कि0 मी0 36.63 से 107.18 (गुड़गावां से हरियाणा/राजस्थान बार्डर तक) भारतीय रा0 उ0 मार्ग प्राधिकरण को दिनांक 1-6-97 से स्थानांतरित कर दिया गया है। दिल्ली-जयपुर रोड रा0 उ0 कार्य-8 को चार लैनिंग का कार्य अब भारतीय राज मार्ग प्राधिकरण द्वारा किया जाना है। 3. वल्ड बैंक प्रोजेक्ट-2 के अधीन रा0 उ0 मार्ग-1 का चार लैनिंग का प्रोजेक्ट का कार्य (कि0 मी0 132.675 से	

			212.161) जिसमें र0 ग्रो0 वी0 कि0 मी0 139 ग्रेड सैपरेटर के सामने कि0 मी0 205 जेल पार करके सम्मिलित है, प्रगति पर है और इस प्रोजेक्ट के साथ ही पूर्ण कर दिया जायेगा । इस प्रोजेक्ट को पूरा करने का लक्ष्य 7/98 है । (5-6-98)	
		8-3-94		
137.	तारांकित प्रश्न संख्या 768 पर श्री मनीराम (दड़बा कलां) द्वारा पुछा गया अनुपुरक प्रश्न :- अध्यक्ष महोदय, मैं आपका इस बात के लिए स्वागत करता हूं कि आप ने मुझे एक साल के बाद बोलने का मौका दिया है । मैं मुख्य मंत्री महोदय के ध्यान में लाना चाहूंगा कि इन्होंने मेरे हल्के में जो सड़क मंजूर की थी उस पर मिट्टी भी पड़ गई थी लेकिन वह	अध्यक्ष महोदय, इन्होंने ठीक ही कहा कि यह सड़क मैंने अपने पिछले राज के दौरान मंजूर की थी लेकिन बाद में इन लोगों का राज आ गया और जो भी मिट्टी बगैरह इस सड़क पर पड़ी थी वह भी बह गई । हम फिर इस पर मिट्टी डलवाएंगे और फिर कोशिश करेंगे कि वह दोबारा बन जाए । अध्यक्ष महोदय इसके अलावा जिन सड़कों की मुरम्मत नहीं कि गई है इसके लिए जैसा कि मैंने दो दिन पहले ही कहा था कि हर [illegible]	दड़बाकलां से भोडिया खेड़ा सड़क है । इसकी लम्बाई 16.30 कि0मी0 तथा इसके बनाने पर 47.46 लाख रुपये के अनुमान का अनुमोदन दिनांक 23-10-83 को सरकार द्वारा कर दिया गया था । 14.30 कि0 मी0 की लम्बाई में मिट्टी का कार्य भी हो गया है तथा एक कि0 मी0 सोलिंग भी कर ली गई है बाकि कार्य भी धन की उपलब्धी के अनुसार कराया जायेगा : हरियाणा प्रदेश में कुल सड़कों	कमेटी इस बारे में ताजा स्थिति जानना चाहती है (27-5-97)

क्रम संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	सड़क आज तक भी पूरी नहीं हो पाई है । यह सड़क दड़वा कलां खुर्द से भोडिया तक 10 या 12 किलोमीटर लम्बी है । इस पर दो बार मिट्टी भी पड़ चुकी है और 1.5 किलो मीटर तक इस पर पत्थर भी पड़ चुका है, लेकिन फिर भी यह आज तक नहीं बन पाई है । मुख्य मन्त्री जी ने यह सड़क अपने पिछले राज के दौरान मंजूर की थी अब वे इसको कब तक पूरी करवा देंगे ?	अन्दर टूटी हुई सड़कों की मुरम्मत करवा देंगे ।	को लम्बाई 22101 कि0 मी0 है, जिनकी आम मुरम्मत के लिए 127 करोड़ रुपये की आवश्यकता होती है । यह पैसा सरकार द्वारा धन की कमी के कारण नहीं दिया जा रहा है जिससे की सड़कों की हालत अच्छी नहीं करने के लिए भी अब 90 करोड़ रुपये चाहिएं । धन की प्राप्ति के अनुसार सड़क की मुरम्मत की जाती है । अतः इस आश्वासन का पटाक्षेप कर दिया जाये । पेहवा शहर में से गुजरती हुई अम्बाला–हिसार सड़क का फोर लेनिंग का कार्य पूरा हो चुका है और फिलहाल अभी कोई बाईपास बनाने की ज़रूरत नहीं समझी जा रही और न ही ऐसी कोई स्कीम विचाराधीन है ।	

9-3-94

138.	तारांकित प्रश्न संख्या 658 पर श्री राम भजन अग्रवाल द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न– अध्यक्ष महोदय, इस सड़क (हिसार से नारनौल) पर बहुत ज्यादा ट्रैफिक गुजरता है और जो ट्रैफिक बंबई और राजस्थान वगैरह को जाता है, वह इसी सड़क से गुजरता है। इस बात को देखते हुए क्या इस सड़क को टाप प्रायरिटी देकर चौड़ा किया जाएगा? दूसरी बात यह है कि अगर सरकार इस सड़क को जल्दी चौड़ा नहीं कर पा रही है तो क्या सैन्ट्रल गवर्नमैंट से प्रयास करके इसको नेशनल हाई-वे बनाने की कोशिश करेंगे?	श्री अध्यक्ष महोदय, इस सड़क को वर्ल्ड बैंक प्रोजैक्ट में शामिल किया गया है और इस को 24 फुट चौड़ा करना विचाराधीन है। अगले महीने वर्ल्ड बैंक के साथ डिपार्टमैंट की मीटिंग फिक्स की गई है अगले साल इस सड़क को चौड़ा करने का काम शुरु कर दिया जाएगा। जहां आबादी वाले एरिया आते हैं वहां इसको वाइडनिंग कर के फोर-लेनिंग करने का प्रावधान है। हमें आशा है कि आने वाले साल में कार्य शुरु कर दिया जाएगा और इसको चौड़ा कर दिया जाएगा।		

9-3-95

139.	तारांकित प्रश्न संख्या 1037 के संदर्भ में प्रो० सम्पत सिंह द्वारा	"* * * 7 करोड़ 21 लाख 85 हजार रुपये की पेमैंट गैमन इण्डिया लिमिटेड	The High Level Committee was set up to	(समिति इस बारे में लेटैस्ट पोजीशन

क्रम संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	पूछा गया अनुपूरक प्रश्न— "स्पीकर सर, मुझे यह कहना है कि प्राईवेट कंसलटेंसी (करनाल-मेरठ रोड़ पर यमुना नदी पर पुल निर्माण के लिए) को इन्होंने हायर क्यों किया जबकि इनके पास अपने इंजीनियर थे, जिनको ये 32 करोड़ तनखाह देते हैं।	को दी है जिसमें एक करोड़ सत्तर लाख रुपया एडवांस दिया गया है जो कि बैंक गारंटी पर दिया गया है। उसमें 10.75 परसैंट वे इंट्रस्ट दे चुके हैं। 17 लाख 50 हज़ार रुपये की रिकवरी हो चुकी है। इसके अलावा रिकवरी हो रही है। अभी तक उनका फाईनल फैसला नहीं हुआ है क्योंकि फाईनल कमेटी अण्डर दि चेयरमैनशिप आफ दि फाईनैंशियल कमिश्नर-कम-सैक्रेटरी बनी है और उसकी काफी मीटिंग्ज हो चुकी हैं। हम चाहेंगे कि इलका 2–3 महीने के अन्दर बाकायदा फैसला हो जाए ***"	finalise the claims of M/s. Gammon India Ltd. have decided that Rs, 565.96 Lacs may be paid to the agency. The department sent its officers to Bcmbay to encash the bank guarantees worth Rs. 242.85 lacs lying with it. The agency i.e. M/s. Gammon India Ltd. obtained stey orders from the High Court. The final hearing was cn 17.10.97 and the Hon'ble Judges have kept the Judgement reserved. As of today the judgement is still awaited.	जानना चाहती है। (8–9–98)

			In the mean–time, on the request of the E.E. incharge of the works, the E–in–C has appointed a panel of Arbitrators to adjudicate the dispute between the paties. This panel of arbitrators comprising one Chief Engineer and two Superintending Engineers of the department has been appointed on 7.4.98. (5–6–98)
		10–3–95	
140.	श्री रमेश कुमार द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 1125— (क) क्या जिला सोनीपत में निम्नलिखित नई सड़कों का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है– (i) छतेहरा से अहमदपुर माजरा ;	बुटाना से जनता स्कूल तक लड़क की मैंटलिंग पूरी हो चुकी है । इस लड़क पर 3 कि0मी0 तक सरफेसिंग कार्य भी किया जा चुका है तथा 2.30 कि0मी0 की शेष लम्बाई, पर कार्य 30–6–95 तक पूरा कर दिया जाएगा । छतेहरा से अहमदपुर माजरा सड़क तथा बुटाना से जनता स्कूल सड़क पर ब्लैक टापिंग का कार्य जून 1995 तक पूरा कर दिया जाएगा ।	

क्र0 सं0	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	(ii) बुटाना से जनता स्कूल इत्यादि ; (iii) गंगाना से राणा-खेड़ी ; (iv) राणा-खेड़ी से वांगरू ; तथा (ख) यदि हां ; तो पूर्वोक्त सड़कों को कब तक पूरा किये जाने की संभावना है ?			
		23-3-95		
141.	तारांकित प्रश्न सं0 1172 पर श्री अमर सिंह ढांडे द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न--"अध्यक्ष महोदय, मंत्री महोदय ने अपने जवाब में कहा है कि अम्बाला हिसार सड़क पर बाईपास का निर्माण करने का सरकार के	अध्यक्ष महोदय यह बात इनकी ठीक है कि अम्बाला हिसार सड़क पेहोवा में से गुजरती है और इस सड़क की फोर लेनिंग का प्रावधान 47,69,200 रुपए लगाकर कर रहे हैं । 1995-96 में जब यह फोर लेन बन कर तैयार हो जाएगी इस के बाद कोई दिक्कत होगी तो बाईपास बनाने की		

समक्ष प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है । मैं आपके माध्यम से उनसे यह कहना चाहूंगा कि यह सड़क हाई-वे पेहोवा के बीच में से गुजरती है और अध्यक्ष महोदय यह आपके पड़ोस में ही है । इस पर काफी ऐक्सीडैंट्स होते हैं । क्या मंत्री महोदय अपने इस निर्णय पर पुनर्विचार करेंगे और बाईपास बनाने की कृपा करेंगे क्योंकि यह बाईपास हर लिहाज से बड़ा ही जरूरी है ।	बात की जा सकती है । फिलहाल बाईपास बनाने का कोई सवाल नहीं है ।

28-2-96

142. तारांकित प्रश्न सं0 1272 के संदर्भ में श्री पीरचन्द द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न :—	अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय सदस्य को बताना चाहूंगा कि ये 31 मार्च, 1996 तक कम्पलीट कर दी जाएगी । जहां तक फोर-लेनिंग की बात कर रहे हैं, उस के लिए टैंडर छोड़ दिए गए हैं, 22 मार्च को टैंडर के खुलने के बाद काम शुरु कर दिया जाएगा । अभी 11 तारीख को उसकी आधारशिला रखी गई है । मैं माननीय सदस्य को विश्वास दिलाता हूं कि हम बहुत जल्द इसे पूरा कर देंगे ।
स्पीकर साहब, मेरे हल्के के अन्दर जो सड़कों को फोर लेन बनाने के प्रयास जारी हैं । उन सड़कों को कब तक पूरा बनाकर सरकार तैयार कर देगी ? इसके अलावा मेरे हल्के रतिया के अन्दर बाढ़	

क्रम संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	से भी सड़कों का नुकसान हुआ है तथा काफी सड़कें खराब हुई हैं । सरकार इन सड़कों की भी कब तक मुरम्मत करवा देगी ?			
		1–3–96		
143.	तारांकित प्रश्न संख्या 1270 के संदर्भ में साथी लहरी सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न :— "मैंने उस सड़क (गुढ़ी गांव की सड़क) के बारे में पहले भी आपसे रिक्वस्ट की थी । उस गांव (गुढ़ी) की पंचायत अलग है, लेकिन आपने इस पर कोई गौर नहीं किया ।"	अध्यक्ष महोदय उसको (गुढ़ीगांव की सड़क को) छः महीने के अन्दर–अन्दर बनवा देंगे ।		
		6–3–96		
144	वित्त मंत्री का बजट भाषण ।	* * * फरीदाबाद और रिवाड़ी के 2 ओवर ब्रिजों सहित 11 पुलों का निर्माण	(क) (वर्ष 1996–97 में पुलों के कार्य) अनुमानित राशि 27.91	समिति इस बारे लेटैस्ट पोजीशन

के लिए परियोजनाएं वर्ष 1996–97 में क्रियान्वित की जाएंगी । डबवाली में ओवर ब्रिज के निर्माण के लिए प्रस्ताव थल परिवहन मंत्रालय के विचाराधीन है * * * * ।

हमारा झज्जर, रिवाड़ी, नारनौल, सोनीपत, सोहना तथा पलवल में निर्माण, परिचालन तथा अन्तरण आधार पर बाईपास बनाने का प्रस्ताव है ।

* * * * *

पानीपत तथा फरीदाबाद में ऊंचे राज मार्गों के निर्माण का प्रस्ताव संघ सरकार के विचाराधीन है,

करोड़ रुपये वर्ष 1995–96 से चले आ रहे थे, के स्पील ओवर किये गए थे । इसके अतिरिक्त वर्ष 1996–97 में तीन अन्य पुलों के कार्य (राशि रुपये 87.49) हाथ में लिये गये थे । इन उपरोक्त वर्णित 12 पुलों के कार्यों में से 7 पुलों के कार्य) जिसमें एक ऊपर पुल भी शामिल है) अनुमानित राशि 10.74 करोड़ रुपये की लागत से अगामी वर्ष 1996–97 में पहले ही पूर्ण किये जा चुके है।

रेलवे ओवर ब्रिज डबवाली .

1. जल भूतल परिवहन मंत्रालय ने वार्षिक योजना 1996-97 में इस कार्य की गणना नहीं की गई है।
2. सामान्य प्रबन्धक ड्राईंग जल भूतल परिवहन मंत्रालय को

जानना चाहती है।
(8-9-98)

क्रम संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			अध्ययन तथा स्वीकृति को दिनांक 15-5-97 को भेजी गई है, तथा इसकी स्वीकृति जल भूतल परि-वहन मंत्रालय से प्रतिक्षित है ।	
			3. फिर भी जल भूतल परिवहन मंत्रालय ने हरियाणा सरकार को सलाह दी है कि इस रेलवे ओवर ब्रिज को व निर्माण परिचालन तथा अन्तरण के आधार पर चालु वार्षिक योजना 1996-97 के लगातार श्रोती को मध्य नजर रखते हुए बताया जाए इस बारे में परिवहन मंत्रालय को 29-10-97 द्वारा यह बताया गया है कि इस उपरी पुल को निर्माण, परिचालन तथा अन्तरण के आधार पर बनाना इकोनोमिकल फिजीकले	

नहीं है । अतः यह प्रार्थना की है कि इस पुल को बनाने बारे प्रस्ताव वर्ष 1998 की वार्षिक योजना में सम्मिलित करें ।

(ग) सरकार ने झज्जर, रिवाड़ी नारनौल, सोनीपत, सोहना तथा पलवल में बढ़ते हुए यातायात के दबाव को कम करने के लिए इन कस्बों में बाईपास बनाने का निर्णय लिया है । निर्माण परिचालन तथा अन्तरण के आधार पर बाई–पास बनाने के लिए दो बार विज्ञापन (टैंडर) किया गया है । पहला विज्ञापन दिनांक 8–11–95 को दूसरा विज्ञापन दिनांक 23–1–96 को परन्तु उस समय कोई भी एजेंसी इस विज्ञापन के सम्बन्ध में टैंडर भरने नहीं आई ।

माननीय मुख्य मन्त्री के आदेश अनुसार अब दोबारा झज्जर

क्रम सं0	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			बाई-पास व अन्तर बाई-पासों को निर्माण परिचालन तथा अन्तरण के आधार पर बनाने बारे समुचित कदम उठाये जा रहे। अतः इसे आश्वासन का पटाक्षेप कर दिया जाये । (ख) पानीपत तथा फरीदाबाद में ऊंचे राजमार्गों के निर्माण का प्रस्ताव संघ सरकार के विचाराधीन है । (5-6-98)	
145.	श्री रमेश कुमार द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 74 के उत्तर में--क्या गृह मंत्री कृपया बताएंगे कि-- (क) क्या जिला सोनीपत के बड़ौदा निर्वाचन क्षेत्र की	18-11-96 (क) हां, श्रीमान जी । (ख) इन सड़कों की जरूरी मरम्मत का कार्य शुरु हो चुका है और 31-12-96 तक पूरा कर दिया जाएगा ।		

निम्नलिखित सड़कों की मरम्मत करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है।

1. महमूदपुर से सिवान-का छतैरा;
2. चिड़ाना से बुराणा वाया बादोठी;
3. मुंडलाना से बुसाना;
4. पुराणा से जवाहरा–
5. जागसी से मातंड;
6. मदीना से मिर्जापुर खेड़ी;
7. रिड़ाणा से धनाना;
8. बुटाना से गंगाणा वाया राणा-खेड़ी;
9. खेड़ा से कोल्हा;
10. भावड़ से गढ़वाल वाया निजामपुर;
11. बड़ौदा से गढ़ी;
12. अहमदपुर माजरा से विचपड़ी; तथा

क्रम संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	(ख) यदि हां तो पूर्वोक्त सड़कों की मरम्मत कब तक किए जाने की संभावना है ?			
		18-11-96		
146.	श्री कृष्ण लाल द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न सं0 6 के उत्तर में— क्या गृह मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या गांव मूनक बस स्टैंड से गांव कवी (जिला पानीपत) तक सड़क की मरम्मत करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन हैं ; यदि हां, तो उक्त सड़क की मरम्मत कब तक किए जाने की संभावना है ?	"हां श्रीमान् जी, मुनक बस स्टैंड से गांव वनी सड़क की जरूरी मरम्मत जो कि अच्छी हालत में नहीं थी, पहले ही कर दी गई है। मोरमाजरा से कवी हिस्से की विशेष मरम्मत और सरफेसिंग शीघ्र ही कर दी जाएगी।"		
		19-11-96		
147.	श्री रमेश कुमार द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न सं0 75 के उत्तर	क्रमांक 4 पर बनवासा से छपरा सड़क के निर्माण का प्रस्ताव है । हम वाकी की		

में—क्या गृह मंत्री कृपया बताएंगे कि—

(क) क्या जिला सोनीपत में निम्नलिखित नई सड़कों का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है :—

1. छिछड़ाना से कथूरा;
2. राणा-खेड़ी से बागड़;
3. सिवाना माल से बागड़ ;
4. बनवासा से छपरा ;
5. मातड से छतैरा ;
6. बुसाना से बादोठी इत्यादि ; तथा

(ख) यदि हां तो पूर्वोक्त सड़कों का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है ?

सड़कों के निर्माण बारे भी विचार कर रहे हैं एवं धन के प्रबंध बारे प्रयत्न कर रहे हैं तथा जैसे ही धन उपलब्ध होता है इन सड़कों को निर्माण के लिए बजट में सम्मिलित कर लिया जाएगा ।

क्र0 सं0	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		19–11–96		
148.	श्री भागी राम द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न सं0 81 के उत्तर में– क्या गृह मंत्री कृपया बताएंगे कि–– (क) क्या जिला सिरसा में घग्घर नदी पर ओटू पुल को असुरक्षित घोषित किया गया है ; तथा (ख) यदि हां, तो क्या ऊपर के भाग (क) में यथा निर्दिष्ट नदी पर नया पुल बनाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ?	(क) घग्घर नदी पर सिरसा-ओटू-रानियां सड़क क्रासिंग पर बना पुल कमजोर पुल घोषित किया गया है । (ख) इस पुल के पुनर्निमाण का प्रस्ताव है ।	(क) ब्रिज कम्पलैक्स की दूसरी तरफ ओटू में शीर्ष "कमजोर पुल" शीर्ष "कृपया गाड़ी धीरे चलाएं" विभर सूचना बोर्ड लगा है । पुलों के आखिर पर मोड़ वाले ओपरोचिव है । पुलों पर यातायात के लिए ज्यादातर एक रास्ता प्रयोग किया जाता है क्योंकि कैरिजवे की चौड़ाई 3.66 मीटर है । इस लिए पुलों के ओपरोचिज पर स्पीड ब्रेकरों का निर्माण नहीं किया गया है । (ख) घग्घर नदी के ऊपर नया ओटू पुल निर्माण हेतु 1,24,15,400/– रुपये की प्रशासकीय अनुमति आयुक्त	समिति इस बारे में नवीनतम स्थिति जानना चाहती है । (8–9–98)

एवं सचिव लोक निर्माण विभाग, हरियाणा सरकार के पत्र क्रमांक 13/13/87–लो0 नि0वि0 4(2) दिनांक 23.12.87 द्वारा प्रदान की जा चुकी है। इस प्रशासकीय अनुमति में 'उत्तरी घग्घर कैनाल (एन0 सी0 जी0) पश्चिम घग्घर कैनाल (एस0जी0सी0) तथा शेर.-वाली सामान्तर नहरों के ऊपर पुल का निर्माण भी शामिल है। यह कार्य वित्तीय कमी के कारण अब तक शुरू नहीं हो सका।

(5–6–98)

21–11–96

149.	श्री कैलाश चन्द्र शर्मा द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न सं0 8 के उत्तर में––क्या विकास तथा पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि जिला महेन्द्रगढ़ की निम्नलिखित	इन सड़कों का निर्माण कार्य वर्ष 1997–98 में पूरा होने की संभावना है।

क्र0 सं0	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	सड़कों का निर्माण कार्य कब तक पूरा होने की संभावना है :— 1. आसरावास से बूढ़वाल वाया ढाणी सागावाली ; 2. नियामतपुर से मोरूण्ड से रायमलिकपुर ; 3. नागल दर्गू से मोसनोता ; 4. ढाणी सैनिया (थननास) से राजस्थान सीमा ; 5. गांवड़ी जाट से सरेली ; 6. दंताल से राजस्थान सीमा ; तथा 7. गहली से मरहमपुर ?			

20-11-96

150. श्री राम फल कुण्डु द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न सं0 159—	इन सड़कों की आवश्यक मुरम्मत का कार्य शुरू कर दिया गया है और 31 मार्च, 1997 तक पूरा होने की संभावना है ।
क्या गृह मन्त्री कृपया बताएंगे कि क्या सफीदों उप-मण्डल की निम्नलिखित क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है—	
1. सफीदों सरफाबाद सड़क ;	
2. अचरा कलां पहुंच मार्ग ;	
3. कलवा वुटानी सड़क ;	
4. हाट से वुटानी सड़क ;	
5. जामनी-भम्बेवा सड़क ;	
6. जामनी-सफीदों सड़क ; तथा यदि हां तो उपरोक्त सड़कों की मरम्मत कब तक किए जाने की सम्भावना है ?	

क्र0 सं0	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		20–11–96		
151.	तारांकित प्रश्न संख्या 90 के संबंध में श्री कृष्ण हुड्डा द्वारा पूछा गया प्रश्न— अध्यक्ष महोदव मैं आपके माध्यम से, मंत्री महोदय से पूछना चाहता हूं कि जो सड़कों पर चेपी लगाने का काम था वह कब तक पूरा हो जाएगा ?	अध्यक्ष महोदव, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को बताना चाहता हूं कि सड़कों की मरम्मत का काम 31–5–97 तक पूरा हो जाएगा ।		
		20–11–96		
152.	तारांकित प्रश्न संख्या 90 के संबंध में श्री भागी राम द्वारा पूछा गया पूरक प्रश्न— अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मन्त्री जी से यह जानना चाहता हूं कि जिन सड़कों की मरम्मत 31-5-	अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय सदस्य को पूरी जानकारी दे सकता हूं कि कौन सी सड़क पर कितने पैसे का प्रावधान हमने * * * * * * * किया है (विघ्न) जहां तक काम शुरू करने की बात है अध्यक्ष महोदय, आप जानते है कि यह काम 31–5–1997 तक पूरा हो		

	1997 तक पूरी कर दी जायेगी, क्या उन पांचों सड़कों में से क्या किसी एक सड़क पर काम शुरू हुआ है अगर हुआ है तो कृपया उस सड़क का नाम बताएं ?	जाएगा तथा मैं विश्वास दिलाता हूं कि यह काम जल्दी ही शुरू करवा दिया जाएगा।

11-3-97

153.	श्री बलवंत सिंह द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 258— क्या लोक निर्माण (भवन तथा सड़कें) मंत्री कृपया बताएंगे कि– (क) क्या जिला रोहतक में गांव खेरावर से नोनौंद तक क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा (ख) यदि हां, तो उक्त सड़क की मरम्मत कब तक किए जाने की संभावना है ?	(क) हां, श्री मान् जी। (ख) इस सड़क पर भारी पैच कार्य की आवश्यकता है जो कि धन की उपलब्धता पर 30-4-97 तक पूर्ण होने की संभावना है।

11-3-97

154.	तारांकित प्रश्न संख्या 258 के संदर्भ में श्री बलवन्त सिंह मायना	अध्यक्ष महोदय, 800 मीटर का यह टुकड़ा है इस पर प्रिएम्पटिंग और कारपेंटिंग दो

क्र0 सं0	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : "अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से यह अनुरोध करूंगा कि वे इस संभावना को थोड़ा क्लीयर करें कि ये सड़कें निर्धारित समय पर पूरी हो जाएंगी। अध्यक्ष महोदय, खेरावड़ से नोनींद हो कर पाकसमा तक रोड़ जा रहा है जिसकी हालत काफी खस्ता है और रोड़ पर काफी खड्डे पड़े हुए हैं, क्या इस पर पैच वर्क के लिए सरकार विचार करेगी।"	महीने तक हो जाएगी और रैम्पिंग का काम जून तक कम्पलीट हो जाएगा।		
		12-3-97		
155.	श्री बलवंत सिंह द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 259— क्या लोक निर्माण (भवन तथा	(क) हां, श्रीमान् जी। (ख) धन की उपलब्धता पर सड़क के शेष भाग को जून, 1997 के अंत		

	सड़कें) मंत्री कृपया बताएंगे कि (क) क्या यह तथ्य है कि जिला रोहतक में गांव बालंद से करौंधा तक सड़क का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है; तथा (ख) यदि हां, तो उपर के भाग (क) में यथानिर्दिष्ट सड़क का निर्माण कब तक आरम्भ/पूरा किये जाने की संभावना है ?	तक पूरा कर दिए जाने की संभावना है ।
		17-3-97
156.	तारांकित प्रश्न सं0 335 के संदर्भ में श्री श्रीकृष्ण हुड्डा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न :— "स्पीकर सर, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से प्रार्थना करूंगा कि यह (कंसाला कंसरेटी सड़क) आम रास्ता है इस पर पुल बनाने की अगर गुंजाइश नहीं है तो कम से कम एक पाईप ही दबवा दें ।"	अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य की प्रार्थना पर विचार किया जाएगा ।
		17-3-97
157.	श्री वीरेन्द्र पाल अहलावत द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 370—क्या लोक निर्माण (भवन	(क) जहाजगढ़ पालड़ा सड़क पर नये पुल का निर्माण कार्य दिनांक 18-2-97 से शुरू हो चुका है ।

क्र0 सं0	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	तथा सड़कें) मंत्री कृपया बताएंगे कि— (क) क्या जहाजगढ़ पालड़ा सड़क पर ड्रेन नं0 8 के क्षतिग्रस्त पुल का निर्माण/मरम्मत करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; (ख) यदि हां, तो उक्त पुल को कब तक निर्मित/मरम्मत किये जाने की संभावना है ?	(ख) इस पुल का निर्माण कार्य दिनांक 15-7-97 तक पूरा हो जाने की योजना है ।		
		19-3-97		
158.	तारांकित प्रश्न सं0 349 के संदर्भ में श्री बीरेन्द्र सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न— "मैं यह जानना चाहता हूं	"अध्यक्ष महोदय, हमारी वर्ल्ड बैंक से इस बारे में बातचीत चल रही है । कोटपुतली से नारनौल, नारनौल से महेन्द्रगढ़-महेन्द्रगढ़ से दादरी दादरी से भिवानी भिवानी से जीन्द और जीन्द से नरवाना		

	कि क्या नारनौल से नरवाना वाया दादरी, भिवानी तथा जीन्द सड़कें तथा रिवाड़ी से पानीपत वाया झज्जर तथा रोहतक सड़कें राष्ट्रीय राज मार्ग के स्टैण्डर्ड पैटर्न पर बनाई जाएंगी या नहीं ? क्या ये सड़कें भी निधि की उपलब्धता पर बनाई जाएंगी ?"	तक सड़क बनाने के लिए जो चौधरी वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि रिवाड़ी से झज्जर, झज्जर से रोहतक, रोहतक से गोहाना और गोहाना से पानीपत की सड़क को भी वाईडनिंग करने के लिए वर्ल्ड बैंक से बातचीत चल रही है और फाइनेलाईज होने वाली है । हम जल्दी ही काम शुरू कर देंगे ।"
159.	तारांकित प्रश्न संख्या 349 के संदर्भ में श्री अनिल विज द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न :--- "* * * * अध्यक्ष महोदय, मैं मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि क्या वे सम्बन्धित सरकार से इस मार्ग (अम्बाला-चण्डीगढ़ रोड़) को फोर लाईनिंग में बदलने के लिए तथा डेराबस्सी के पास जो रेलवे फाटक है उस पर ओवर-ब्रिज बनाने की कोई बातचीत करने जा रहे हैं अगर कोई बातचीत नहीं चल रही है तो आप क्या एसी कोई बातचीत करने का प्रयास करेंगे ?"	19-3-97 "अध्यक्ष महोदय, रेलवे ओवर ब्रिज बनाने का मामला तो कोई विचाराधीन नहीं है । लेकिन सड़क वाया मोडिया यह है कि पंचकूला से शाहबाद वाया शाहा एक नया रोड़ तैयार किया जाए जिसका स्टेटस करीब करीब नेशनल हाईवे जैसा हो इसके बारे मामला विचाराधीन है और इस बारे में भी वर्ल्ड बैंक ने ही फाइनैंस करना है जैसा कि अभी मैंने व्याख्या की है ।"

क्र0 सं0	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
160.	तारांकित प्रश्न संख्या 349 के संदर्भ में श्री देवराज दीवान द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न — "अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से अनुरोध करूंगा कि जैसा रोहतक से पानीपत का रोड बनाया जा रहा है क्या ऐसा ही रोड सोनीपत का भी बनाने की कृपा करेंगे क्योंकि सोनीपत वाली सड़क की हालत बहुत खस्ता है, कृपया मंत्री जी इस ओर ध्यान दें।"	19-3-97 "अध्यक्ष महोदय, इस स्कीम के तहत रोहतक से सोनीपत (वाया गोहाना) को जोड़ने पर विचार किया जाएगा।"		
161.	तारांकित प्रश्न संख्या 386 के संदर्भ में श्री भागी राम द्वारा पूछा गया प्रश्न —	19-3-97 "हां, श्रीमान जी।"		

क्या लोक निर्माण (भवन तथा सड़कें) मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या ऐलनाबाद जिला सिरसा में लोक निर्माण विश्राम गृह का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ?"	

19-3-97

162.	तारांकित प्रश्न संख्या 406 के संदर्भ में श्री ओम प्रकाश जैन द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न — "अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी को बताना चाहता हूं कि पिछली सरकार ने जो पानीपत में बाई पास बनाना था, वह अभी तक नहीं बनाया है, क्योंकि उसमें पिछली सरकार के चहेतों की बिल्डिंग बीच में आ रही थी। वहां पर नेशनल हाईवे होने से ट्रैफिक का काफी लोड है। क्या मंत्री जी बताएंगे कि उस बाई पास को कब तक बना दिया जाएगा ? साथ ही मैं यह	"इस पर विचार किया जाएगा।"

क्र0 सं0	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	भी जानना चाहता हूं कि जब तक बाई पास नहीं बन जाता तब तक सर्विस लेन कब तक बना दी जाएगी ?"			
		19-3-97		
163.	तारांकित प्रश्न सं0 406 के संदर्भ में श्री राजकुमार सैनी द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न -- "अध्यक्ष महोदय, मैं मंत्री जी की जानकारी में जानना चाहता हूं कि जब पंचकूला से यमुनानगर जाते शहजादपुर व सढौरा जाते हैं तो उस सड़क पर रास्ते में एक पुल बनाया जाना बाकी रहता है । यदि वह बना दिया जाए तो वहां का 20 कि0मी0 "का फासला	"अध्यक्ष महोदय, मैं अपने साथी को बताना चाहूंगा कि अभी तक इस तरह का कोई एस्टिमेट पास नहीं हुआ है । लेकिन यह मामला विचाराधीन है ।"		

	कम हो सकता है क्या मंत्री जी इस पुल को बनाए जाने पर कोई रोशनी डालने की कृपा करेंगे ?''	
		20–3–97
164.	तारांकित प्रश्न संख्या 240 के सम्बन्ध में श्री सतनारायण लाठर द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न––स्पीकर साहब, मैं मंत्री जी का धन्यवाद करता हूं और उसके साथ–साथ यह भी जानना चाहूंगा कि इनमें से एक सड़क/डंहर से भवाना पर मिट्टी डाली हुई है और दूसरी सड़क भवाना से इगराह पर मिट्टी डालने का काम बकाया है तो इन दोनों सड़कों को जल्दी से जल्दी कब तक बना दिया जाएगा ।	अध्यक्ष महोदय, इन सड़कों का इस साल के अन्त तक काम पूरा हो जाएगा ।
		20–3–97
165.	तारांकित प्रश्न सं0 240 के सम्बन्ध में श्री नरेन्द्र सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न–स्पीकर	अध्यक्ष महोदय, हरियाणा प्रदेश की सभी सड़कों का सर्वे कराया जा रहा है। बाढ़ के कारण जो भी सड़कें क्षतिग्रस्त हुई

क्र0 सं0	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	साहब, मैं मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि जून, 1996 में भारी बारिश के कारण महेन्द्रगढ़ जिले की सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई थीं वे सड़कें कब तक रिपेयर करा दी जाएंगी ?	हैं। उनकी मुरम्मत शीघ्रातिशीघ्र करा दी जाएगी ।		
		20-3-97		
166.	श्री बीरेन्द्र सिंह द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न सं0 350-क्या लोक निर्माण (भवन तथा सड़कें) मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या वर्तमान जीन्द बाई-पास का गोहाना सड़क से पटियाला सड़क तक विस्तार करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ?	वर्तमान जींद बाई-पास की गोहाना सड़क से पटियाला सड़क तक की बढ़ौतरी का प्रस्ताव विचाराधीन है ।		

21—3—97

167.	श्री बलवन्त सिंह द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न सं0 266—क्या लोक निर्माण (भवन तथा सड़कें) मंत्री कृपया बताएंगे कि— (क) क्या जिला रोहतक में गांव हसनगढ़ से गांव खुरमपुर तक एक नई सड़क का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ; तथा (ख) यदि हां, तो उक्त सड़क का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है ?	(क) हां, श्री मान जी । (ख) इस सड़क को धन की उपलब्धता पर 31—3—98 तक पूरा किए जाने की संभावना है ।

23—7—97

168.	श्री सतपाल सांगवान द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न सं0459—क्या लोक निर्माण (भवन तथा सड़कें) मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि जिला भिवानी में गांव मिसरी से कासनी	हां, श्रीमान जी, अधीक्षक अभियन्ता भिवानी द्वारा सड़क मिर्च से कासनी तक की प्राथमिक जांच के दौरान ये पाया गया कि अधिक भुगतान किया गया है तथा काम पूरा दिखाया गया हैं । जबकि मौके पर गैपस है ।

क्र0 सं0	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	तक सड़क निर्माण के लिए ठेकेदार को अधिक अदायगी की गई है जबकि उक्त सड़क अभी तक अधूरी पड़ी है; यदि ऐसा है, तो उसके कारण क्या हैं तथा उक्त अदायगी के लिए उत्तर-दायी ठहराए गए अधिकारियों/कर्मचारियों के विरूद्ध क्या कार्यवाही की गई या की जानी प्रस्तावित है ?	विस्तृत जांच करने के बाद सम्बन्धित अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी तथा जिम्मेवारी निश्चित की जाएगी ।		
		23-7-97		
169.	तारांकित प्रश्न संख्या 459 के संदर्भ में श्री अध्यक्ष द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न: "मन्त्री जी, मिसरी और कासनी ये दोनों गांव मेरी कांस्टीच्यूयंसी के हैं ।	अध्यक्ष महोदय, इस सड़क के काम को कम्पलीट न करने की कोताही के लिए अब तक बी0 एस0 सिंगला, एक्सीयन, बलवान सिंह एस0 डी0 ओ0 और प्रताप सिंह जे0 ई0 को रिस्पोंसिबल ठहराया गया है । वे तीनों पहले ही सस्पैंड हो		

इस सड़क की लम्बाई मुझे जहां तक याद है 3.95 किलोमीटर है। इस सड़क को बनाने का ठेका 1993 में दिया गया था। अभी माननीय सदस्य सांगवान ने बताया कि उस सड़क के काम को मैनुप्लेटिंग ढंग से दो हिस्सों में बांटा गया। उस सड़क को बनाने का काम दो हिस्सों में बांटना गलत था। मैं यह जानना चाहता हूं कि उस सड़क के बनाने के काम को दो हिस्सों में क्यों बांटा गया। उस सड़क की कुल लागत 6 लाख 98 हजार कुछ रुपए थी। उस सड़क के लिए वहां पर जो मिट्टी डाली गई वह मैंने और सांगवान साहब ने देखी है। वहां पर चार फुट मिट्टी डाली गई दिखाई गई है लेकिन एक्चुयल में हमने वहां पर मिट्टी को खोद कर देखा था।

हो चुके हैं। इस सड़क का काम 6 महीने में पूरा कर दिया जाएगा।

क्र0 सं0	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	वहां पर डेढ़ फुट से ज्यादा मिट्टी नहीं डाली गई है। सड़क के बीच-बीच में गैप पड़े हैं वहां पर 70 हजार की जगह 16 हजार का ही काम किया गया है। मैं उस इलाके का नुमायंदा हूं। कृपया मंत्री जी यह बताएं कि कंसर्न्ड अधिकारी उस सड़क को बनाने में या कम्पलीट करने में आना कानी क्यों कर रहे हैं ?			
	* * * * * *			
	मंत्री जी आप यह बताएं कि कौन-कौन से अधिकारी हैं जिन्होंने इस सड़क को कम्पलीट में आना कानी की है और जिन अधिकारियों ने			

	आनाकानी की उनके खिलाफ क्या कार्यवाही की जा चुकी है। अगर कोई कार्यवाही नहीं की गई है तो उनके खिलाफ सरकार क्या कार्यवाही करने की सोच रही है और इस सड़क को कब तक कम्पलीट करा दिया जाएगा।	

23-7-97

170.	तारांकित प्रश्न संख्या 459 के संदर्भ में श्री सोमबीर सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न— "अध्यक्ष महोदय, मेरी कांस्टीच्यूएंसी लोहरू के अन्दर तीन सड़कें हैं। एक सड़क फरटिया सीमा से भरटीया लाल तक दूसरी सड़क भूटेरा से बीठन तक और तीसरी बढ़नू मुगल से नई मुगल तक है। इन तीनों पर एक साल पहले अर्थ वर्क हुआ था और रोड़ी डाली गई थी लेकिन तारकोल नहीं डाला।	अध्यक्ष महोदय, इन तीनों सड़कों पर अगले छः महीने में काम पूरा कर दिया जाएगा।

क्र0 सं0	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	गया था । उसको आज एक साल हो गया है । आज भी वहां पर तारकोल नहीं डाला गया है । जिससे वहां पर, लोगों को परेशानी होती है । क्या इन तीनों सड़कों पर तारकोल डालने के लिए मंत्री जी समय निर्धारित करेंगे कि कब तक तारकोल डाल दिया जाएगा ।"			
171.	राज्यपाल महोदय का अभिभाषण	19–1–98 "हरियाणा राजमार्ग उन्नयन परियोजना जिस पर लगभग 1,408 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है, का मूल्यांकन विश्व–बैंक द्वारा पूरा किया जा चुका है और अब यह मामला विचाराधीन है । इस परियोजना के तहत राज्य के सभी राजमार्गों का 4–5 वर्ष की अवधि के अन्तर्गत दर्जा बढ़ाना परिकल्पित है ।"		

172.	श्री रमेश कुमार द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न 518—	
	क्या लोक निर्माण (भवन तथा सड़कें) मंत्री कृपया बताएंगे कि बड़ौदा निर्वाचन क्षेत्र की निम्नलिखित क्षतिग्रस्त सड़कों की मुरम्मत कब तक की जाएगी—	"लोक निर्माण विभाग (भवन तथा सड़कें शाखा) से सम्बन्धित क्रमांक (i) से (iv) तथा (vi) पर दर्शाई गई सड़कों की मुरम्मत जून, 1998 के अन्त तक कर लिए जाने की संभावना है। क्रमांक (v) पर वर्णित सड़क, जो कि हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की सड़क है, की मुरम्मत वर्ष 1996–97 के दौरान की गई थी तथा इसकी आगामी वित्त वर्ष के लिए वार्षिक मुरम्मत जून, 1998 के अन्त तक कर ली जाएगी।
	(i) महमूदपुर से छतेहरा; (ii) धुराना से काढोठी; (iii) बुटाना से राणाखेड़ी (iv) कोहला से निजामपुर; (v) कोहला से बनवासा (vi) मदीना से मिर्जापुर खेड़ी; तथा (vii) धनाना से कथूरा ?	क्र0 सं0 (vii) पर वर्णित सड़क के एक बड़े भाग की विशेष मुरम्मत हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा वर्ष 1996–97 के दौरान कर ली गई थी तथा शेष भाग को मरम्मत के अन्तर्गत वर्ष 1998–99 के दौरान शामिल किया जाएगा। तथापि, इस सड़क को मार्च, 1998 के अन्त तक वार्षिक मुरम्मत कार्यक्रम के अन्तर्गत भी शामिल कर लिया जाएगा।"

क्रम सं0	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
173.	श्री कृष्ण लाल द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 491--- क्या लोक निर्माण (भवन तथा सड़कें) मंत्री कृपया बताएंगे कि--- (क) क्या निम्नलिखित सड़कों की मुरम्मत करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ;--- (i) कवी से धर्मगढ़ (पानीपत) (ii) किराल से बाल जाटान वाया खडरा (पानीपत) (iii) सालवन से कुरलान (करनाल)	20-1-98 "(क) हां, श्री मान जी । (ख) मार्च, 1998 तक ।		

(iv) असंध में डेरा गुजराखिया;

(v) असंध से डेरा ग्राम

(vi) टुपेडी से फफराना तथा,

(vii) सालवन से कबुलपुर खेड़ा, तथा

(ख) यदि हां, तो उक्त सड़कों की मुरम्मत कब तक किए जाने की सभावना है ?

22-1-98

174. तारांकित प्रश्न सं0 561 के संदर्भ में श्री अशोक कुमार द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न— "अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं कि लाडवा से करनाल वाली रोड जो बुरी तरह से टूटी हुई है व उसको भी ठीक करने क्या चौड़ी करने की कोशिश करेंगे ?	अध्यक्ष महोदय, लाडवा से करनाल वाली सड़क को भी हम अवश्य ही ठीक व चौड़ा करेंगे ।

क्रम सं0	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		22-1-98		
175.	तारांकित प्रश्न सं0 561 के संदर्भ में श्री ओम प्रकाश जैन द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—अध्यक्ष महोदय, अगर वहां पर (पानीपत) बाई पास नहीं बनाया जा सकता है, और उस पर सरकार का बहुत थोड़ा पैसा खर्च होगा। मेरी मंत्री जी से प्रार्थना है कि वहां पर एक मिनी बाई पास जल्दी बना दें। ताकि लोगों को राहत मिल सके।	अध्यक्ष महोदय, वहां पर कोई बाई पास या मिनी बाई पास बनाने की कोई स्कीम नहीं है। पानीपत शहर का बहुत ज्यादा विस्तार हो चुका है इसलिए वहां पर बाई पास बनाना संभव नहीं है। लेकिन वहां पर ट्रैफिक का लोड देखते हुए एक एलीवेटिड ब्रिज बनाने की सरकार की स्कीम है।		

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

PUBLIC WORKS DEPARTMENT
(PUBLIC HEALTH)

Note :—In case an assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्रम संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		11-3-92		
176.	तारांकित प्रश्न संख्या 242 पर श्रीमती चन्द्रावती द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न–"अभी मंत्री महोदय ने अपने जवाब में बताया कि पापुलेशन के बढ़ जाने से कहीं कहीं पानी की कमी हुई है। भिवानी जिले के बहुत सारे गांव में पानी की बहुत किल्लत है वहां पर 15-20 योजनाएं भी बनी हुई हैं लेकिन अभी तक पीने के पानी की किल्लत है, स्पीकर साहब, एक बढ़ेरा गांव लोहारू में है, वहां पर पानी बिल्कुल खारा है और स्वच्छ पानी का कोई प्रबन्ध नहीं है। क्या सरकार इन योजनाओं को रिवाईज करके पीने के स्वच्छ पानी की सुविधा लोगों	स्पीकर साहब, पर पापुलेशन बढ़ने की वजह से पानी की कमी है उनको हम अलग से आगमेंटेशन स्कीम के तहत बूस्ट स्टेशन लगा कर पानी की सप्लाई का प्रबन्ध कर रहे हैं। इसके इलावा हम अलग से इन स्कीमों के जोन्ज बना रहे हैं फर्ज करो कि एक 15 गांव की स्कीम है उसको हम तीन जगहों पर पांच-पांच गांव के जोन्स बना रहे हैं ताकि जल्दी से लोगों को पानी पहुंचाया जा सके। आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान हम बहुत से गांवों की आगमैंट कर रहे हैं। इस तरह इन स्कीमों के तहत सभी गांवों को पीने का स्वच्छ पानी मिलेगा और स्कीमें सुचारु रूप से चलती रहेंगी।	अब भिवानी जिले में 434 गांव हैं। इस जिले में (1-4-92) को 275 गांव में पीने के पानी की 40 एल0पी0सी0डी0 मात्रा से कम थी। 1992-93 में 64 गांवों में पीने के पानी की मात्रा में बढ़ोतरी करने के बावजूद, जनसंख्या में वृद्धि व भूमिगत स्त्रोतों में कमी के कारण 1-4-1993 को 256 गांवों में पेयजल 40 एल0 पी0 सी0डी0 से कम था। वर्ष 1993-94 में 64 गांवों में पेयजल को वृद्धि की गई। वर्ष 1994-95, 1995-96 तथा 1996-97 में 145	कमेटी इस बारे में ताजा स्थिति जाना चाहती है। 1-10-97

को मुहैया करेगी ?"		गांवों में पेयजल की वृद्धि की गई । 1-4-1997 को 96 ऐसे गांव हैं जिनमें पेयजल का स्तर 40 एल0 पी0सी0डी0 से कम है । 60 गांवों में कार्य प्रगति पर है शेष 36 गांवों में पेयजल स्तर बढ़ाने का कार्य धन की उपलब्धता पर निर्भर करता है । गांव बुढेरा में अलग से नलकूप लगाकर पेयजल की मात्रा 40 एल0पी0सी0डी0 कर दी गई है ।	
	(20-12-91)	(29-9-97)	
177. ध्यानाकर्षण प्रस्ताव—"हरियाणा के घनी आबादी वाले गांवों छोटे कस्बों में सीवरेज सिस्टम की व्यवस्था करने सम्बन्धी" के संदर्भ में श्रीमती चन्द्रावती द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"अध्यक्ष महोदय बड़े गांव व छोटे कस्बों में सीवरेज सिस्टम होना चाहिए । जिन गांवों में दो या तीन पंचायत हैं, आबादी ज्यादा है, गलियों में पानी खड़ा रहता है, कीचड़ बदबू मारती है उस के कारण	अध्यक्ष महोदय, जहां तक छोटे शहरों का सम्बन्ध है, ऐसे 40 शहर हैं जिनमें मल निकास की व्यवस्था नहीं है आठवीं पंचवर्षीय योजना में इन शहरों में भी मल निकास तथा लघु शौचालय के मिलेजुले कार्यक्रम को आरम्भ करने के प्रयास किए जाएंगे ।	हरियाणा राज्य में 40 छोटे शहर हैं जिनमें से 4 छोटे निम्नलिखित शहरों में मल निकास योजनाएं 2.88 करोड़ रुपये की लागत से स्वीकृत हुई हैं तथा 1.48 करोड़ रुपये उपलब्ध करवाए गए हैं । 1. सफीदों 2. गन्नौर	समिति ने इस बारे नवीनतम स्थिति को जानना चाहा । (1-10-97)

क्रम संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	मलेरिया के मच्छर और मक्खियां पैदा होकर बीमारी फैला रहे हैं ।		3. रानियां 4. एलनाबाद	
	अतः शीघ्र ही सीवरेज सिस्टम हो और उसके साथ ही महिलाओं व पुरुषों के लिए शौचालय आदि का प्रबन्ध हो ।		बाकी शहरों में मल निकास प्रणाली लगाने का कोई भी प्रस्ताव नहीं है । 8वीं पंचवर्षीय योजना में एक गांव आदमपुर में एच0 आर0 डी0 एफ0 की सहायता से सीवरेज व्यवस्था चालू की गई । 2 अन्य बड़े गांवों बालसमन्द जिला हिसार और बबियाल (अम्बाला) में वार्षिक योजना के अन्तर्गत ड्रेनेज का कार्य प्रगति पर है तथा अन्य तीन बड़े गांवों सीसवाल, आर्यनगर तथा सादलपुर जिला	

			हिसार में एच0 आर0 डी0 एफ0 की सहायता से ड्रेनेज का कार्य प्रगति पर है इन गांवों के कार्यों की अनुमानित राशि 2.73 करोड़ रुपये है जिस के विरूद्ध 1.70 करोड़ रुपये उपलब्ध करवाए गए हैं। जहां तक ग्रामीण क्षेत्र में घरों में लघु शौचालय निर्माण करने का सम्बन्ध है यह कार्य 1994–95 से केवल पंचायत विभाग द्वारा ही किया जा रहा है। केन्द्रीय सहायता प्राप्त करने के लिए जन स्वास्थ्य विभाग में जो राशि स्वीकृत की जाती है वह पंचायत विभाग को स्थानान्तरण कर दी जाती है। वर्ष 1996–97 में 135 लाख रुपये स्थानान्तरण किए गए। (29–9–97)	
178.	तारांकित प्रश्न 242 पर श्री बंसी लाल द्वारा पूछा गया अनुपूरक 11–3–92	* * * * * * हम कोशिश कर रहे हैं कि जो बड़े-बड़े	जलधर बापोड़ा समूह योजना के 57 गांवों में से 37 गांवों	कमेटी इस बारे में ताजा स्थिति

क्रम संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	प्रश्न ''क्या सरकार के नोटिस में यह बात है कि भिवानी जिले में बापोड़ा एक बहुत बड़ा गांव है और उस गांव में वाटर सप्लाई स्कीम है जिसका 70-80 गांवों को पानी जाता है ? उस वाटर सप्लाई स्कीम के रिजर वायर के जो टैंक हैं उनमें इतनी मिट्टी भर गई है कि अब उनकी कैपेसिटी पचास परसैंट रह गई है और 15–15 दिनों तक गांव में पीने का पानी नहीं जाता * * इस समस्या को कब तक ठीक कर दिया जाएगा।''	गांवों की स्कीम है उनको आगमैंटेशन के जरिए पानी दें। मैं सदन की जानकारी के लिए यह भी बताना चाहता हूं कि आठवीं योजना में बड़े-बड़े गांवों में आगमैंटेशन बूस्टिंग स्टेशन लगाने की योजना है।	के लिए 14 नए जलघर स्वीकृत किए गए थे। इन सभी 14 जलघरों का कार्य समाप्त करके सभी गांवों में जल आपूर्ति सुचारू रूप से कर दी गई है। वर्ष 1996–97 में "बी" ग्रुप स्कीम के शेष बचे 21 गांवों में जल वितरण स्तर 70 एल0पी0 सी0डी0 तक लाने हेतु 4 नई योजनाएं (निमडी वाली, नन्द गांव, निगाना कलां एवं धानी ब्राह्मण) सरकार द्वारा मंजूर की गई हैं। जिन पर कार्य प्रगति पर है यह कार्य 3/98 तक पूर्ण हो जागगा और सभी गांवों में जल स्तर 70 एल0पी0 सी0डी0 तक हो जाएगा। जल घर बापोड़ा पर तीन स्टोरेज	जानना चाहती है। (7-10-97)

टैंक हैं जिनमें से एक स्टोरेज टैंक की मिट्टी पूरी निकलवाई जा चुकी है तथा 2 टैंकों में लगभग 2–2 फुट मिट्टी जमा है, जो शीघ्र ही निकाल दी जाएगी तथा पानी की सप्लाई बापोड़ा वाटर वर्कस से पूरे महीने दी जाती है। वह वर्तमान में बापोड़ा से इन गांवों में जल वितरण 63 एल0पी0सी0डी0 दी जा रही है। जोकि चार नए जल घर पूर्ण हो जाने पर 70 एल0पी0सी0डी0 हो जाएगी।

(29–9–97)

11–3–92

179. तारांकित प्रश्न संख्या 204 पर श्री वीरेन्द्र सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"स्पीकर साहब, यह जो फिलिंग है कि लोगों को हर जगह पानी कम मिल रहा है। इस बारे में इन्होंने बताया कि बीस लीटर प्रति व्यक्ति हम गांव में पानी पहुंचाते हैं। क्या मंत्री

* * * * * * * *

स्पीकर साहब मैं स्पष्ट तौर पर आश्वासन आपको दे सकता हूं कि बीस लीटर पानी बहुत से गांवों में प्रति व्यक्ति दिया जाता है इसका मतलब है कि वहां पर पानी की कमी है और उस बीस लीटर पानी को हम अगली पांच वर्षीय प्लान में चालीस लीटर

8वीं पंचवर्षीय योजना में कुल 3623 गांवों में से 2536 गांवों में 40 एल0पी0सी0डी0 तक पेयजल सुधार किया गया बाकी 1087 गांवों में पेयजल सुधार 9वीं पंचवर्षीय योजना में प्राथमिकता के आधार पर सुधार किया जाएगा। वर्ष

कमेटी इस बारे में ताजा स्थिति जानना चाहती है।

(7–10–97)

क्रम संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	महोदय बताएंगे कि अब तक कितने गांवों को इन्होंने इस हिसाब से पानी दिया है ?"	करने जा रहे हैं और यह भी हम पांच वर्षीय प्लान में करने जा रहे हैं कि जहां डैजर्ड हैं वहां चालीस लीटर से सत्तर लीटर पानी दिया जाएगा । वहां के पशुओं के लिए तीस लीटर पानी ऐडीशनल करने जा रहे हैं और यह भी प्रावधान है कि 120 गांवों में जो बड़े-बड़े गांव हैं 10,000 से ज्यादा आबादी के गांव हैं हम उनका पानी 110 लीटर करने जा रहे हैं और उन के यहां पानी निकासी की व्यवस्था भी हम आठवीं पंचवर्षीय योजना में करने जा रहे हैं ।	1992–93 में सर्वेक्षण शुरू किया गया जोकि वर्ष 1994 के अन्त में पूर्ण हुआ । 2723 गांवों की संख्या जोकि 17–9–1994 में दर्शाई गई थी वह बढ़कर 3623 गांव हो गई । सूखाग्रस्त जिला क्षेत्र में अब 8 जिले पड़ते हैं जिनमें कुल 2406 गांव हैं । 2 नए जिले झज्जर व फतेहाबाद जोकि जिला रोहतक व हिसार के भाग थे । इन में 70 एल0पी0सी0डी0 पेयजल सुविधा प्रदान करने की योजना केन्द्रीय सहायता (डी0 डी0 पी0) के अन्तर्गत कार्यान्वित की जा रही है तथा 8वीं पंचवर्षीय योजना के अन्त तक 60.80 करोड़ रुपये व्यय करके 550 गांव लाभान्वित हुए हैं ।	

			9वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान 300 गांवों में जोकि 35 करोड़ रुपये की लागत से अनुमोदित हुई है जिसके विरुद्ध 12.35 करोड़ रुपये उपलब्ध हैं । केन्द्रीय सरकार से सहायता प्राप्त होने पर कार्य की प्रगति निर्भर करती है । (29-9-97)
		23-3-92	
180.	ध्यानाकर्षण सूचना संख्या 17 पर श्रीमती चन्द्रावती द्वारा पूछे गए अनुपूरक प्रश्न के उत्तर में ।	स्पीकर साहब, मैडम के हल्के में 101 गांव हैं जिनमें से 69 गांवों में पीने के पानी की ठीक सुविधा है । बाकी गांवों में थोड़ी दिक्कत है उसको भी हम ठीक करेंगे । जिन-जिन कुओं का मीठा पानी है उन कुओं को वाटर सप्लाई स्कीम की लाईनों से कनैक्ट करने के बारे में विचार करेंगे ।	लोहारू हल्के में 101 गांव पड़ते हैं । 101 गांवों में (जिला भिवानी) की दस नल-कूप आधारित योजनाओं में 66 गांव हैं जिनमें जल आपूर्ति सुचारू रूप से है । वर्ष 1995-96 तक 30 नलकूपों से जल आपूर्ति की जाती थी । वर्ष 1996-97 के दौरान 6 योजनाओं पर 10 नलकूप लगाए गए तथा चालू कर दिए गए जिनसे कमी वाले गांव में जल वितरण बढ़ौतरी की जा चुकी है । अब 56 गांवों में जल स्तर 45
			कमेटी इस बारे में ताजा स्थिति जानना चाहती है । (7-10-97)

क्रम सख्या	संदर्भ	दिनांक/ग्राश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन है तथा बाकी दस गांवों में 25–27 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन है । शेष 35 गांवों में जल-वितरण प्रणाली नहरी पानी पर ग्राधारित है । इन में से 8 योजनाएं पूरी की जा चुकी हैं तथा ग्रन्य 8 नयी योजनाएं स्वीकृत की गई हैं जो निम्न हैं :— 1. जल वितरण योजना झुम्पा कलां 2. जल वितरण योजना ढाणी भाकरा 3. जल वितरण योजना कालौद 4. जल वितरण योजना बड़द्, पूर्ण। 5. जल वितरण योजना गैंडावास एवं बख्तादपुरा	

6. जल वितरण योजना लाला-
वास

इसके अलावा दो बूस्टिंग स्टेशन भी जल ग्रावर्धन के मंजूर किये गए हैं।

1. बूस्टिंग स्टेशन गुरेरा

2. बूस्टिंग स्टेशन हरियावा

(29-9-97)

181. तारांकित प्रश्न सं0 324 के संदर्भ में श्री वीरेन्द्र सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न——

"मैं मंत्री जी से यह जानना चाहता कि क्या करनाल, सोनीपत, पानीपत और फरीदाबाद को यमुना एक्शन प्लान के तहत लिया गया है? मैं मंत्री महोदय से यह कहना चाहता हूं कि यह जो 11 करोड़ 46 लाख रुपये खर्च करने की बात है, यह केवल एक गन्दे नाले को फिलअप

21-12-92

*****हम मुगल कैनाल पर इम्प्रूवमैंट ट्रस्ट कौमर्शियल काम्पलैक्स बनाएंगे।

मुगल कैनाल, करनाल की रिमाडलिंग का 1225 लाख रुपए का एक अनुमान सरकार द्वारा प्रशासकीय अनुमोदित किया गया है। पहले चरण में 1091.00 लाख रुपये का कार्य किया जाना है। जिसमें से इस विभाग द्वारा 585.00 लाख रुपये का कार्य जिसमें 1350 मीटर लम्बी ग्रार0 सी0 सी0 बोक्स ड्रेन और 1800 मीटर कच्चा ओपन चैनल बनाने

(7-10-97)

कमेटी इस बारे में ताजा स्थिति जानना चाहती है।

क्रम संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	3	5
	करने के लिए है। क्यों नहीं यमुना एक्शन प्लान के तहत आप इस पैसे का इस्तेमाल करते ताकि वहां पर लोगों का भला भी हो सके और उस एरिया का डिवैल्पमैंट भी हो सके ?"		का कार्य सम्मिलित है। शेष कार्य हुड्या और बी0 एण्ड आर0 द्वारा किया जाना है। 684 मीटर आर0सी0सी0 बोक्स ड्रेन और 900 मीटर ओपन चैनल का कार्य किया जा चुका है। ड्रेन की III रीच के 435 मीटर लम्बाई में अब बाक्स ड्रेन की जगह कच्चा चैनल बनाने और मेरठ रोड में पुल भी जल स्वास्थ्य विभाग द्वारा बनाने का फैसला किया गया है। यह कार्य 3/98 तक इम्प्रूवमैंट ट्रस्ट द्वारा धनराशि के उपलब्धता अनुसार पूरा होने की सम्भावना है। कौमर्शियल कम्पलैक्स बनाने का कार्य इम्प्रूवमैंट ट्रस्ट द्वारा किया जाएगा। (29-9-97)	

		25–2–93		
182.	तारांकित प्रश्न संख्या 427 पर श्री किताब सिंह मलिक द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न— स्पीकर साहब, गोहाना में सीवरेज का काम बहुत दिनों से बन्द पड़ा है और यह कह रहे हैं कि पक्के तौर से बन्द नहीं हुआ है। मंत्री जी से मेरी प्रार्थना है कि वह बताने मेहरबानी करें कि यह काम कब से बन्द है।	स्पीकर सर, मैंने आपके माध्यम से इनको बताया है कि पिछले वित्तीय वर्ष में उस स्कीम के लिए कोई पैसा नहीं दिया गया था और अगले वित्तीय वर्ष में दिया जाएगा।	गोहाना शहर में आंशिक रूप से सीवरेज सुविधायें उपलब्ध हैं और यह कार्य 38.31 लाख रुपये के एक अनुमान के अन्तर्गत किया जा रहा है। इस योजना पर अब तक 38.44 लाख रुपये खर्च हो चुके हैं। इसलिये इस अनुमान को यहीं बन्द कर दिया गया है। शेष कार्य करने हेतु एक रिवाईज्ड अनुमान बनाया जा रहा है जिसे सक्षम अधिकारी से अनुमोदित करवाने का प्रस्ताव है। शहर में सीवरेज लगाने का कार्य अगले 2–3 वर्षों में पूरा होने की सम्भावना है। (29–9–97)	कमेटी इस बारे में ताजा स्थिति जानना चाहती है। (7–10–97)
		26–3–93		
183.	ध्यानाकर्षण सूचना नं0 5 के संदर्भ में श्री अमर सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—***जब विन्टर सीजन में यह हालत है कि	"*** जिन गांवों में पानी की समस्या है, उनके लिए आने वाली पंचवर्षीय योजना में पैसों का प्रावधान है। मई जून के महीनों में पिछले साल से	अब भिवानी जिले में 434 गांव है। इस जिले में 1–4–1992 को 275 गांवों में पीने के पानी की मात्रा 40	कमेटी इस बारे में ताजा स्थिति जानना चाहती है। (7–10–97)

क्रम संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	2	3	4
	2–3 कि0मी0 दूर से पानी लाना पड़ता है और बैलों को, पशुओं को दूसरे गांवों में जाकर पानी पिलाने जाना पड़ता है।	कुछ ज्यादा करके हम दिखाएंगे। एक कैटेगरी में 165 गांव हैं।	एल0पी0सी0डी0 से कम थी। 1992–93 में 64 गांवों में पीने के पानी की मात्रा में बढ़ोतरी करने के बावजूद जनसंख्या वृद्धि व भूमिग्रस्त स्रोतों में कमी के कारण 1–4–1993 को 256 गांवों में पेयजल 40 एल0पी0सी0डी0 से कम था। वर्ष 1994– में 64 गांवों में पेयजल की वृद्धि की गई। वर्ष 1994–95, 1995–96 तथा 1996–97 में 145 गांवों में पेयजल की वृद्धि की गई। 1–4–1997 को 96 ऐसे गांव हैं जिनका पेयजल स्तर 40 एल0पी0सी0डी0 से कम है। 60 गांवों में कार्य प्रगति पर है। शेष 36 गांवों में	

			पेयजल स्तर बढ़ाने का कार्य धन की उपलब्धता पर निर्भर करता है । (29—9—97)	
		2-3-93		
184	तारांकित प्रश्न संख्या 417 के संदर्भ श्री सतबीर सिंह कादियान द्वारा पूछा गया प्रश्न—"क्या मंत्री महोदय बताने की कृपा करेंगे कि जो गांव दस हजार की आबादी से ज्यादा के हैं और पब्लिक हैल्थ डिपार्टमैंट की तरफ से पानी की टूटियां लगी हुई हैं क्या वहां पर सीवरेज सिस्टम बनाने का सरकार का कोई इरादा है ?"	जी हां, विचाराधीन है ।	8वीं पंचवर्षीय योजना में एक गांव आदमपुर में एच0 आर0 डी0 एफ0 की सहायता से सीवरेज व्यवस्था चालू की गई । दो अन्य बड़े गांव नालसमंद जिला हिसार और बबियाल (अम्बाला) में वार्षिक योजना के अन्तर्गत ड्रेनेज का कार्य प्रगति पर है तथा अन्य 3 बड़े गांव जैसे कि सीसवाल, आर्यनगर तथा सादलपुर जिला हिसार में एच0 आर0 डी0 एफ0 की सहायता से ड्रेनेज कार्य प्रगति पर है । इन चारों कार्यों की अनुमानित राशि 2.73 करोड़ रुपये है जिसके विरुद्ध 1.70 करोड़ रुपये उपलब्ध करवाए गए हैं । (29-9-97)	(समिति इस बारे में नवींनतम स्थिति जानना चाहती है) (21-10-97)

क्रम संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		1-9-93		
185	तारांकित प्रश्न संख्या 560 के संदर्भ में श्रीमति चन्द्रावती द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—" अध्यक्ष महोदय, . . लोहारु के वारे में खुद सी0 एम0 साहब ने एडमिट किया है कि वहां पानी की कमी है मिट्ठी गांव में एक डिग्गी बननी थी लेकिन दस साल हो गये हैं आज तक वहां डिग्गी नहीं बनी है। मिट्ठी और मौरका इन दो गांवों में पिछले दस साल के पार्टीकुलरली पानी की दिक्कत है। एक तो बिजली की कमी की वजह से दिक्कत हो रही और दूसरे नलकूप का जो डिपार्टमैंट वह है डिपार्टमैंट बिल्कुल ठप्प पड़ा है। मौके पर जाकर कोई	लोहारु के बारे में जैसा कि माननीय सदस्य ने कहा है कि वह ठीक है। हम ने खुद माना है कि लोहारु में जितना पानी मिलना चाहिए उतना नहीं मिल रहा है। यहां पर पहले रूरल बेस्ड स्कीम थी और अब म्युनिसिपल कमेटी बन गई है इसलिए अर्बन वाटर सप्लाई स्कीम के अन्डर आ गई है। वहां पर दो ट्यूबवैल पहले से काम कर रहे हैं। लोहारु के लिये तीस गैलन पानी देने का हमने निशाना बनाया है। इसके लिए चार ट्यूबवैल और चाहिए। इनमें से दो ट्यूबवैल इसी फाईनैंशियल ईयर में चालू करके पानी की मात्रा बढ़ाने का प्रयत्न करेंगे। बाकी जो दो ट्यूबवैल्ज की बात है उनको भी आगे लगाने का प्रयत्न करेंगे।	(1) लोहारु शहर में जल वितरण की बढ़ौतरी का कार्य 51.52 लाख रुपये के दो अनुमानों के अन्तर्गत किया जा रहा है। चार नलकूप और लगा दिए गए हैं जिनमें से 3 नलकूप चालू कर दिए गए हैं इस समय शहर का जल स्तर 18 गैलन प्रति व्यक्ति प्रतिदिन है। (2) पहले मिट्ठी गांव 11 गावों की जल वितरण समूह योजना थी। इस में से 6 गांवों की वहल जल वितरण योजना अलग कर दी गई	आश्वासन पैंडिग रखा गया। (21-10-97)

नहीं देखता कि नलकूप क्यों खराब पड़ा है । क्या, मन्त्री महोदय आश्वासन देंगे कि उन सभी नलकूपों को जो खराब पड़े हैं, ठीक कराएंगे और लोगों को साफ पानी मुहैया कराएंगे ?

है । इसके अतिरिक्त ढानी बाकरा को भी अलग कर दिया है जोकि निर्माणाधीन है । मिट्ठी चार गांवों की जल वितरण समूह योजना रह गई है जिसमें निम्नलिखित गांव हैं :—मिट्ठी, मोरका, मतानी, ढानी बाकरा का वर्तमान पेयजल स्तर 70 एल0 पी0 सी0 डी0 है अब समस्या यह है कि मिट्ठी डिस्ट्रीब्यूटरी केवल 3½ दिन चलती है ।

(29-9-97)

1-3-94

186. तारांकित प्रश्न सं0 676 के संदर्भ में चौधरी बलवन्त सिंह मायना द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"अध्यक्ष महोदय, मैं मन्त्री जी से यह कहना चाहता हूं कि उनको तो पता ही है कि * * * * मैं इस बारे में यह बताना चाहता हूं कि म्युनिसिपल कमेटीज के पास फंडज की बहुत कमी है । फंडज की कमी होने के वजह से बहुत सी जगहों पर सीवरेज की वर्किंग ठीक नहीं है । हमने फैसला किया है

रोहतक तथा राज्य के सभी अन्य शहरों की मल निकासी की देख-रेख का कार्य अब जन स्वास्थ्य विभाग को सौंप दिया गया है । गन्दे पानी को तुरन्त पम्पों द्वारा निकाल दिया जाता

समिति इस बारे में नवीनतम स्थिति जानना चाहती है

(21-10-97)

क्र0 सं0	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	सीवरेज की वजह से बहुत प्रदूषण फैलता है। रोहतक के अन्दर बिजली न होने के कारण पानी पम्प-आउट नहीं हो सका है और चार-चार फुट पानी खड़ा हुआ है। इस वजह से वहां पर प्रदूषण और बीमारियां फैल रही हैं। सरकार इस तरह के प्रदूषण को रोकने के लिए क्या कदम उठा रही है ?"	कि सारे हरियाणा के अन्दर म्युनिसिपल कमेटीज की हद्द में पब्लिक हैल्थ डिपार्टमैंट में काम कराएंगे। उसके लिए हम उनको फंडज देने जा रहे हैं। 7-3-94	है और इस समय शहर में गन्दा पानी कहीं नहीं खड़ा है। रोहतक शहर में सीवरेज सुविधाओं की बढ़ौतरी का कार्य 10 करोड़ रुपये के पांच अनुमानों के अन्तर्गत किया जा रहा है। इन योजनाओं पर अभी तक 3.60 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। शेष कार्य प्रगति पर है। (29-9-97)	
187.	श्रीमति चन्द्रावती द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 731— (क) क्या राज्य में चालू वर्ष के दौरान पीने के पानी में सीवरेज का पानी मिलने	(क) जी हां। (ख) ज्यों ही कोई त्रुटिपूर्ण पानी का कनैक्शन पता लगता है उसको बिना किसी विलम्ब के ठीक	राज्य के विभिन्न शहरों में जल दूषित करने वाली पुरानी जंग लगी हुई पाईपों का सर्वेक्षण समय-समय पर किया जाता है और उसे प्राथमिकता के आधार पर तुरन्त बदल दिया जाता	आश्वासन पैंडिंग रखा गया और साथ ही समिति यह भी जानना चाहती है कि जिन-जिन शहरों

	की कोई शिकायत प्राप्त हुई है ; तथा (ख) यदि ऐसा है, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा भविष्य में ऐसी घटना को रोकने के लिए क्या पग उठाए गए या उठाए जाने ग़ग़ग़ित हैं ?	करवा दिया जागगा । * * * * * * * जैसा कि यह देखा गया है कि पानी का दूषित होने का कारण पुरानी जंग लगी हुई जी0 आई0 पाइपें हैं जो निजी पानी के कनैक्शनों में प्रयोग हुई हैं । सभी पुराने जल वितरण पाईप कनैक्शनों का पता लगाने व उनके वदले का धमाके पूर्ण अभियान शीघ्र ही शुरु किया जा रहा है ताकि यह पता लग सके कि दूषित पानी कहां कहां पर है । 7-3-95	है । वर्ष 1994 से इस कार्य पर अभी तक 40 लाख रुपए खर्च किये जा चुके हैं और चालू वित्त वर्ष में इस कार्य पर 20 लाख रुपए खर्च करने का प्रस्ताव है । (29-9-97)	में उपरोक्त पाईप बदले गए हैं, उनकी लिस्ट समिति को भी दी जाए । (21-10-97)
188.	डा0 राम प्रकाश द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 224— क्या जन स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि— (क) क्या थानेसर/कुरुक्षेत्र शहर की शांति नगर, दीदार नगर, गांधी नगर, कीर्ति	(क) हां । शांति नगर तथा कीर्ति नगर की स्वीकृत कालोनियों में मल निकास योजनाओं का प्रस्ताव विचाराधीन है । थानेसर, कुरुक्षेत्र की दीदार नगर, गांधी नगर और फौजी कालोनियों, अस्वीकृत कालोनियों में मल निकास की सुविधा प्रदान करने	(क) शान्ति नगर तथा कीर्ति नगर की कालोनियों में मल निकासी का कार्य सुचारु रूप से चलाने के लिए अभी आवश्यक मात्रा में पानी उपलब्ध नहीं है । इसलिए पेयजल योजनाओं को सुदृढ़	आश्वासन के बारे में कमेटी ताजा स्थिति जानना चाहेगी । (3-11-97)

क्र0 सं0	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	नगर तथा फौजी कालोनियों में सीवरेज प्रणाली बिछाने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है ; तथा	का अभी कोई प्रस्ताव नहीं है ।	करने का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा और इसके उपरान्त मल निकास योजना पर विचार होगा ।	
	(ख) यदि हां, तो उक्त योजना को कब तक लागू किये जाने की सम्भावना है ?	(ख) शांति नगर और कीर्ति नगर में 49.00 लाख रुपये और 12.00 लाख रुपये क्रमशः के मल निकास योजना के अनुमान निरीक्षण अधीन हैं और धन-राशि उपलब्ध होने पर जितनी जल्दी संभव होगा इन योजनाओं को कार्यान्वित किया जायेगा।	(ख) शान्ति नगर व कीर्ति नगर के अनुमानों को प्रशासकीय अनुमोदित करने का अभी कोई प्रस्ताव नहीं है। क्योंकि सीवरेज को सुचारु रूप से चलाने के लिए पेय-जल की आवश्यक मात्रा (110 लीटर) प्रति व्यक्ति तक बढ़ोतरी करना है। (29-9-97)	

189.	श्री अमीर चन्द मक्कड़ द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 1119-9-4-95 क्या जन स्वास्थ्य मन्त्री कृपया बताएंगे कि क्या वर्ष 1994 में सरकार को हांसी, जिला में जलघर के निर्माण में घटिया सामग्री के प्रयोग के संबंध में कोई शिकायत प्राप्त हुई थी, यदि हां, तो उस पर क्या कार्यवाही की गई ?	" * * * स्टोरेज टैंक (हांसी का) को 15 अप्रैल, 1995 को टैस्ट किया जागगा और ठेकेदार पर पैनल एक्शन लेने बारे उसके बाद फैसला किया जागेगा। उन कर्मचारियों/अधिकारियों को जो निर्माण पर कम सीमेंट लगाने के लिए जिम्मेवार है, उनका पता लगा लिया गया है और उनको आरोप-पत्र देने का काम प्रगति पर है।	जलघर हांसी के निर्माण में घटिया सामग्री लगाने के आरोप में निम्नलिखित अधिकारियों/कर्मचारियों के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही की गई है जिसका विवरण नीचे दिया गया है :— 1—श्री एस0सी0 चावला, कार्यकारी अभियन्ता इस अधिकारी को सरकार ने नियम 8 के अन्तर्गत आरोप-पत्र दिनांक 28-7-95 को दे दिया था। सरकार ने अपने आदेश दिनांक 10-7-96 द्वारा अधिकारी की एक वार्षिक वेतन वृद्धि बिना संचित प्रभाव के रोक दी है। 2—एस0के0 अग्रवाल, सहायक अभियन्ता : अब कार्यकारी अभियन्ता	कमेटी यह जानना चाहती है कि ठेकेदार और श्री वी0 एस0 पुनिया, कनिष्ठ अभियन्ता के खिलाफ क्या एक्शन लिया गया है। इस बारे में कमेटी को सूचित किया जाए। (3-11-97)

क्र0 सं0	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			सरकार ने नियम 7 के अन्तर्गत इस अधिकारी को दिनांक 28-7-95 को आरोप-पत्र दे दिया था। सरकार के आदेश दिनांक 10-7-96 द्वारा अधिकारी की एक वार्षिक वेतन वृद्धि बिना संचित प्रभाव के रोक दी है।	
			3—एस0एल0 नागपाल : उस समय सहायक अभियन्ता था और अब रिटायर हो चुका है	
			इनको, सरकार ने नियम 7 के अन्तर्गत दिनांक 28-7-95 को आरोप-पत्र दिया था। सरकार के आदेश दिनांक 10-7-96 द्वारा अधिकारी की पैंशन पर एक प्रतिशत कट दो वर्ष के लिये लगा दी है।	

4—श्रीवी0एस0 पुनिया : कनिष्ठ अभियन्ता

विभाग द्वारा नियम 7 के अन्तर्गत इस कर्मचारी को दिनांक 22-3-95 को आरोप-पत्र दिया था। दिनांक 23-8-95 को इस केस के बारे में इन्क्वारी अधिकारी नियुक्त किया गया था जिस ने अपनी रिपोर्ट दे दी है जो कि विचाराधीन है।

(29—9—97)

190.	बजट भाषण	6-3-96 * * * सूखा संभावित जिलों अर्थात हिसार, सिरसा, भिवानी, रोहतक, महेन्द्रगढ़ तथा रिवाड़ी के 2406 गांवों में मरुस्थल विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत पेयजल सप्लाई बढ़ाकर 70 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन करने का प्रस्ताव है। * * *	सूखाग्रस्त क्षेत्र में अब आठ जिले पड़ते हैं जिनमें कुल 2406 गांव हैं। दो नए जिले झज्जर व फतेहाबाद हैं,जोकि जिला रोहतक व हिसार जिला के भाग थे। इनमें 70 एल0पी0 सी0डी0 पेयजल सुविधा प्रदान करने की योजना केन्द्रीय सहायता (डी0डी0पी0) के अन्तर्गत कार्यान्वित की जा रही है तथा आठवीं पंचवर्षीय योजना के	कमेटी को इस बारे में ताजा स्थिति से अवगत कराया जाए। (3-11-97)

क्र0 सं0	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			अन्त तक 60.80 करोड़ रुपये व्यय करके 550 गांव लाभान्वित हुए हैं । (29-9-97)	
191.	कैप्टन अजय सिंह द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या के उत्तर में क्या विकास मंत्री कृपया बताएंगे कि– (क) क्या रिवाड़ी शहर की शिव कालोनी, विकास नगर अजय नगर, बसन्त विहार यादव नगर तथा शक्ति कालोनी में पेयजल सुविधाएं उपलब्ध कराने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ; तथा	18-11-96 (क) जी हां, शिव कालोनी, विकास नगर, अजय नगर, और यादव नगर में 45 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन की दर से पानी उपलब्ध करवाने की योजना का कार्य प्रगति पर है । (ख) इन चारों कालोनियों में यह कार्य 31 मार्च, 1997 तक पूर्ण कर दिया जाएगा ।		

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव को कब तक कार्यान्वित किये जाने की संभावना है ?

18-11-96

192.	तारांकित प्रश्न संख्या 1 के संदर्भ में कैप्टन अजय सिंह यादव द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न–– "अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मन्त्री महोदय से जानना चाहता हूं कि जिस स्कीम के तहत इन कालोनीज में पानी उपलब्ध कराने की योजना है, उसके लिए इस वर्ष में आपने कितना पैसा रखा है ? दूसरे जो मेरा प्रश्न शक्ति कालोनी और बसन्त बिहार के बारे में था, उसका रिप्लाई नहीं दिया गया है। मैं आपके माध्यम से मन्त्री महोदय से यह जानना चाहता हूं कि कब तक आप इन कालोनीज में पानी उपलब्ध करा पाएंगे ? इसके अतिरिक्त कितना पैसा आपने	"* * * * मैंने जो चार स्कीमें बताई हैं, इनके लिए चार लाख रु0 का प्रोबिजन था जिसमें से 3 लाख रुपए खर्च हो चुके हैं और एक लाख रुपया देना अभी बाकी रहता है वह भी दिया जा सकता है लेकिन बीच में रेलवे लाईन पड़ती है। इसलिए रेलवे डिपार्टमैंट से उसके बारे में मंजूरी लेनी पड़ी, वह मंजूरी आ गई है। अब जल्दी ही वह पैसा दे दिया जाएगा। जो बसन्त बिहार और शक्ति नगर है उनके लिए हमने पिछले महीने की 17 तारीख को 18 लाख 35 हजार रुपए का प्रोवीजन किया है जिसमें से 2 लाख रु0 रिलीज किया जा चुका है। इनमें से बसन्त बिहार तो एक छोटा सा नगर है। हमारे पास पैसे का अभाव है कुछ समय बाद पैसे का प्रबन्ध

क्र0 सं0	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	इसके लिए एलोकेट किया है क्योंकि जैसा कि मंत्री महोदय ने कहा है कि इन चारों कालोनियों में यह कार्य 31 मार्च, 1997 तक पूर्ण कर दिया जाएगा।"	किया जाएगा।"		
		22-11-96		
193.	तारांकित प्रश्न संख्या 66 के संदर्भ में श्री सतपाल सांगवान द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न--- "अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि जैसा मेरे साथी ने कहा कि पोलिटिकल विकटेमाइजेशन नहीं होता लेकिन हमारे यहां तो 20 साल से 40 लीटर पानी प्रति व्यक्ति प्रतिदिन भी नहीं पहुंचता । मेरे हल्के के दो	अध्यक्ष महोदय, हम कोशिश करेंगे कि सभी गांवों में कम से कम 40-45 लीटर पानी मिले।		

गांव फतेहगढ़ ग्रौर सांतोर ऐसे गांव हैं जहां प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 10 लीटर पानी भी नहीं पहुंचता।"

22—11—96

194.	श्री कैलाश चन्द्र शर्मा द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 12 के उत्तर में "क्या जन स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या नारनौल शहर में एक पक्का बनाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है?"	जी हां। इस उद्देश्य के लिये सरकार द्वारा एक योजना स्वीकृत की गई है।

6—3—97

195.	श्री सत नारायण द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 211— क्या जन स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि— (क) क्या जिला जींद के गांव निडानी, खेमा खेड़ी शामली खुर्द, राजगढ़ देश खेर्ग बुवाना तथा देवरादं की जल सप्लाई योजनाओं का संवर्धन करने का कोई प्रस्ताव सरकार	*** गांव नियानी, खेमा खेड़ी तथा शायलु खुर्द की जल वितरण योजना में बढ़ौतरी 31—12—97 तक सम्पन्न कर दी जाएगी।

क्र0 सं0	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	के विचाराधीन है; तथा (ख) यदि हां, तो पूर्वोक्त प्रस्ताव को कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है ?			
		10—3—97		
196.	श्री कैलाश चन्द्र शर्मा द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या 338 के उत्तर में—क्या जन स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि नागल दर्गू तहसील नारनौल के लिये नहर आधारित जल आपूर्ति योजना का निर्माण कब तक आरम्भ किए जाने की संभावना है ?	योजना के निर्माण का कार्य लगभग अप्रैल, 1997 में शुरु किया जाएगा।		
		13—3—97		
197.	श्री भागी राम राम द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 365— क्या	ऐलनावाद शहर में सीवरेज कार्य 16—1—91 को आरम्भ किया गया था और 30-6-97		

जन स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि–ऐलनाबाद तथा रानियां कस्बों में सीवरेज प्रणाली बिछाने का कार्य किस तिथि को आरम्भ किया गया था तथा उक्त कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना है ।	तक आंशिक सीवरेज स्कीम इस शहर में चालू कर दी जाएगी । (ख) रानियां में सीवरेज स्कीम का कार्य 15–2–91 को आरम्भ किया था और आंशिक सीवरेज स्कीम इस शहर में 30–6–97 तक चालू कर दी जाएगी

12–3–97

198. तारांकित प्रश्न संख्या 219 के संदर्भ में श्री सतपाल सांगवान द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न–"अध्यक्ष महोदय मेरे हल्के दादरी में पानी की बहुत समस्या है । इसके अलावा दादरी के अंदर एक खुला नाला है, एक तो उसको ढकवाया जाए और एक उसके फिल्टर का प्रबंध किया जाए । चौधरी साहब, अब तो पानी का मजा दे दो । हमारे हल्के के कामोद गांव में पिछले 5 साल से पीने के पानी की बड़ी भारी समस्या है, जिसको मैं आपके नोटिस में लाना चाहता हूं । इसका तुरन्त कुछ न कुछ समाधान किया जाए ।"	* * * * * * * * * * * * * * बाकी जहां तक नाले की बात है, यह हम देखेंगे कि यह बंद करना चाहिए या नहीं करना चाहिए, जो भी संभव होगा हम करेंगे पूरे शहर के लिये जितना भी सिस्टम जैसे गलियों का वगैरह-वगैरह वह 4 करोड़ 27 लाख रुपय में ठीक कर दिया जाएगा । लेकिन इसमें कुछ समय जरूर लगेगा ।

क्रम संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		18-3-97		
199.	तारांकित प्रश्न संख्या 250 के संदर्भ में श्री नफे सिंह राठी द्वारा बहादुरगढ़ शहर की जल निकास प्रणाली के स्थानान्तरण संबंधी पूछा गया अनुपूरक प्रश्न * * * "अध्यक्ष महोदय, जैसा कि इन्होंने बताया है कि कार्य प्रगति पर है, मैं मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि कितना कार्य प्रगति पर है इस पर कितना पैसा खर्च होगा, कब कार्य शुरु हुआ है और कब तक पूरा हो जाएगा ?"	स्पीकर सर, ऐसा है कि जो नए वाटर डिस्पोजल वर्कस हैं और जो पुराने वाटर डिस्पोजल वर्कस हैं उनकी दूरी दो किलोमीटर की है । इस कार्य को पूरा करने के लिये 53,58,000/ रुपया खर्च होगा और यह कार्य मार्च, 1998 तक पूरा हो जायेगा ।		
		18-3-97		
200.	श्री बंता राम बाल्मीकि द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 292—क्या जन स्वास्थ्य मंत्री	जी हां।		

	कृपया बताएंगे कि क्या रादौर शहर में सीवरेज प्रणाली बिछाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ?	21-3-97	
201.	श्री नफे सिंह राठी द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 358—क्या जन स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या बहादुरगढ़, जिला रोहतक में रेलवे लाईन के पार के क्षेत्रों को पीने के पानी की सप्लाई का प्रबंध करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ?	21-3-97	हां, श्री मान जी,
202.	तारांकित प्रश्न सं0 358 के संदर्भ में श्री रामपाल माजरा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—स्पीकर सर, गांव में औरतें मटके लेकर खड़ी रहती हैं और पीने के पानी के लिए झगड़ा होता है और कभी इसकी चोटी उसके हाथ और कभी उसकी चोटी उसके हाथ में होती		सर, आवश्यकता अनुसार हम हर क्षेत्र में जनसंख्या के हिसाब से इनको बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। सारे हरियाणा के अंदर हमारी कोशिश यह है कि कम से कम चालीस लीटर प्रतिदिन प्रति व्यक्ति के हिसाब से सबको पानी मिले । लेकिन हरियाणा के अन्दर 1626 गांव ऐसे हैं जहां चालीस लीटर प्रतिदिन प्रति व्यक्ति

क्र0 सं0	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	है तो मैं मंत्री से जानना चाहूंगा कि क्या हर गांव में टूटियों की संख्या बढ़ाने का कोई विचार सरकार के विचाराधीन है ?"	के हिसाब से पानी नहीं मिलता है । 550 गांवों में तो चालीस लीटर प्रति व्यक्ति प्रति दिन के हिसाब से पानी देने का प्रावधान इस साल किया जा रहा है बाकी के जो गांव बच गये हैं उनके लिये अगले साल यह काम कर दिया जाएगा । उसके बाद भी अगर कुछ बचे तो उनके लिये बाद में पानी की पूर्ति कर दी जाएगी ।		
203	तारांकित प्रश्न सं0 358 के संदर्भ में श्री ओम प्रकाश जैन द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न —"अध्यक्ष महोदय मैं आपके माध्यम से मन्त्री जी से पूछना चाहता हूं कि इलैक्शन के दौरान पानीपत में दस ट्यूबवैल्ज लगे थे लेकिन अभी तक वे चालू नहीं हुए हैं क्या मन्त्री जी बताएंगे कि वे दस ट्यूबवैल्ज कब तक चालू हो जायेंगे ?"	31–3–97 जल्दी ही चालू कर दिए जाएंगे ।		

21—3—97

204.	तारांकित प्रश्न सं0 358 के संदर्भ में श्री नफे सिंह राठी द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न —"अध्यक्ष महोदय, बहादुरगढ़ ब्लाक के गांव मांडोठी जिसकी आबादी लगभग 12 हजार के करीब है यह कर्ण सिंह दलाल जी का गांव है । इस गांव के भागों में ज्यादा हिस्से में पीने का पानी नहीं पहुंच रहा है । इससे भी बढ़कर बड़े खेद की बात है कि इस गांव में एक कन्या हाई स्कूल है और उस स्कूल में भी कई सालों से पानी नहीं पहुंच रहा है। इसलिये मेरी प्रार्थना है कि इस गांव में पानी की समया पर सरकार विचार करे तथा इसका समाधान करवाएं।"	* * * यह बात ठीक है कि वहां पानी कुछ कम पहुंच रहा है परन्तु यह बात नहीं है कि उस गांव में पानी बिल्कुल ही नहीं पहुंच रहा है। जिस स्कूल के लिए पीने के पानी के बारे में माननीय सदस्य ने कहा है वहां पर पानी पहुंचाने की पूरी-पूरी कोशिश की जाएगी।

22—7—97

205.	श्री नफे सिंह राठी द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न सं0 356—क्या जन स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि नहर के पानी को जसौर खेड़ी	जसौर खेड़ी में स्थित जलघर (जो अब जिला झज्जर में पड़ता है।) तक नहरी पानी लाने के मार्ग का निर्माण कार्य 30 नवम्बर, 1997 तक पूर्ण होने की संभावना है।

क्र0 सं0	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	(रोहतक) के जल घर तक लाने के लिये जलमार्ग का निर्माण कब तक किये जाने की संभावना है ?			
		19-1-98		
206.	राज्यपाल महोदय का अभिभाषण	"पहली अप्रैल, 1997 को 40 एल0 पी0 सी0 डी0 (लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन) से कम जल सप्लाई का स्तर बढ़ाकर 40 55 एल0 पी0 सी0 डी0 करवा दिया जाएगा। शेष गांवों में यह सुविधा 1998-1999 के दौरान उपलब्ध करवा दी जाएगी।"		
		20-1-98		
207.	श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न सं0 517-- क्या जन स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि-- (क) क्या यह तथ्य है कि नरवाना	"(क) गर्मी के मौसम में पीने के पानी की कुछ कमी है जिसे दूर करने के लिए उचित पग उठाए जा रहे हैं।"		

शहर की निम्नलिखित कालो-
नियों में पीने के पानी की
भारी कमी है :—

(i) प्रेम नगर, पुराने बस अड्डे के समीप नरवाना;

(ii) इंदिरा कालोनी, टोहाना सड़क, नरवाना;

(iii) शिव कालोनी, इंदिरा कालोनी के सामने टोहाना सड़क, नरवाना;
दारा मौहल्ला, नरवाना,

(iv) पटेल नगर, नरवाना–

(v) मोर पट्टी, नरवाना; तथा

(vi) पुरानी ढाणी, नरवाना; तथा

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं तथा उपरोक्त कालोनियों में उक्त पीने के पानी की कमी को दूर करने के लिये क्या पग उठाए गए या उठाए जाने प्रस्तावित हैं ?

क्रम संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
208.	श्री राम पाल माजरा द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 560– क्या जन स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि— (क) क्या यह तथ्य है कि नई अनाज मण्डी, कैथल का सीवरेज का पानी चन्दाना सड़क पर इकट्ठा हो जाता है; तथा (ख) यदि हां, तो क्या उक्त पानी को अमीन ड्रेन में डालने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन ?।	20–1–98 "(क) भारी वर्षा के समय कुछ सीवर तथा वर्षा का गंदा पानी नाले से निकल कर चन्दाना सड़क के एक किलोमीटर भाग में फैल जाता है। (ख) सल्लेज कैरियर को मजबूत करने की योजना विचाराधीन है।"		
209.	श्री कैलाश चन्द्र शर्मा द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न सं0 506 के	22–1–98 (क) गौद बलाहा रोड के साथ लगते गांवों में पीने के पानी की कुछ कमी है परन्तु		

	संदर्भ में क्या जन स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि––	नालावाली क्षेत्र के गांवों में जल वितरण प्रर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।
	(क) क्या यह तथ्य है कि जिला महेन्द्रगढ़ के नलवाटी क्षेत्र के निजामपुर, पैरा नापला, छिलरों, घटाशेर, बसीपुर, करोली, मरोली, धनयोली, इत्यादि गांवों में तथा गोद बलाह सड़क पर पीने के पानी की भारी कमी है; तथा	(ख) पानी की कमी वाले 21 गांवों की दो योजनाएं 2.25 करोड़ रुपये की लागत का कार्य प्रगति पर है। धनराशि की उपलब्धता पर इसको पूरा करने के लिये लगभग दो वर्ष लगेंगे।
	(ख) यदि हां, तो क्या पूर्वोक्त गांवों में नहर आधारित जला पूर्ति योजना द्वारा पेय जल उपलब्ध करवाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ?	

22–1–98

210.	श्री अनिल विज द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न सं0-562 के संदर्भ में––क्या जन स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि–	(क) 31–3–1998।
		(ख) रक्षा विभाग से मिलट्री भूमि में बड़ी सीवर की लाईन लगाने की स्वीकृति आने तथा इस काम के लिये धनराशि उपलब्ध होने पर सीवरेज-व्यवस्था के
	(क) अम्बाला छावनी में चल रहा	

क्रम संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	सीवरेज प्रणाली का निर्माण कार्य कब तक पूरा किये जाने की संभावना है; तथा (ख) क्या पूर्वोक्त शहर के शेष क्षेत्र में सीवरेज प्रणाली बिछाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ?	आगामी विस्तार पर विचार किया जाएगा।		

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

EDUCATION DEPARTMENT

Note :— In case an assurance shown outstanding against a partiuular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्रम सं0	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
211.	चौधरी वीरेन्द्र सिंह द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 85-"क्या शिक्षा मन्त्री कृपया बताएंगे कि— (क) राज्य में इस समय मुख्याध्यापकों के कितने पद रिक्त पड़े हैं; तथा (ख) क्या इन पदों की सीधी भर्ती/विभागीय पदोन्नति से भरने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि ऐसा है, तो इन के कब तक भरे जाने की संभावना है ?"	3-3-93 (क) इस समय राज्य के विभिन्न राजकीय उच्च विद्यालयों में मुख्याध्यापकों के 435 रिक्त पद पड़े हैं। (ख) हां, उपरोक्त खाली स्थानों को सीधी भर्ती तथा विभागीय पदोन्नति द्वारा शीघ्रातिशीघ्र भरे जाने के प्रयास किए जा रहे हैं।	इस समय मुख्याध्यापकों के 436 पद रिक्त हैं। इन में से 245 पद सीधी भर्ती के लिए तथा 191 पद पदोन्नति के लिए आरक्षित है। पदोन्नति कोटा के लिए आरक्षित 191 पदों के समक्ष 171 व्यक्तियों को मुख्याध्यापकों के पदों पर पदोन्नत करने हेतु मामले पूरे कर दिए गए हैं और आदेश शीघ्र जारी हो जाएंगे। सीधी भर्ती के लिए अब 245 पदों में से 211 पदों के समक्ष अभ्यर्थी सिफारिश करने हेतु हरियाणा लोक सेवा आयोग को लिखा जा चुका है। सिफारिशें अभी प्राप्त होनी शेष हैं। (31-1-97)	(समिति इस बारे में नवीनतम स्थिति जानना चाहती है) (17-4-97)

10—3—93

212. डा0 राम प्रकाश द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 550—— "क्या शिक्षा मन्त्री कृपया बताएंगे कि राज्य में राजकीय महा-विद्यालयों/विद्यालयों में इस समय विभिन्न श्रेणियों जo बीo टीo, सीo एण्ड बीo, पीoटीoआईo, अध्यापकों, प्राध्यापकों, मुख्याध्यापकों, प्रधानाचार्यों, (इत्यादि) के कितने अध्यापन पद रिक्त तथा कब से रिक्त पड़े हैं ?"

* * * * सरकार को यह सूचना राज्य के सभी जिलों से प्राप्त करने में लगभग एक मास का समय लग जाएगा। इन परिस्थितियों में इस प्रश्न का उत्तर दिनांक 10-3-93 को दिया जाना संभव नहीं है। अतः मेरा आप से अनुरोध है कि इस प्रश्न का उत्तर देने के लिए सरकार को एक मास का समय देने की कृपा करें।

1—3—1993 को प्राचार्यों के 131, मुख्याध्यापकों के 524, स्कूल प्राध्यापकों के 538, मास्टरज मिस्ट्रैस के 1094 तथा सीo एण्ड बीo अध्यापकों के 1006 पद रिक्त थे। विवरण इस प्रकार हैं :—

क्रम पद	एक से 3 महीने का समय तक रिक्त पद	3 महीने से 9 महीने तक रिक्त पद	एक वर्ष या इस से अधिक अवधि तक रिक्त पद
1 प्रिंसीपल	12	54	65
2. मुख्याध्यापक	29	209	286
3 प्राध्यापक	95	213	230
4 मास्टरज	203	560	331
5 सीo एण्ड बीo टीचर्ज	200	556	250

(31—1—97)

(समिति ने इस बारे नवीनतम स्थिति को जानना चाहा।

(17—4—97)

क्र0 सं0	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		8-3-94		
213.	चौधरी अजमत खां द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या 772 का भाग (क) तथा (ख) (क) इस समय मेवात क्षेत्र के हथीन, पुनहाना, नगीना, नूह तथा तावड़ू ब्लाकों के लिये राजकीय स्कूलों के लिए उर्दू के जी0वी0टी0 के स्वीकृत पदों की संख्या कितनी है ; तथा (ख) ऊपर के भाग (क) में यथा निर्दिष्ट पदों में से कितने पद भरे जाने की संभावना है ?	(क) इन ब्लाकों में स्वीकृत पदों को संख्या 95 है । (ख) 16 रिक्तियां हैं जिन्हें भरे जाने की संभावना है ।	वर्ष 1993 में उर्दू के रिक्त पद भरने हेतु एस.एस.एस. बोर्ड हरियाणा द्वारा वर्ष 1993 तथा 1994 में पद विज्ञापित किये गये थे । विज्ञापन में यह अंकित था कि मेवात इलाके के लिए मिडल तक उर्दू पढ़ी हो ऐसे उम्मीदवारों को वरीयता दी जायेगी । वर्ष 1995 में जिला गुड़गांव/फरीदाबाद के रिक्त पदों को भरने हेतु उम्मीदवारों के नाम भेजे जा चुके हैं । अब जो पद रिक्त है उनको विज्ञापन द्वारा भरने की कार्यवाही विभाग के विचाराधीन है । (31-1-97)	(समिति इस बारे में नवीनतम स्थिति जानना चाहती है ।) (17-4-97)

214.	तारांकित प्रश्न सं0 1213 के संदर्भ में श्री अजमत खां द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री जी ने बताया हैं कि डी0पी0ईज0 की पोस्टें थाई परमोशन भरी जाती है। अध्यक्ष महोदय, ये डी0पी0ई0 का कोर्स भी करवाया जाता है। अगर पोस्टें बाई परमोशन भरी जानी हैं तो जिन्होंने कोर्स किया हुआ है, वे कब तक इंतजार करेंगे। क्या मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि अगर डी0पी0ईज0 की पोस्टें पी0टी0आईज0 में से बाई परमोशन भरी जानी है तो फिर इस कोर्स को करवाने का क्या फायदा है ?"	28–9–95 अध्यक्ष महोदय, जो विचार अजमत खां जी ने रखे हैं हम इनको भी एक्जामिन करवा लेंगे।
215.	श्रीमती चन्द्रवती द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न सं0 1006—"क्या शिक्षा मंत्री, कृपया बताएंगे कि 1980 से अब तक की अवधि	17–3–95 * * * * मेरा आपसे अनुरोध है कि इस प्रश्न का उत्तर देने के लिए सरकार को 15 दिन का समय देने की कृपा करें।

क्र0 सं0	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1		3	4	5
	के दौरान हरियाणा राज्य में नियुक्त किए गए उन शास्त्रियों की संख्या कितनी है जिन्होंने अयोध्या (उत्तर प्रदेश) तथा बिहार से योग्यता प्राप्त की तथा उक्त पाठ्य-क्रम में प्रवेश प्राप्त करने से पूर्व उन्होंने राज्य में जिन संस्थाओं में अध्ययन किया उनके नाम तथा पते क्या हैं?"			
216.	श्री कर्ण सिंह दलाल द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न सं0 240 —"क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि—	8—2—95 (क) * * * * * * * * * * * * * *		
	(क) क्या सरकार इस तथ्य से अवगत है कि गांव जैन्दापुर, तहसील पलवल में परि-चालित "ब्लैक बोर्ड"	(ख) संबंधित विभाग (विकास तथा पंचायत विभाग) द्वारा जिम्मेवारी निर्धारित करने बारे जांच की जा रही है और जांच पूरी होने पर		

योजना के अधीन निर्मित किए गए कमरे गिर गए हैं ; तथा

(ख) यदि हां, तो पूर्वोक्त दुर्भाग्यपूर्ण घटना के लिए उत्तरदायी अधिकारियों/कर्मचारियों के नाम क्या हैं तथा इस मामले में अन्तर्ग्रस्त कर्मचारियों के विरूद्ध क्या कार्यवाही की गई ?"

दोषी पाए गए कर्मचारियों/अधिकारियों के विरूद्ध उचित कार्यवाही की जाएगी ।

15-3-95

217. तारांकित प्रश्न संख्या 1024 के संदर्भ में प्रो0 छत्तर सिंह चौहान द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न–

* * * *

* * *

* * अध्यक्ष महोदय, मेरा इसके साथ दूसरा सवाल है कि सरकारी स्कूलों में स्टूडेंटस टीचर्ज की क्या रेशो है ? प्राईवेट स्कूलों में स्टूडेंटस टीचर्ज की क्या रेशो है । * * *

* * * *

* * * * *

* * * * *

* * * * *

अध्यक्ष महोदय, दूसरा सवाल उन्होंने यह पूछा कि टीचर्ज और स्टूडेंटस की रेशो क्या है । प्राईवेट स्कूलों और सरकारी स्कूलों में टीचर और स्टूडेंटस की रेशो एक समान है । 40 स्टूडेंटस पर एक टीचर की रेशो है । अध्यक्ष महोदय, मैं अपने साथी की जानकारी के लिए यह भी बताना चाहूंगा कि स्कूल में स्टाफ की कमी को पूरा करने के लिए पिछले साल हमने करीब साढ़े

क्र0 सं0	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		पांच हजार टीचर्ज की भर्ती की थी और अब भी 3200 के करीब रिक्विज़ीशन हमने एस0 एस0 एस0 बोर्ड या पब्लिक सर्विस कमीशन को भेजी हुई हैं और स्टाफ की कमी को शीघ्र पूरा किया जाएगा ।		
		15-3-95		
218.	तारांकित प्रश्न संख्या 1024 के संदर्भ में श्री अमीर चन्द मक्कड़ द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न:— "अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से आदरणीय मंत्री जी से यह जानना चाहूंगा कि शिक्षा के स्तर में सुधार के लिए क्या टीचर्ज के स्टैंडर्ड को स्ट्रैन्थन करने के लिए कोई कार्यवाही की गई है ? मंत्री जी अच्छी	अध्यक्ष महोदय, माननीय मक्कड़ जी ने जो सवाल पूछा है, उसके बारे में मैं उन्हें बताना चाहूंगा कि टीचर्ज को एक्सट्रा ट्रेनिंग दी जाती है । टीचर की ट्रेनिंग इस प्रकार से दो तरह की हो जाती है । एक तो मास्टर लगने से पहले जे0 बी0 टी0 या बी0 एड0 की ट्रेनिंग तो होती ही है । उसके बाद सर्विस में आने के बाद टीचर्ज को इन सर्विस ट्रेनिंग भी दी जाती है तथा डिस्ट्रिक्ट लेबल पर भी उनकी इन-सर्विस		

तरह जानते हैं कि टीचर्ज स्कूलों में कई गलत बातें भी करते हैं, हुक्का पीते हैं, ड्रिंक भी लेते हैं। क्या उनकी जानकारी में यह बात है कि कोई टीचर हुक्का पीते हुए पकड़ा गया था।	ट्रेनिंग करवाई जा रही है ताकि उनके पढ़ाने का स्तर ऊंचा हो सके और इस बारे में हम दो सैन्टर खोलने जा रहे हैं। दूसरे इन्होंने कहा है कि कोई मास्टर हुक्का पीते हुए पकड़ा गया था, तो उस बारे में हम ऐक्शन लेंगे।*
* * * * * * *	* * * * * * * ।"

15-3-95

219.	तारांकित प्रश्न संख्या 1024 के संदर्भ में डा0 राम प्रकाश द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न— "अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से पूछना चाहूंगा कि किसी भी स्कूल का अच्छा परीक्षा फल निकालने के लिए हैड का होना आवश्यक है। जहां हाई स्कूलज, 10+2 स्तर के स्कूलज और प्राईमरी स्कूलज में प्रिंसीपल्ज/हैड्ज	अध्यक्ष महोदय, इन्होंने बहुत ही अच्छा सवाल पूछा है। हम भी यही चाहते हैं कि कोई भी स्कूल प्रिंसीपल के बिना न रहे। इनको लगाने के दो तरीके होते हैं, एक तो डायरैक्ट लगते हैं और दूसरे बाई प्रोमोशन लगते हैं। के लिए तो हाई-कोर्ट ने स्टे दे रखा है और प्रोमोशन डायरेक्ट के लिए एस0 एस0 एस0 बोर्ड को और पब्लिक सर्विस कमीशन को रिक्विजीशन भेज रखी है। अभी तक उनकी तरफ से कोई रिकोमैंडेशन नहीं आई है हमें आशा है कि हम इसे अगले सत्र तक पूरा भर पाएंगे।

क्र0 सं0	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	नहीं हैं, क्या सरकार इनको भरने की कोशिश करेगी; यदि हां, तो ये पद कब तक भरे जाएंगे ?"			
		15-3-95		
220.	डा0 राम प्रकाश, एम0 एल0 ए0 द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या 1029 के उत्तर में— क्या शिक्षा मन्त्री कृपया बताएंगे कि— (क) क्या हरियाणा के किसी विश्वविद्यालय में महर्षि बाल्मीकि पीठ स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा	(क) हां, हरियाणा के, तथा (ख) कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ।		

	(ख) यदि हां, तो विश्वविद्यालय का नाम क्या है तो इसको कब तक स्थापित करने किए जाने की सम्भावना है ?	
		20-3-95
221.	श्री कृष्ण लाल द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या 1136 के उत्तर में—"क्या शिक्षा मन्त्री कृपया बताएंगे कि क्या राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय, मडलौडा, जिला पानीपत का दर्जा बढ़ाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसका दर्जा कब तक बढ़ाये जाने की सम्भावना है ?"	जी हां, जैसे ही निधियां उपलब्ध होंगी विद्यालय का दर्जा बढ़ाने का प्रस्ताव विचाराधीन है ।
		20-3-95
222.	श्री लहरी सिंह द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या 249 के उत्तर में— क्या शिक्षा मन्त्री बताएंगे कि क्या वर्ष 1995-96 के दौरान	जी हां । अन्य विद्यालयों के साथ इसे भी मैरिट के आधार पर विचार किया जाएगा बशर्ते कि राजकीय विद्यालयों को स्तरोन्नत करने हेतु राशि उपलब्ध हुई ।

क्र0 सं0	संदर्भ	दिनांक/ग्राश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	बबैन, जिला कुरुक्षेत्र में 10 + 2 प्रणाली स्कूल खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ?			
		20–3–95		
223.	जिला कुरुक्षेत्र तथा यमुना नगर के राजकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों की संख्या के अनुरूप अध्यापकों की संख्या के बारे में साथी लहरी सिंह द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या 250 के उत्तर में ।	अतारांकित प्रश्न सं0 250 का संबंध जिला यमुनानगर एवं कुरुक्षेत्र में स्थित राजकीय प्राथमिक, माध्यमिक तथा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों व उनमें छात्र संख्या अनुसार अध्यापकों की नियुक्ति किये जाने बारे विस्तृत सूचना से है । यह सूचना सरकार के स्तर पर उपलब्ध नहीं है और इसे एकत्रित करने में काफी समय लगेगा । * * * * * * * * अतः मेरा आपसे अनुरोध है कि इस प्रश्न का उत्तर देने के लिए सरकार को 30 दिन का समय देने की कृपा करें ।		

21-3-95)

224.	श्री दरियाव सिंह द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या 1175 के उत्तर में—	
	(क) क्या यह तथ्य है कि हायर सैकेण्डरी स्कूल, झज्जर के कुछ कमरे क्षतिग्रस्त अवस्था में हैं; तथा	(क) जी हां, राजकीय वरिष्ट माध्यमिक विद्यायल, झज्जर के कुछ कमरे क्षतिग्रस्त हैं और उनको विशेष मुरम्मत की आवश्यकता है। * * *
	(ख) यदि हां, तो पूर्वोक्त कमरों की मुरम्मत कब तक किए जाने की सम्भावना है ?	(ख) गत वर्ष 50,000,00 रुपये की राशि स्वीकृत की गई थी। इस वर्ष 1,70,375 रुपये की राशि विद्यालय भवन की मुरम्मत के लिये स्वीकृत की जा चुकी है। कार्य शीघ्र ही कर लिया जायेगा।

28-2-96

225.	श्री अमजद खां द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या 1261 के उत्तर में— क्या शिक्षा मन्त्री कृपया बताएंगे कि क्या राज्य में माध्यमिक शिक्षा पाठ्यक्रम तक गांधी दर्शनशास्त्र, स्वतन्त्रता	नैतिक शिक्षा को वर्तमान शैक्षिक वर्ष से कक्षा 1-12 तक अनिवार्य विषय के रूप में लागू किया गया है। गांधी दर्शन तथा स्वतन्त्रता संग्राम से संबंधित पाठ स्कूली पाठ्यक्रम में है परन्तु इन्हें अलग विषय के रूप में लागू करने का प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

क्र0 सं0	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	आन्दोलन तथा नैतिक शिक्षा का विषय आरम्भ करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन हैं; यदि हां, तो उपरोयत प्रस्ताव को कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है ?			
		8—3—96		
226.	अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर चर्चा के दौरान मुख्य मन्त्री द्वारा की गई घोषणाओं के संदर्भ में चौधरी शेर सिंह द्वारा दिया गया सुझाव—. * * * * * आज सभी बहनों ने अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं के उत्थान की बात कही है। स्पीकर साहब, हरियाणा में आज प्लस टू के	अध्यक्ष महोदय, शेर सिंह जी ने बहुत अच्छा सुझाव दिया है। मैं इस बात को स्वीकार करते हुए यह कहता हूं कि दस जमा दो के जितने भी लैक्चरार 2000–3500 के स्केल में पे लेते हैं, उनको क्लास टू अधिकारी बना देंगे ।		

		लगभग 6 हजार लैक्चरार हैं जिनका वेतनमान 2000–3500 है और इस वेतनमान के सभी बाकी महकमों में प्लस टू अधिकारी हैं। मैं यह कहना चाहता हूं कि उन 6 हजार लैक्चरार में तीन हजार महिलाओं का मान-सम्मान आज ही मुख्य मन्त्री जी बढ़ा सकते हैं अगर ये उनको क्लास टू अधिकारी बना दें। आज ही ये महिला दिवस पर यह घोषणा कर दें कि प्लस टू के जितने भी लैक्चरारज हैं, उनको क्लास टू अधिकारी बना दिया जाए।"

23–5–96

227.	राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर हुई चर्चा के सन्दर्भ में।	* * * "उस समय जिस विद्यालय में 8 बच्चे पंजाबी पढ़ने वाले थे तो उनके बारे में आपने कहा कि वहां पर पंजाबी अध्यापक लगाने के बारे में विचार किया जाएगा। स्पीकर साहब, हमने वह 8 की संख्या घटाकर 4 कर दी है और 4 की संख्या भी एक क्लास की बात नहीं है,

क्र0 सं0	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		पूरे विद्यालय में अगर 10 विद्यार्थी पंजाबी पढ़ने वाले हैं, चाहे वे एक-एक क्लास में एक-एक हैं, हम वहां पर पंजाबी अध्यापक अवश्य लगाएंगे । हमारा यह संकल्प है । इसमें कोई राजनैतिक स्वार्थ नही है ।"		
		24-4-95		
228.	राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान मुख्य मंत्री श्री बंसी लाल द्वारा दिया गया उत्तर ।	* * * पंजाबी के जो टीचर्ज की 550 की कमी है, वह पिछली सरकार मंजूर कर गई थी लेकिन रिक्रूटमैंट उन्होंने नहीं किया । हम इस रिक्रूटमैंट को 3 महीने में कर लेंगे । पंजाबी भाषा के टीचरों की जो कमी है वह इस अवधि में पूरी कर देंगे ।		
		19-11-96		
229.	तारांकित प्रश्न संख्या 163 के संदर्भ में श्री भागी राम द्वारा शिक्षा मंत्री जी से पूछा गया	स्पीकर साहब, * * * मैं सदन को आश्वासन देना चाहूंगा कि यदि पहली बार एडवर्टाईज करने पर रिजर्व कैटेगरी		

अनुपूरक प्रश्न * * * मैं मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि इन्होंने 89 डेज पर जितने टीचर लगाए हैं क्या उनकी सिलैक्शन करते समय रिजर्वेशन का कोटा पूरा किया गया है यानि क्या रिजर्वेशन के हिसाब से उन कैटेगरीज को भर्ती किया गया है। रिजर्वेशन कोटे में जो पिछला शार्टफाल है क्या उसको भी पूरा किया जाएगा। दूसरा मेरा सवाल है कि जिस समय जे0बी0टी0 टीचर्ज को ट्रेनिंग देने के लिए दाखिला दिया जाता है क्या उस समय रिजर्व कोटे के हिसाब से दाखिला दिया जाता है मेरे ख्याल में ऐसा नहीं है। अगर जे0बी0टी0 टीचर की ट्रेनिंग के लिए जिस समय कैंडीडेटस को दाखिला दिया जाता है अगर उस समय रिजर्व कोटे को पूरा कर दिया जाए तो यह शार्टफाल नहीं रहेगा।

का कैंडीडेट नहीं मिलता है तो हम उसको दोबारा एडवर्टाइज करेंगे। यदि कोई पोस्ट अनुसूचित जाति के लिए रिजर्व है तो उसी जाति का आदमी उस पोस्ट पर लगाएंगी।

क्र0 सं0	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
230.	तारांकित प्रश्न संख्या 511 के संदर्भ से श्री सतनारायण लाठर द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न— "अध्यक्ष महोदय, विगत 50 वर्षों में हमारे जुलाना हुई स्कूल है और अब तक 10 जमा 2 स्कूल भी नहीं बनाया गया है। 31 जुलाई, 1995 को जब चौधरी बंसी लाल जी जुलाना में चुनाव सभा करके आए थे, तब उन्होंने कहा था कि यहां से 25 किलो-मीटर जींद पड़ता है और 30 किलोमीटर रोहतक पड़ता है इसलिए यहां कालेज बनाने का विचार करेंगे। इसलिए मैं मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि क्या भविष्य में जुलाना में कोई कालेज बनाने का सरकार का प्रस्ताव है।"	22-11-96 अध्यक्ष, महोदय मैंने माननीय साथी को जो अब तक का प्रस्ताव है उसके संबंध में कहा है। वैसे इस सरकार का यह उद्देश्य है कि शिक्षा का अधिक से अधिक विस्तार करें। अगले वित्तीय वर्ष में हम इस पर विचार करेंगे।		

231.	तारांकित प्रश्न संख्या 119 के संदर्भ में श्री दिलू राम द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—— "अध्यक्ष महोदय, मेरा हल्का पंजाब के साथ-साथ कम से कम 70 किलोमीटर की लम्बाई तक लगता है और उधर कोई भी टीचर जाता नहीं चाहता है। वहां पर यह देखने में आया है कि 400 बच्चों के साथ एक ही टीचर है। इस ऐरिया में एक भी स्कूल ऐसा नहीं है जहां पर टीचर पूरे हों। इस लिए मेरी मन्त्री महोदय से प्रार्थना है कि वे स्वयं जाकर के वहां देखें कि 400 बच्चों के लिए केवल एक ही अध्यापक है। अगर ऐसी हालात रही तो शिक्षा का क्या हाल होगा, आपको विदित है। इसलिए मेरी पुरजोर प्रार्थना यह है कि	अध्यक्ष महोदय, जैसे कि मैं सदन में बता चुका हूं और दिलू राम जी को फिर बताना चाहता हूं कि इस महीने की आखिरी तारिख तक हरियाणा में कोई भी विद्यालय ऐसा नहीं रहेगा। जिसमें किसी अध्यापक का पद रिक्त होगा।

क्र0 सं0	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	इस बारे में जल्द से जल्द कार्यवाही करने का कष्ट करें और यह भी बताएं कि कब तक टीचरों की संख्या को वहां पर पूरा करेंगे ?"			
		22-11-96		
232.	तारांकित प्रश्न संख्या 119 के संदर्भ में श्री अध्यक्ष द्वारा मांगी गई जानकारी—"आदरणीय शिक्षा मन्त्री जी जो प्रश्न चल रहा है इस पर मैं थोड़ी सी सूचना लेना चाहता हूं कि प्राईवेट स्कूलों और गवर्नमेंट स्कूलों के जहाँ तक टीचर एण्ड टीट का सवाल है सरकारी स्कूलों में अध्यापकों की संख्या प्राईवेट स्कूलों से कहीं अधिक	* * * * * * * * * * * * दूसरा कारण यह है कि हर क्षेत्र में प्राईवेटाइजेशन का रुझान बढ़ रहा है। हम इस दिशा में एक पग उठा रहे हैं। कि हर जिला स्तर पर एक आदर्श विद्यालय स्थापित करेंगे ताकि उनमें ग्रामीण क्षेत्र में पढ़ने वाले जो प्रतिभाशाली छात्र हैं उनको अच्छी तरह से विकसित कर सकें ।		

	है। साथ ही सांईस की लैबोरेटरीज, खेल के मैदान भी प्राईवेट स्कूलों से अच्छे हैं। फिर क्या कारण है कि गत 15-20 सालों से हरियाणा की ग्रामीण जनता का विश्वास सरकारी स्कूलों से उठता जा रहा है।	
	* * * * *	
	* * * * *	
	आप बड़े शिक्षाविद हैं, ग्रामीण क्षेत्र से ताल्लुक रखते हैं आप बताएं कि ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा का स्तर ऊंचा हो, इस दिशा में क्या प्रयास किए जा रहे हैं या करेंगे।	

12-3-97

233.	तारांकित प्रश्न संख्या 269 के संदर्भ श्री अनिल विज द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न — "अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय, से पूछना चाहूंगा कि पिछले दिनं	* * * * * * * *। जब माननीय मुख्य मंत्री जी अम्बाला गए थे तो वहां की जनता ने और अनिल विज ने वहां पर कालेज बनाए जाने की मांग रखी थी उसके बाद हमने इस बारे में सर्वेक्षण करवाया।

क्र0 सं0	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	मुख्य मंत्री जब अम्बाला छावनी गए थे तो उन्होंने आश्वासन किया था कि 10+2 स्कूल अम्बाला छावनी में जमीन उपलब्ध है, वहां पर कालेज बनाया जाएगा वहां पर पिछले अनेक वर्षों से केवल 3 कालेजिज हैं जबकि वहां पर स्कुलों की संख्या बहुत अधिक हुई है। वहां पर और कहीं पर जमीन अवेलेबल नहीं है। लेकिन उसी स्कूल में जमीन उपलब्ध है क्योंकि उस स्कूल के पास काफी जमीन है उसी में कालेज का निर्माण कर दिया जाएगा। मंत्री जी को कहना चाहूंगा कि जो मुख्य मंत्री बंसी लाल जी का जो वाक्य होता है वह ब्रह्म वाक्य	अध्यक्ष महोदय, इस समय अम्बाला जिले में 10 महाविद्यालय चल रहे हैं। * * * * * । अध्यक्ष महोदय मैं इनको बताना चाहता हूं कि इस आने वाले वर्ष में इस पर विचार किया जाएगा। अध्यक्ष महोदय, शायद अनिल विज जी कुछ और जानना चाहते हैं। मैं खुद वहां पर गया था तो मुझे बताया गया था कि वहां पर बिल्डिंग बनी हुई है। जो बिल्डिंग बनी हुई है, उसी में ही कालेज बना देंगे। * * * * * * * ।		

होता है यानि जो ये आश्वासन देते हैं उसे पूरा किया जाता है। अब मैं यह जानना चाहता हूं कि जब मंत्री महोदय ने वहां पर कालेज बनाने का आश्वासन दे दिया था तो अब मेरे प्रश्न के उत्तर में उन्होंने न का उत्तर क्यों दिया।

14-3-97

234. तारांकित प्रश्न संख्या 200 पर श्री देवराज दीवान द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—स्पीकर सर, मैं आपके द्वारा मंत्री जी को बताना चाहूंगा कि माहरा गांव मेरे हल्के का एक बहुत बड़ा गांव है। इसी के साथ एक और जुड़ा गांव है और उनमें दो पंचायतें हैं। कई सालों से इस स्कूल का दर्जा बढ़ाने के लिए कहा जा रहा है और मैंने भी पहले कई बार इसके बारे में लिखा है। मैं

* * * स्पीकर सर, अगले वित्तीय वर्ष में हम इस विद्यालय का दर्जा बढ़ाने के बारे में विचार करेंगे।

क्र0 सं0	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	मंत्री जी से कहूंगा कि वे मेरे सवाल का जवाब न के बजाए हां में बदल दें तो बड़ी मेहरबानी होगी ।			
		17-3-97		
235.	तारांकित प्रश्न सं0 351 के संदर्भ में श्री नफे सिंह राठी द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न— "अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि गांव देखोरा (रोहतक) में राजकीय उच्च विद्यालय की इमारत को कब तक निर्मित/पूरा किए जाने की संभावना है? *, *, *"	स्पीकर सर, मैं माननीय सदस्य को बताना चाहता हूं कि देखोरा स्कूल की मुरम्मत पर अब तक 75 हजार रुपए खर्च किए जा चुके हैं और 66 हजार रुपए अप्रैल तक खर्च किए जाएंगे तथा तब तक इस काम के पूरा होने की संभावना है		

236. तारांकित प्रश्न सं0 233 के संदर्भ में डा0 धीरेन्द्र पाल अहलावत द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न :—

"अध्यक्ष महोदय, चिमनी के स्कूल में 19 कमरे हैं, उनमें एक बहुत बड़ा एग्जामिनेशन हाल है कार्यालय कक्ष भी है, और उसमें खेल के ग्राउंड की फैसिलिटी भी है। क्या उस स्कूल को कन्या हाई स्कूल का दर्जा देंगे ? मंत्री जी ने बताया कि स्कूल को अपग्रेड करने के लिए ये नार्म्ज पूरे होने चाहिए। मैं इनसे यह जानना चाहता हूं कि मेरे हल्के में एक डीघल कन्या हाई स्कूल है उस स्कूल की छात्र संख्या 1500 के करीब है क्या उस स्कूल को भी अपग्रेड करके दस जमा दो प्रणाली का बनाया जाएगा ?"

स्पीकर साहब, डा0 धीरेन्द्र पाल जी को बताना चाहता हूं कि डीघल रोहतक जिले का बहुत बड़ा गांव है। इन्होंने चिमनी के स्कूल के बारे में पूछा है। मैं उनको बताना चाहूंगा कि हमारी सरकार शिक्षा के प्रचार और प्रसार के लिए खास करके लड़कियों की शिक्षा के लिए बहुत संवेदनशील है। हम पूरे हरियाणा के अन्दर हर विद्यालय का सर्वेक्षण कराएंगे और जो-जो स्कूल नार्म्ज पूरे करेगा उसको अपग्रेड करने के बारे में विचार करेंगे। मैं यह भी बताना चाहूंगा कि यदि कोई स्कूल नार्म्ज पूरे करता है और वह हमारे सर्वेक्षण में रह गया तो आप हमें उसके बारे में बताएं हम उसको अपग्रेड करने के बारे में विचार करेंगे।

क्र0 संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		19–3–97		
237.	तारांकित प्रश्न सं0 233 के संदर्भ में श्री भागी राम द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न :---- "स्पीकर साहब, पिछली सरकार के पांच साल के दौरान जिन-जिन हल्कों में कोई स्कूल अपग्रेड नहीं हुए। क्या उन हल्कों के स्कूलों को अपग्रेड करने के बारे में सरकार कोई विचार करेगी ?"	***स्पीकर साहब.****जहां पर लड़कियों की संख्या अढ़ाई सौ होगी वहां पर हम स्कूल का दर्जा बढ़ाने में पीछे नहीं हटेंगे। जहां–जहां पर स्कूल का अपग्रेड करने के नार्म्ज पूरे होते होंगे, वहां–वहां पर हम स्कूलों का दर्जा बढ़ा देंगे। इसलिए यह सर्वेक्षण करा रहे हैं।		
		20–3–97		
238.	तारांकित प्रश्न संख्या 329 के सम्बन्ध में श्री राजकुमार सैनी द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न---अध्यक्ष महोदय मैं माननीय शिक्षा मन्त्री महोदय के नोटिस में एक बात लाना	* * * * इस बारे में सरकार ने पहले ही सर्वे करवाया है और हम प्रयास करेंगे जो स्कूल इस बार अपग्रेड होने हैं उनके मामलों को मई के पहले सप्ताह तक टेकअप करके फाइनल कर लिया जाए		

चाहता हूं कि अप्रैल मास से नई कक्षाएं स्कूलों में आरम्भ हो जाएंगी और शिक्षा मन्त्री महोदय ने विभिन्न अवसरों पर कई स्कूलों को अपग्रेड करने का आश्वासन भी दिया है । मैं आपके माध्यम से माननीय शिक्षा मन्त्री महोदय से यह जानना चाहूंगा कि जिन स्कूलों को अपग्रेड किया गया है क्या उन स्कूलों को अप्रैल से पहले अपग्रेड अरने बारे सरकार बिचार करेगी ताकि वहां पर नई कक्षाएं समय पर शुरू हो सकें ?

ताकि इसी सत्र में वहां पर कलासिज शुरु की जा सकें ।

20-1-98

239. तारांकित प्रश्न सं0 489 के संदर्भ में श्रीमती करतार देवी द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न :—

***अध्यक्ष महोदय, मैं तो एक छोटा-सा सवाल पूछना चाहती हूं कि माडर्न स्कूल, रोहतक में सभी अधिकारियों के

***दूसरी बात जहां तक प्राईवेट विद्यालयों द्वारा मंहगी शिक्षा देने के बारे में है, यह बात सही है कि उनकी फीसें ज्यादा हैं और उन विद्यालयों में एक गरीब आदमी अपने बच्चों को दाखिल नहीं करा सकता है । इस बारे में हमने पिछले साल प्रदेश स्तर पर एक कमटी बनाई थी और जहां–जहां फीस के बारे

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	बच्चे पढ़ते हैं तथा उनको वहां पर अपने बच्चों को दाखिला दिलवाने में कोई खास दिक्कतें नहीं आती हैं। लेकिन दूसरी ओर सामान्य आदमी के बच्चों को, वहां पर दाखिला लेने के लिए जबरदस्त प्रतियोगिताओं से गुजरना पड़ता है और सिफारिशें भी ढूंढ़नी पड़ती है। यह मौलिकता उन अधिकारियों के बच्चों पर लागू नहीं होती है। ठीक है, अभी यह बात वहां पर लागू नहीं है। लेकिन जैसा कि हमारे शिक्षा मन्त्री बहुत ही योग्य और काबिल हैं इसलिए उनसे आग्रह है कि क्या समान शिक्षा का अधिकार दूसरे बच्चों को नहीं होना चाहिए ताकि एक ही	में शिकायतें आई थी, कमेटी ने संबंधित विद्यालयों को इस बारे में निर्देश दिए हैं और आगे आने वाले स्तर में इन विद्यालयों में अनुसूचित जाति और अन्य वर्गों के बच्चे जो सभी कंडीशन पूर्ण करते हैं, को दाखिला देने का प्रावधान करने जा रहे हैं।"		

	विद्यालय में एक चीफ इंजीनियर का लड़का भी और एक सफाई करने वाले का बच्चा भी एक साथ पढ़ सकें जिससे कि उनका विकास एक साथ हो सके । क्या जिला या ब्लाक स्तर पर ऐसे स्कूल खोलने के लिए कोई प्लान बनाई जाएगी जैसे कि इस बारे में पीछे भी कहा गया था ?"	
240.	तारांकित प्रश्न सं0 489 के संदर्भ में डा0 विरेन्द्र पाल अहलावत द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न--- "अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी को बताना चाहता हूं कि मेरे हल्के में बेरी व चिमनी के विद्यालयों का दर्जा नहीं बड़ाया गया है । (शोर) "	20-1-98 " अध्यक्ष महोदय, एक-आध स्कूल अगर दर्जा बढ़ने से रह भी गया है तो इस साल उसका दर्जा बढ़ा देंगे । (शोर) "
241.	तारांकित प्रश्न सं0 489 के संदर्भ में श्री अध्यक्ष द्वारा मांगी गई	20-1-98 " अध्यक्ष महोदय, आप ने ठीक फरमाया । पिछले साल हमारे पास अनेक

क्रम संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	जानकारी " माननीय शिक्षा मंत्री, आज गांवों में भी और शहरों में भी शिक्षण संस्थाओं के व्यापारीकरण की प्रवृत्ति दिनों दिन बढ़ती जा रही है । क्या सरकार इसकी तरफ कोई कदम उठाने का विचार कर रही है?"	स्थानों से इस तरह की शिकायतें मिली । हम ने प्रदेश के डी. एस. ई. की अध्यक्षता में जाँच कमेटी बनाई । इस कमेटी ने हर जिले की इस तरह की शिकायतों की जाँच की । जिन लोगों ने इसे व्यवसाय के नाते लिया हुआ है, आने वाले समय में हम इस पर कारगर कदम उठाएंगे ।		
		21-1-98		
242.	तारांकित प्रश्न संख्या 492 के संदर्भ में श्री देव राज दीवान द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न -- "स्पीकर साहब, सोनीपत जिले में ककरोई और पीनाना बहुत बड़े-बड़े गांव हैं क्या सरकार का उन स्कूलों का अपग्रेड करने का कोई विचार है ?"	अध्यक्ष महोदय, इनका कल भी इस बारे में एक सवाल था । उसका समयभाव के कारण जवाब नहीं दिया जा सका लेकिन मैंने उसका लिखित जवाब दे दिया था । इस बारे में सरकार पुनर्विचार करेगी ।		

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

HEALTH DEPARTMENT

Note :— In case an assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्र0 सं0.	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		11–3–91		
243.	तारांकित प्रश्न संख्या 1428 पर श्री भगवान सहाय रावत द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न–"औरंगाबाद का कम्यूनिटी हैल्थ सैन्टर कब स्थापित हुआ था और इसको अपग्रेड करने का मामला कब से विचाराधीन है ? दूसरा मेरा सवाल यह है कि नांगल जाट प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कब खोला गया था और इसकी इमारत कब तक बनकर तैयार की जाएगी ?"	भारत सरकार द्वारा तैयार की गई राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति अनुसार प्रत्येक 4 प्राथमिक स्वास्थ्य (केन्द्रों) के लिय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जिसमें 30 विस्तर तथा शल्य चिकित्सा/फिजिशियन, स्त्री रोग, बाल रोग एवं दन्त चिकित्सा विशेषज्ञ होंगे, स्थापित किए जाएंगे। मैं माननीय सदस्य की जानकारी के लिए यह बताना चाहूंगा इन 4 पी0 एच0 सी0 में से होडल को पहले ही अपग्रेड किया जा चुका है।	नांगल जाट :—इस केन्द्र के भवन निर्माण हेतु प्रमुख अभियन्ता लोक निर्माण विभाग भवन तथा सड़क शाखा द्वारा 31.58 लाख रुपये के अनुमान तैयार किए जा चुके है। प्री–प्लानिंग मीटिंग में धन की व्यवस्था करवा कर सरकार को प्रशासकीय स्वीकृति जारी करने के उपरान्त धन उपलब्धि अनुसार भवन का निर्माण करवाया जाएगा। (15–9–98)	(समिति को नवीनतम स्थिति से अवगत कराया जाए।) (15-9-98)
		17–3–1992		
244.	श्री जय सिंह द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या 228 का भाग (क) तथा (ख)—	(क) हां (ख) इस स्तर पर समय सीमा नहीं दी जा सकती।	प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, तराबड़ी (करनाल) :—प्रमुख अभियन्ता, हरियाणा लोक निर्माण विभाग, भवन तथा सड़क शाखा ने इस केन्द्र के भवन निर्माण हेतु 24.21 लाख	(समिति को नवीनतम स्थिति से अवगत कराया जाए।) (15–9–98)

	(क) क्या प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, तरावड़ी की इमारत के निर्माण का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा (ख) यदि ऐसा है, तो पूर्वोक्त इमारत का निर्माण कब तक किए जाने की सम्भावना है ?		रुपए के अनुमान तैयार करके भेजे हैं। प्री-प्लानिंग मीटिंग में भवन निर्माण हेतु धन की व्यवस्था करवा कर अनुमान सरकार को प्रशासकीय स्वीकृति हेतु भेज दिए जाएंगे। सरकार द्वारा धन उपलब्धि अनुसार भवन निर्माण कार्य करवाया जाएगा। (15-9-98)
245.	प्रो0 सम्पत सिंह द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 38— 24-3-1992 (क) क्या जिला हिसार के गांव चूली बागड़ियां में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की इमारत के निर्माण का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा (ख) यदि ऐसा है, तो इसका निर्माण कब तक आरम्भ	(क) हां। (ख) इस स्तर पर समय सीमा नहीं दी जा सकती।	(क) इस केन्द्र के भवन निर्माण हेतु सरकार द्वारा 26.62 लाख रु0 की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की जा चुकी है। सरकार द्वारा जारी की गई स्वीकृति की प्रति लोक निर्माण विभाग को निर्माण कार्य शुरू करने हेतु भेजी जा चुकी है। (15-9-98) (समिति को नवीनतम स्थिति से अवगत कराया जाये) (15-9-98)

क्रम संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	होने/पूरा किए जाने की संभावना है ?	25-2-93		
246.	श्री राम पाल सिंह कंवर द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न सं0 449 के उत्तर में— (क) क्या जिला करनाल में घरौंडा में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की इमारत के निर्माण का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा (ख) यदि ऐसा है, तो इसका निर्माण कब तक आरम्भ किए जाने/पूरा होने की संभावना है ?	(क) जी हां। (ख) वर्तमान समय में सीमा निर्धारित करना सम्भव नहीं क्योंकि यह धन उपलब्धि पर निर्भर है।	(क) प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, घरौंडा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में अपग्रेड करने का मामला कार्यवाही में है तथा सरकार द्वारा इस प्रा0 स्वास्थ्य केन्द्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में अपग्रेड करने पर भवन निर्माण कार्य बारे आगामी कार्यवाही की जाएगी। (ख) इस कार्य के आरम्भ करने तथा पूर्ण होने की सम्भावित तिथि नहीं दी सकती जैसा कि उपरलिखित स्पष्ट है। (15-9-98)	(इस कार्य को चालू वर्ष में पूरा करके समिति को अवगत कराया जाए) (15-9-98)

247. चौधरी अजमत खां द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न नं0 465---क्या स्वास्थ्य मन्त्री कृपया बताएंगे कि---''	26-2-93		
(क) क्या उटावड़ तथा नांगल जाट में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की इमारत के निर्माण का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा	(क) जी हां।	उतावड़ ग्राम पंचायत उतावड़ द्वारा प्रा0 स्वा0 केन्द्र के भवन निर्माण हेतु अभी तक उपयुक्त भूमि उपलब्ध नहीं करवाई गई। भूमि उपलब्ध करवाने पर सिविल सर्जन फरीदाबाद, को लिख दिया गया है। भूमि उपलब्ध होने पर भवन निर्माण कार्य किया जायेगा।	The Committee would like to know the latest position in this regard. (15-9-98)
(ख) यदि ऐसा है, तो उक्त इमारतों पर कार्य कब तक आरम्भ/पूरा होने की संभावना है ?	(ख) इस स्तर पर समय सीमा नहीं दी जा सकती क्योंकि यह धन उपलब्धि पर निर्भर है।	नांगल जाट इस केन्द्र के भवन निर्माण हेतु प्रमुख अभियन्ता लोक निर्माण विभाग भवन तथा सड़क शाखा द्वारा 31.58 लाख रुपये के अनुमान तैयार किए जा चुके है। प्री-प्लानिंग मीटिंग में धन की व्यवस्था करवाकर सरकार को प्रशासकीय स्वीकृति जारी करने के उपरान्त धन उपलब्धी अनुसार भवन का निर्माण करवाया जाएगा। (15-9-98)	

क्र0 सं0	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		12–9–94		
248.	श्री जय प्रकाश द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न सं0 183— (क) क्या सिविल अस्पताल, करनाल के ब्लाक "ए" का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा (ख) यदि ऐसा है, तो क्या चालू वित्तीय वर्ष के दौरान उक्त ब्लाक के निर्माण के लिए कोई राशि मंजूर की गई है तथा इसका निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है?	(क) जी हां।	सरकार द्वारा इस हस्पताल के भवन हेतु धन राशि उपलब्ध नहीं करवाई गई है। धन राशि उपलब्ध होने पर ही इस हस्पताल के ब्लाक "ए" का निर्माण करवाया जाना सम्भव होगा। (15–9–98)	The Committee would like to know the latest position in this regard- (15-9-98)

249.	तारांकित प्रश्न सं0 1016 के संदर्भ में श्री कृष्ण लाल द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—* * * * "अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से बहिन जी से जानना चाहूंगा कि बारिश के दिनों में यह बिल्डिंग (जिला पानीपत में गांव मडलौडा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र) झील बन जाती है, उसमें पानी भर जाता है जिससे मरीजों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। क्या इसका भरत करवा कर ठीक करवाएंगे; यदि हां, तो यह काम कब तक पूर्ण हो जाएगा ?"	7–3–95 झील को भरने के लिए और पैसा चाहिए तथा चार दीवारी के लिए भी पैसा चाहिए। इन कामों के लिए नए बजट में पैसे का प्रावधान करने का प्रयास किया जाएगा।	इस केन्द्र की चार दिवारी के निर्माण हेतु तथा मिट्टी के भरत करवाने के लिए अभी अनुमान प्राप्त नहीं हुए हैं। अनुमान भेजने के लिए लोक निर्माण विभाग को अनुरोध किया हुआ है। (15–9–98)	The Committee would like to know the latest position in this regard. (15-9-98)
250.	तारांकित प्रश्न सं0 1016 के संदर्भ में साथी लहरी सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न–अध्यक्ष महोदय, मेरे हल्के में गुडा और टाटका दो गांव है जिनमें पी0 एच0 सीज0 चल रही है उन	7–3–95 * * * * वैसे पिछले बजट में पी0 एच0 सीज0 के लिए जितने पैसों का प्रावधान था, हमने उससे ज्यादा ही खर्च किया है। अगले बजट में उन दो पी0 एच0 सीज0 का ध्यान रखेंगे।	टाटका तथा गुढ़ा टाटका–इस केन्द्र के भवन निर्माण हेतु 16 कैनाल भूमि ग्राम पंचायत टाटका द्वारा उपलब्ध करवाई गई जो स्वास्थ्य विभाग के नाम निदेशक, पंचायत द्वारा स्थानान्तरण की जा	The Committee would like to know the latest position in this regard. (15-9-98)

क्रम संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	पी0एच0 सीज0 की बिल्डिंग कब बनानी शुरु करेंगे और वे कब तक पूरी हो जाएंगी ?'		चुकी है इस कार्यालय द्वारा सिविल सर्जन, कुरुक्षेत्र को भूमि का साईट प्लान भेजने हेतु लिखा जा चुका है । साईट प्लान प्राप्त होने पर मुख्य वास्तुक हरियाणा से ड्राईंग तथा प्रमुख अभियन्ता हरियाणा से अनुमान तैयार करवाकर सरकार को प्रशासकीय स्वीकृति हेतु भेजे जायेंगे । भवन का निर्माण सरकार द्वारा धन उपलब्ध अनुसार करवाया जायेगा ।	
			गुढ़ा—ग्राम पंचायत, गुढ़ा द्वारा प्रा. स्वा. केन्द्र के भवन निर्माण हेतु 3 एकड़ भूमि उपलब्ध करवाया जाना प्रस्तावित है। भूमि निदेशक, पंचायत हरियाणा द्वारा अभी तक स्वास्थ्य	

			विभाग के नाम स्थानान्तरण नहीं की गई है। भूमि स्वास्थ्य विभाग के नाम स्थानान्तरण होने पर आगामी कार्यवाही की जायेगी। (15–9–98)	
		7–3–'95		
251.	तारांकित प्रश्न सं0 1016 के संदर्भ में श्री सूरज भान काजल द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न–, "अध्यक्ष महोदय जुलाना के अन्दर एक कम्युनिटी हैल्थ सैंटर है इसको बने हुए 50 साल हो गए हैं। इसकी कोई भी बिल्डिंग नहीं है लेकिन इसकी 25 बैड्ज की कैपेस्टी दिखा रखी है जबकि इसमें 10 बैड्ज भी नहीं आ सकते हैं। मैं मंत्री जी से आपके माध्यम से पूछना चाहूंगा कि क्या उस बिल्डिंग को बनाने का विचार है और अगर हां तो कब तक उसको बनवा दिया जाएगा ?"	अध्यक्ष महोदय, वहां पर बैड्ज का प्रावधान ज। वह पुरानी ब्लाक स्तर की पी0एच0सी0 थी, इसकी पूरी बिल्डिंग न बना करके इसके साथ कुछ एडीशनल बनाने की सरकार की योजना है। हमारी पूरी कोशिश है कि अब हम जो बजट पास करेंगे और उसमें जो प्रावधान होगा, उसके हिसाब से उसको पैसा दे दिया जाएगा।	प्रा0 स्वा0 केन्द्र जुलाना की कुल भूमि 9 कै0 4 मरला है जो सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन निर्माण हेतु प्रर्याप्त है। जिसके लिए एक एकड़ भूमि की आवश्यकता है। अत: इस उद्देश्य हेतु चार एकड़ भूमि अधिग्रहण की गई है जिसका मुआवजा भूपतियों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिया जायेगा भूमि अभिग्रहण करने के लिए नोटीफिकेशन जारी करने हेतु सरकार को लिखा गया है। सरकार द्वारा नोटिफिकेशन जारी होने पर भूमि अधिग्रहण की जायेगी। भूमि अभिग्रहण के बाद ही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जुलाना के भवन निर्माण के बारे कार्यवाही की जायेगी। 15–9–98	The Committee would like to know the latest Position in this regard. 15-9-98

क्रम संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		7–3–95		
252.	तारांकित प्रश्न सं0 1016 के संदर्भ में प्रो0 छत्तर सिंह चौहान द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न---- "स्पीकर सर, मैं मंत्री महोदय से जानना चाहूंगा कि भिवानी जिले में नकीपुर, बौंद, घनाना ये जितनी पी0एच0 सीज0 में, डाक्टर्ज नहीं है। क्या वहां डाक्टरों का प्रबन्ध किया जाएगा ? इसके साथ-साथ मैं यह भी कहना चाहूंगा कि क्या सरकार बौंद को सी0एच0सी0 बनाने का इरादा रखती है ?	* * * स्पीकर सर, जनता की मांग को देखते हुए बौन्द कलां पी0 एच0 सी0 अगले वित्त वर्ष में चालू हो जाएगी। अभी तक अप्रैल आया नहीं है। सैद्धान्तिक स्वीकृति हमने जारी कर दी है कि इसको सी0एच0सी0 अपग्रेड किया जाए।	बौंद कलां सी0 एच0 सी0 बोन्दकलां के अतिरिक्त भवन निर्माण हेतु ग्राम पंचायत बोन्दकलां द्वारा 163 कैनाल 17 मरले भूमि निशुल्क उपलब्ध करवाई गई है जो निदेशक पंचायत द्वारा स्वास्थ्य विभाग के नाम स्थानान्तरण की जा चुकी है। इस केन्द्र के भवन निर्माण हेतु मुख्य वास्तुक, हरियाणा ने ड्राईंग तैयार कर दी है तथा प्रमुख अभियन्ता हरियाणा ने 1,46,71,000/ रुपये के अनुमान तैयार करके भेजे हैं। प्री-प्लानिंग की मीटिंग में इस केन्द्र भवन निर्माण हेतु धन राशि रखवा दी जायेगी। इसके उपरान्त अनुमान सरकार को प्रशासकीय	The Committee would like to know the latest Position in this regard. 15-9-98

		29–2–96	स्वीकृति हेतु भेजे जायेंगे । इस केन्द्र का भवन निर्माण धन उपलब्ध अनुसार करवाया जायेगा । पी0एच0सी0 नकीपुर बौन्दकलां तथा धनाना में 2 डाक्टरों की पोस्टिंग की जा चुकी है, तथा कार्यरत हैं नकीपुर में एक डाक्टर की पोस्टिंग शीघ्र की जायेगी । 15–9–98	
253.	तारांकित प्रश्न सं0 1269 पर साथी लहरी सिह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न--स्पीकर साहब, मैं सरकार का बड़ा आभारी हूं कि इन्होंने गुढ़ा, टाटका जैसे देहातों में सी0एच0सी0 खोलकर बहुत से लोगों को सुविधाएं दी हैं । इसके साथ ये सी0एच0सीज0कोई अढाई-तीन साल से चल रही हैं लेकिन इनकी बिल्डिंग अभी तक नहीं बनी है । तो आदरणीय बहन जी से मैं आपके माध्यम से यह जानना चाहूंगा कि इनकी बिल्डिंग बननी कब शुरू	स्पीकर सर, 1991–92 में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र टाटका व गुढ़ा में स्वीकृत किए गए थे । पंचायत की प्रार्थना पर और माननीय सदस्य के अनुरोध पर लोगों की आवश्यकता को देखते हुए यह पंचायतों के भवनों में तुरंत खोल दिए गए ताकि लोगों को चिकित्सा सुविधा आसानी से उनके नजदीक ही प्राप्त हो सके । तभी से यह कोशिश की जा रही है कि इनके लिए भूमि उपलब्ध करा दी जाए ताकि सरकार इस पर भवन निर्माण कर सके । इसके लिए मेरे पास सूचना उप-	इस केन्द्र के भवन निर्माण हेतु 16 कनाल भूमि ग्राम पंचायत, टाटका द्वारा उपलब्ध करवाई गई है जो स्वास्थ्य विभाग के नाम निदेशक, पंचायत द्वारा स्थानान्तरण की जा चुकी है । इस कार्यालय द्वारा सिविल सर्जन, कुरुक्षेत्र को भूमि का साईट प्लान भेजने हेतु लिखा जा चुका है । साईट प्लान प्राप्त होने पर मुख्य वास्तुक, हरियाणा से ड्राईंगज़ तथा प्रमुख अभियन्ता, हरियाणा से अनुमान तैयार करवाकर सरकार को प्रशास-	The Committee would like to know the latest position in this regard. (15-9-98)

क्रम संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	होगी और कब पूरी हो जाएगी । इसके अलावा मैं यह भी जानना चाहूंगा कि सी0एच0सी0 खोलने का क्राईटेरिया क्या है जो कम्युनिटी हैल्थ सैंटर रादौर में है और उसमें जो तीस बिस्तरों का अस्पताल लगाने का प्रावधान है लेकिन वह तो तभी पूरा होगा जब बिल्डिंग बनेगी । मेरा तीसरा प्रश्न यह है कि इन्होंने कहा है कि भवन नहीं बने हैं। प्रस्तावित हैं लेकिन समय नहीं दे सकते हैं इसका क्या कारण है। भवन कब तक बन कर तैयार हो जाएंगे स्पीकर सर, जिन सी0एच0 सीज0 को बने हुए बहुत दिन हो गए उनकी पर्याप्त बिल्डिंग कब तक बना देंगे और इसके साथ ही मेरा चौथा प्रश्न छोटा सा और है ताकि वहन जी बार बार न उठें वह	लब्ध है। उसके अनुसार गुढ़ा ग्राम पंचायत ने तो जमीन ट्रांसफर करने के लिए निदेशक, पंचायत को प्रार्थना भेज दी है और टाटका गांव की जमीन का अभी कोई जवाब नहीं मिला है। 30-1-96 को उत्तर पूछने हेतु सिविल सर्जन को अनुरोध किया गया था । मोटी बात यह है कि जमीन जब हमारे नाम ट्रांसफर हो जाएगी तब इस पर सरकारी भवन बनाने बारे में तुरन्त विचार किया जाएगा क्योंकि जो स्वास्थ्य का इन्फ्रास्ट्रक्चर है, हरियाणा प्रांत गिने चुने प्रांतों में से है जिसने राष्ट्रीय नीति के अनुसार निर्माण के लिए अपना पूरा स्ट्रक्चर खड़ा किया हुआ है। इसके अलावा इन्होंने रादौर सी0एच0सी0 के बारे में भी पूछा है। स्पीकर साहब, नार्मज तो वहां पर पूरे होते हैं और लगभग सवा लाख की आबादी पर एक स्वास्थ्य केन्द्र बनाया जाता है। इसलिए	कीय स्वीकृति हेतु भेजे जाएंगे । भवन का निर्माण सरकार द्वारा धन उपलब्धी अनुसार करवाया जाएगा । प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, गुढ़ा ग्राम पंचायत गुढ़ा द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण हेतु 3 एकड़ भूमि उपलब्ध करवाया जाना प्रस्तावित है । भूमि निदेशक, पंचायत हरियाणा द्वारा अभी तक स्वास्थ्य विभाग के नाम स्थानांतरण नहीं की गई । भूमि स्वास्थ्य विभाग के नाम स्थानांतरण होने पर आगामी कार्यवाही की जाएगी । सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, रादौर (यमुनानगर) इस केन्द्र के अतिरिक्त भवन निर्माण हेतु मुख्य वास्तुक, हरियाणा	

प्रश्न यह है कि भारत सरकार की तरफ से जो सहायता आती है, पैसा आता है, उसको आप इस बिल्डिंग्ज में प्रयोग करते हैं या दूसरे काम के लिए इस्तेमाल करते है। आप भारत सरकार की राशि के बारे में भी बताने की कृपा करें।

यह अपग्रेड कर दिया गया था लेकिन इसके लिए चार एकड़ जमीन चाहिए। चार एकड़ जमीन जहां पर वह बिल्डिंग बनी हुई है वहां अवेलेबल नहीं है। उसके अन्दर हमने काफी बिल्डिंग बनाई हुई है। लेकिन फिर भी 30 बिस्तर आराम से उसमें लग सकें, उस संबंध में मैं भी पिछले दिनों में रादौर गई थी। यह देखते हुए कि इतना सुन्दर भवन जो बना हुआ है इसको इस्तेमाल न करके दूसरी जगह बनाएं तो 4 एकड़ पर तो इससे भी दुगुना खर्चा होगा और लोगों को जो बिल्कुल शहर के बीच में है यह बिल्डिंग बनने में सुविधा भी इतनी आसानी से प्राप्त नहीं हो सकेगी। इसलिए यह निर्णय लिया गया है कि इसी जमीन पर ड्राईंग तैयार करवा कर के जिसमें इस वक्त 15 बिस्तर लगे हुए हैं और 15 बिस्तरों का एक और वार्ड वहां पर बन सके। इस प्रकार की ड्राईंग तैयार करने के लिए अनुरोध किया हुआ है साथ ही माननीय सदस्य ने जो यह जानना चाहा है कि क्या भारत सरकार से कोई ऐसा पैसा भवन निर्माण के लिए मिलता है तो इस से ड्राईंगज तैयार करवाई जा रही है। ड्राईंग्ज तैयार होने पर प्रमुख अभियन्ता, हरियाणा से अनुमान तैयार करवाएं जाएंगे। इस केन्द्र के अतिरिक्त भवन का निर्माण सरकार द्वारा अनुमान स्वीकृत करने तथा धन उपलब्धि अनुसार करवाया जाएगा।

(15–9–93)

क्रम संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		बारे में माननीय सदस्य की जानकारी के लिए मैं यह कहना चाहूंगी कि गांवों में स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करने के लिए जिसके अन्तर्गत हम प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सी0एच0सीज0 और सब सैंटर्ज बनाते हैं तो इसमें पैसा भारत सरकार से भी मिलता है और इसमें हरियाणा सरकार का भी योगदान होता है । इससे देहाती इलाकों में स्वास्थ्य केन्द्र खोलने के लिए भवन बनाने के लिए पैसे की कोई दिक्कत नहीं है । दिक्कत सिर्फ यह है कि इसके लिए अभी तक बहुत सारे भवनों की जमीन ट्रांसफर नहीं हुई है । फिर भी दो सौ के लगभग पी0एच0सीज0 जो हैं सरकारी भवनों में इस वक्त चल रहे हैं ।		
		(29-2-96)		
254	तारांकित प्रश्न संख्या 1269 पर श्री अजमत खां द्वारा पूछा गया	स्पीकर साहब मैंने यह नहीं कहा कि हम उस बिल्डिंग को टक ओवर नहीं करना	ए0एन0एम0 की ट्रेनिंग हेतु मेवात एरिया के लिए सामुदायिक	The Committee would like to know

अनुपूरक प्रश्न-अध्यक्ष महोदय, मन्त्री महोदय ने कहा है कि मेवात में लड़कियों की तालीम नहीं है इस वजह से यहां ए0एन0एम0 नहीं लग सकी। मैं इनको बताना चाहता हूं कि मेवात की लड़कियों को आज ए0एन0एम0 का कोर्स करने के लिए दाखिला नहीं मिलता। वहां पर लड़कियां बी0ए0 और एम0ए0 तक पढ़ी हुई हैं। न उनको नौकरियां मिलती हैं और न ही उनको ट्रेनिंग के लिए दाखिला मिलता है। आप उनको मेवात बोर्ड की तरफ से या सरकार की अपनी तरफ से दाखिला दिलवाने का बन्दोबस्त करवाएं। उसके बाद देखें कि पढ़ी-लिखी लड़कियां हैं या नहीं। जहां तक सिलाई की बिल्डिंग की बात है तो सच यह कि इस बिल्डिंग को टेक ओवर नहीं किया गया है। यह बिल्डिंग स्कूल के नजदीक है। अगर आप इसे टेक ओवर नहीं करना चाहते हैं। मैंने यह कहा था कि अगर वह सरकारी बिल्डिंग है तो जल्दी टेक ओवर करके काम शुरु करवाएंगे। जहां तक ट्रेनिंग का ताल्लुक हैं, गुड़गांव के अन्दर इस एरिया के लिए स्पैशल स्कूल खोला गया ताकि वहां पर मेवात की लड़कियों को एडमिशन मिल सके और उसके बाद वे उस इलाके की सेवा कर सके

स्वास्थ्य केन्द्र, नूह में एक स्कूल खोला हुआ है जो स्टाफ की कमी के कारण जी0एच0 गुड़गाव में चल रहा है। इस स्कूल में 50 प्रतिशत सीटें मेवात एरिया की लड़कियों के लिए आरक्षित हैं

महानिदेशक महोदय के अ0स0प0 क्रमांक 27/3,7-4 नर्सिंग-97/1262 दिनांक 12-2-97 जोकि आयुक्त गुड़गांव डिविजन कम चैयरमैन मेवात डिवैलपमैंट बोर्ड को सम्बोधित है, में यह सूचित किया गया है कि इस समय एम0पी0 डब्ल्यू0 (एफ) ट्रेनिंग स्कूल, नूह की इनटेक कपैसटी 13 छात्राओं की है। अभी तक इस स्कूल के लिए टीचिंग स्टाफ स्वीकृत नहीं है। इसलिये स्कूल की छात्राओं को जी0एच0 गुड़गांव की छात्राओं के साथ ट्रेनिंग दी जाती है। एम0पी0 डब्ल्यू0 (एफ) ट्रेनिंग स्कूल नूह के लिए सी0एच0सी0 नूह के कैम्पस में भवन भी उपलब्ध है जो मेवात विकास बोर्ड इस परपज के लिए प्रयोग कर सकता है।

the latest position in regard.

क्रम संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	चाहते तो हमें यह बिल्डिंग दम जमा दो स्कूल की क्लासों के लिए दे दें		हाई पावरड कमेटी के निर्णय अनुसार मेवास विकास बोर्ड एम0पी0 डब्ल्यू0 (एफ) ट्रेनिंग स्कूल को अपने नियंत्रण में ले सकते हैं । (15-9-98)	
		29-2-96		
255	राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर पेश हुए धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई बहस के उत्तर के दौरान चौधरी बंसी लाल द्वारा ली गई क्लैरीफिकेशन——मैं कल परसों एक बात कहनी भूल गया था कि जी0 टी0 रोड पर जो एक्सीडेंट्स होते हैं, उस के लिए मुरथल, पानीपत, करनाल, कुरुक्षेत्र और अम्बाला के होस्पीटल्ज में स्पैशल प्रबन्ध किया जाए ताकि घायल लोगों को इमिजिएटली रिलीफ मिल सके ।	अध्यक्ष महोदय, इनका सुझाव अच्छा है इस बारे में विचार करेंगे ।	मूरथल/सोनीपत, पानीपत, करनाल पिपली/कुरुक्षेत्र तथा अम्बाला के हस्पताल में आपातकाल सेवाए दी जाती हैं सभी हस्पतालों में एक्सरे प्लांट, सभी स्पैसिलिस्ट तथा दाखिल करने की सुविधा भी उपलब्ध है । इसके अतिरिक्त जी0 टी0 रोड पर एम्बुलैन्स की सेवाए के प्रबन्ध करने के लिए आवश्यक प्रस्ताव सरकार को भेजा हुआ है । (15-9-98)	The Committee would like to know the latest position in this regard. (15-9-98)

256.	बजट भाषण .	6–3–96 ***चालू वर्ष के दौरान तीन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खोले गए हैं व एक अन्य ऐसा केन्द्र खोलने की योजना बनाई जा रही है ।** ***मैडीकल कालेज, रोहतक का दर्जा बढ़ाकर उसे स्नातकोत्तर संस्थान बनाया जा रहा है तथा नर्सिंग स्कूल का दर्जा बढ़ा कर, उसे नर्सिंग कालेज बनाया जा रहा है । वर्ष 1996–97 के दौरान इस संस्थान में एक ट्रामा खंड, एक 50 बिस्तर वाला राजकोय मानसिक रोग रिहैबिलिटेशन सैन्टर व मानसिक रोगियों के रिहैबिलिटेशन के लिए एक प्रशिक्षण केन्द्र बनाया जा रहा है ।***		
257.	श्री श्री कृष्ण हुड्डा द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न सं0 97 के उत्तर में—क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि— (क) क्या यह तथ्य है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, किलोई की	" " 18–11–96 (क) जी हां । (ख) जी हां, भवन के पुनर्निर्माण हेतु सरकार तत्परता से प्रस्ताव पर विचार कर रही है तथा आगामी वित्त वर्ष में भवन का निर्माण किए जाने की संभावना है ।	ग्राम किलोई में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का निर्माण करवाया जाना प्रस्तावित है इस केन्द्र के निर्माण हेतु मुख्य वास्तुक हरियाणा से ड्राइंग तैयार करवाई जा चुकी है-प्रमुख अभियन्ता, हरियाणा लोक निर्माण विभाग भवन तथा सड़क शाखा	यह आश्वासन पैंडिग रखा गया । (15-9-98)

क्रम संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	इमारत क्षतिग्रस्त अवस्था में है ; तथा (ख) यदि हां, तो क्या उपरोक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की इमारत का पुनः निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है, तथा उक्त इमारत का निर्माण कार्य कब तक आरम्भ/पूरा किए जाने की संभावना है ?	20–11–96	चण्डीगढ़ को इस केन्द्र के भवन निर्माण हेतु आवश्यक अनुमान तैयार करने के लिए लिखा जा चुका है। उनसे अनुमान प्राप्त होने पर सरकार को प्रशासकीय स्वीकृति हेतु भेजे जायेंगे। प्री-प्लानिंग मिटिंग में इस केन्द्र के भवन निर्माण हेतु धन की व्यवस्था करवा दी जायेगी । (15-9-98)	
258.	तारांकित प्रश्न संख्या—117 के संदर्भ में श्री मनी राम द्वारा पूछा गया पूरक प्रश्न— अध्यक्ष महोदय, मैं मंत्री महोदया से यह जानना चाहूंगा कि डबवाली	* * * * * * * * * * अब वहां 60 बैडज के हस्पताल के लिए कंस्ट्रक्शन शुरू हो चुकी है। जल्दी ही, हस्पताल बन जाएगा।	डबवाली में 60 बिस्तरों के भवन निर्माण हेतु सरकार द्वारा 265.26 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की जा चुकी है लोक निर्माण विभाग द्वारा हस्पताल का निर्माण कार्य शुरू किया जा चुका है	The Committee would like to to know the latest position in this regard. (15-9-98)

	में अग्नि कांड हुआ था तो क्या ये मंत्री बनने के बाद वहां पर पीड़ितों का हाल जानने के लिए गई थीं ? दूसरे वहां के अस्पताल में जो मंजूर स्टाफ था क्या वह पूरा है ?		और भवन निर्माण कार्य प्रगति पर है। हस्पताल में जो स्टाफ मन्जूर था वह उस समय पूरा था । (15-9-98)	
259.	तारांकित प्रश्न संख्या 247 के संदर्भ में श्री नन्हे सिंह राठी द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न "स्पीकर साहब, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि सिविल होस्पीटल बहादुरगढ़ की बिल्डिंग बनाने के लिए अनुमानित लागत कितनी है और वहां पर कौन-कौन से रोगों का इलाज होगा और उस होस्पीटल का क्या स्तर होगा ।"	11-3-97 अध्यक्ष महोदय, उसकी अनुमानित लागत 1 करोड़ 24 लाख रुपये है । इस समय होस्पीटल की जो बिल्डिंग बनी हुई है वह जगह बहुत कम है । इस समय उस होस्पीटल की चार एकड़ जमीन है लेकिन हमें उसके लिए 9 एकड़ जमीन चाहिए । वह जमीन हमें उद्योग विभाग ने दे दी है । हम उसका बहुत जल्दी निर्माण कार्य करने जा रहे हैं ।	प्रमुख अभियन्ता हरियाणा, लो.नि.वि. भवन तथा सड़क शाखा चण्डीगढ़ ने इस अस्पताल का भवन निर्माण (रिहायशी भवनों सहित) 1 करोड़ 24 लाख रुपये की लागत से किए जाने हेतू अनुमान तैयार किए गए थे, जिसकी स्वीकृति सरकार द्वारा जारी की जा चुकी है । यह अस्पताल रोगियों को लैबोरटरी, आप्रेशन थियेटर, एक्स-रे, प्रसूति आदि आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करेगा । यह अस्पताल 30 बिस्तर के स्तर (सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र) का होगा । (22-12-98)	समिति इस बारे लेटेस्ट पोजीशन जानना चाहती है । (12-1-99)

क्रम संख्या		दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		11-3-97		
260.	तारांकित प्रश्न संख्या 247 के संदर्भ में श्री कैलाश चन्द्र शर्मा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न "अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी के नोटिस में लाना चाहता हूं कि नारनौल हस्पताल की हालत बहुत खराब है। वहां पर जो पोस्ट-मार्टम रूम है वह खस्ता हालत में है। और दूसरे वह काफी नीचे जाकर है। वर्षा में वहां पर पानी खड़ा हो जाता है वहां पर चार दिवारी न होने की वजह से भी पोस्ट-मार्टम ठीक तरह से नहीं हो पाता। मैं मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि या तो उसको ठीक	अध्यक्ष महोदय, आदरणीय साथी ने बहुत अच्छी बात कही है। हम उसकी जल्दी ही जांच करके फौरी तौर पर ठीक करवा देंगे।	सिविल अस्पताल नारनौल तथा टी.बी. क्लीनिक की चार दीवारी बनवाने हेतू सरकार ने 137600/- तथा 171300/- रूपये के अनुमानों की प्रशासकीय स्वीकृति जारी कर दी है। धन उपलब्ध होने पर निर्माण कार्य शीघ्र ही शुरू करवा दिया जाएगा। टी. बी. अस्पताल नारनौल की रिटेनिंग वाल पूर्ण कर दी है। इसके अतिरिक्त अस्पताल सड़कों की मरम्मत हेतु तथा सुरक्षा रोशनियों हेतु क्रमशः 36000/- तथा 74420/- रूपये के अनुमान सिविल सर्जन नारनौल से प्राप्त हो चुके हैं प्रि-प्लानिंग मीटिंग में लोक निर्माण विभाग से धन की मांग की जाएगी। धन उपलब्धी	(समिति इस बारे लेटेस्ट पोजीशन जानना चाहती है।) (12-1-99)

करवाया जाए या उसको गिरा कर और उसे ऊपर उठाकर नए सिरे से बनाया जाएं ताकि पोस्टमार्टम वहां पर ठीक प्रकार से हो सकें।"

पर कार्य करवाया जाना सम्भव होगा। जहां तक नारनौल में पोस्टमार्टम के भवन की खस्ता हालत का सम्बन्ध है; इसके भवन का निर्माण करवाने हेतु आवश्यक अनुमान तैयार करने का लोक निर्माण विभाग को लिखा जा चुका है। पोस्टमार्टम के भवन का निर्माण पंचायती राज द्वारा किया जाना है।

(22-12-98)

261. श्री श्री कृष्ण हुडडा द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 331—क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि

(क) क्या यह तथ्य है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, किलोई की इमारत पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गई है; तथा

(ख) यदि हां, तो क्या पूर्वोक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की

11-3-97

(क) जी हां।

(ख) वर्तमान साईट पर नव भवन निर्माण किए जाने का प्रस्ताव सरकार के सक्रिय विचाराधीन है तथा निर्माण कार्य आगामी वित्त वर्ष में टेक अप किए जाने की संभावना है।

प्रा0 स्वा0 केन्द्र किलोई के पुराने भवन को गिराकर नए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का निर्माण हेतु मुख्य वास्तुक हरियाणा से ड्राईंगज़ तैयार करवाई जा चुकी हैं। लोक निर्माण विभाग को प्रा0स्वा0 केन्द्र के अनुमान तैयार करने हेतु लिखा जा चुका है। अनुमान प्राप्त होने पर सरकार को प्रशासकीय स्वीकृति ज़ारी करने हेतु भेजे जाएंगे, सरकार द्वारा स्वीकृति जारी करने तथा धन उपलब्ध करवाए

(समिति इस बारे लेटैस्ट पोजीशन जानना चाहती है)

(12-1-99)

क्रम संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	नई इमारत का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ?		जाने पर प्रा0स्वा0 केन्द्र, किलोई के नवभवन का निर्माण कार्य शुरु किया जाएगा। (22-12-98)	
262.	श्री जय सिंह राणा द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 379-क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि — (क) क्या प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, तरावड़ी की इमारत का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ; तथा (ख) यदि हां, तो ऊपर के भाग (क) में यथा निर्दिष्ट इमारत का निर्माण कार्य कब तक आरम्भ पूरा किए जाने की सम्भावना है ?	13-3-97 (क) जी हां। (ख) निर्माण कार्य 1997-98 में आरम्भ होने की संभावना है तथा एक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन के पूर्ण होने में सामान्यतः अढ़ाई से तीन वर्ष का समय लग जाता है।	प्रा0 स्वा0 केन्द्र, तरावड़ी के भवन निर्माण के लिए ई0एस0आई0 द्वारा 24.121 लाख रुपये के अनुमान तैयार किए जा चुके हैं। प्रि-प्लानिंग मीटिंग में इस केन्द्र के भवन निर्माण हेतु धन की व्यवस्था करवा कर अनुमान सरकार को प्रशासकीय स्वीकृति हेतु भेजे जाएंगें। उपरोक्त वर्णित स्थिति के सम्मुख प्रा0 स्वा0 केन्द्र, तरावड़ी के भवन का निर्माण कार्य आरम्भ/पूर्ण होने की समय सीमा नहीं दी जा सकती। (22-12-98)	(समिति इस बारे लेटैस्ट पोजीशन जानना चाहती है। 12-1-98

20–3–97

263.	श्री भागी राम द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न सं0 388– क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि––	प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन की विशेष मुरम्मत 1994–95 में की जा चुकी है। भवन का पुन: निर्माण करने की बजाए नए स्थान पर एक 30 बिस्तरों वाला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित करने का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया है जो कि 3 वर्ष में पूर्ण हो जाने की संभावना है।
	(क) क्या सरकारी अस्पताल, ऐलानाबाद की इमारत की मुरम्मत/पुन: निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा	
	(ख) यदि हां, तो उक्त इमारत का निर्माण कार्य कब तक आरम्भ/पूरा किए जाने की संभावना है ?	

20–3–97

264.	श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न सं0 446––क्या चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि––	(ग) विशेष मुरम्मत का कार्य चल रहा है और जून, 1997 तक पूरा होने की संभावना है। इस बीच इन वार्डों को मुख्य भवन में बदला गया है जहां वे कार्य कर रहे है।
	(क) क्या मैडिकल कालेज, रोहतक में बच्चों के लिए	

क्रम संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	तथा तपेदिक के मरीजों के लिए अलग वार्ड रखने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ; (ख) क्या यह तथ्य है कि मैडिकल कालेज, रोहतक के बच्चों के वार्ड, तपेदिक वार्ड तथा पुराने सघन चिकित्सा कक्ष की पुरानी इमारत गिर/ढ़ह गई है; तथा (ग) यदि हां, तो ऊपर के भाग क में यथानिर्दिष्ट इमारत कब तब पुनर्निमित किए जाने की संभावना है ?			

OUTSTANDING ASSURANCE

Relating to the

LOCAL GOVERNMENT DEPARTMENT

Note :—In case an assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat .

क्रम संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		25–3–1988		
265.	तारांकित प्रश्न सं0 23 पर श्री कुन्दन लाल भाटिया द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न–"फरीदाबाद में पीने के पानी की भारी समस्या है क्या मंत्री महोदय इस समस्या को हल करेंगे, ?"	इस समय ऐसी शिकायत मेरी जानकारी में नहीं है कि फरीदाबाद में पानी की कमी है । लेकिन मैं श्री भाटिया की जानकारी के लिए उन्हें बताना चाहूंगा कि 20 करोड़ रुपये की एक योजना हुड्डा और फरीदाबाद कम्पलैक्स दोनों ने मिल कर तैयार की है । इस योजना के अन्तर्गत 2 करोड़ गैलन पानी यमुना नदी में ट्यूबवैल लगाकर सप्लाई किया जाएगा । दस लाख रुपये इस योजना के लिए दिये गये हैं । भूमि अधिग्रहण के लिए प्रयत्न किए जा रहे हैं ।	1. यह उचित है कि नगर निगम क्षेत्र में विशेषकर दिल्ली–मथुरा रोड के पश्चिम में स्थित एन0आई0टी0 क्षेत्र में पीने के पानी कमी है 2. फरीदाबाद नगर निगम वर्तमान में 500 लाख गैलन प्रतिदिन की मांग के विरुद्ध 288 गहरे नल-कूपों की सहायता से नागरिकों को 380 लाख गैलन प्रतिदिन आपूर्ति कर रहा है । दिल्ली मथुरा रोड के पश्चिम में स्थित क्षेत्र जवाहर कलौनी, डबुआ कलौनी, पर्वतीय कलौनी, औद्योगिक क्षेत्र एन0आई0टी0, संजय कलौनी, मुजेसर आदि के अधिकतर क्षेत्र में भूमिगत पानी खारा है । इसलिए इन क्षेत्रों में	कमेटी को जन-स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस योजना पर तैयार की गई विस्तृत सर्वे रिपोर्ट से अवगत कराया जाए। (4–12–96)

नलकूप लगाया जाना संभव नहीं है। एन0आई0टी0 फरीदाबाद क्षेत्र में स्थित वर्तमान सभी नलकूप नजदीक-नजदीक होने के परिणाम स्वरूप इस क्षेत्र में भी और नलकूप लगाया जाना संभव नहीं है। और इस क्षेत्र में नलकूपों से अधिक पानी के दोहन के कारण भूमिगत जल की मात्रा कम होती जा रही है।

3. 120 लाख गैलन प्रतिदिन पानी की कमी को पूरा करने के लिए एक रैनीवैल योजना को कार्यान्वित किया जाना विचाराधीन है, जिसके तहत यमुना नदी की तलहटी में 2 रैनीवैल और 13 गहरे नलकूपों को लगाया जाएगा जिसके द्वारा 83 लाख टन गैलन प्रतिदिन की दर से पानी प्राप्त होने की आशा है। उक्त योजना की अनुमानित लागत 33 करोड़ रूपये होगी। फरीदाबाद नगर निगम, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण और राज्य सरकार उक्त अनुमानित राशि को क्रमशः 50:40:10

क्रम संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			के अनुपात में वहन करेगी। लोक निर्माण विभाग (जन स्वास्थ्य) और हरियाणा शहरी विकास प्राधि-करण द्वारा उक्त कार्य को सम्पन्न किया जाएगा। उक्त योजना का विस्तृत सर्वे करने और विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने हेतु फरीदाबाद नगर निगम 11 लाख रुपये जन स्वास्थ्य विभाग के पास जमा करवा चुका है। उक्त योजना के तहत किए जाने वाले कार्य के आवंटन के बाद इस योजना के पूरा होने में लगभग दो वर्ष का समय लगेगा। उक्त योजना के तहत पूरा होने के उपरान्त पानी की समस्या काफी हद तक हल हो जाएगी। (8-1-96)	

266.	तारांकित प्रश्न संख्या 960 पर डा0 बृज मोहन गुप्ता द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"मेरा एक सवाल तो यह है कि इतने कम किराये की वजह से (जगाधरी नगर-पालिका की इमारत पट्टे पर देने के कारण) कमेटी को जो लाखों रुपये का नुकसान हुआ है, क्या उसकी रिकवरी कर सकते हैं ? दूसरा यह है कि क्या इसकी लीज कैंसिल कर सकते हैं और अगर कुछ और नहीं हो सकता तो क्या किराया बढ़ा सकते है ?"	स्पीकर साहब, मैं सदन को आश्वासन देना चाहता हूं कि हमारी सरकार का उद्देश्य भ्रष्टाचार बन्द करना है। मैं इसकी इंक्वारी करवाऊंगा कि यह किस अफसर ने हिमाकत की और इतना नुकसान किया कि एक हजार रुपये कि इंकम के अगेंस्ट एक लाख 21 हजार रुपया खर्च हो। घर बैठे बिठाये एक लाख इक्कीस हजार रु0 की पैंशन दे दी। मैं इसकी इंक्वायरी करवाऊंगा और ला डिपार्टमैंट से पूछकर लीज अगर कैंसिल हो सकेगी तो उसकी कैंसिल करने की भी कार्यवाही की जाएगी।	खेड़ा बाजार जगाधरी में स्थित एक भवन, जिसमें पुराना मुख्य चुंगी दफ्तर था, कि भूतपूर्व विधायक एवं मंत्री डा0 ओम प्रकाश को दिनांक 21-6-68 से 10 वर्ष के लिए 500/-रुपये प्रतिवर्ष नोमिनल किराये की दर से लीज पर दिया गया था। इस भवन का कुल क्षेत्र 1900 वर्ग फुट है। जिसमें दो हाल कमरे एक छोटा कमरा, एक छोटा स्टोर, एक स्नानगृह, एक रसोई घर एवं लैटरिन है। इस भवन को लीज पर लेने के समय वह किसी और काम के लिए प्रयोग में नहीं लाया जा रहा था सिवाये इसके कि कुछ पुराना चुंगी रिकार्ड वहां पड़ा हुआ था। इस रिकार्ड को नये चुंगी दफ्तर में बदल दिया गया था। प्रथम बार यह भवन श्री ओम प्रकाश को दिनांक 22-6-68	The Committee would like to orally examine the deparrmental representatives in one of its subsequent meetings. (4-12-96)

क्रम संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			से 20–6–78 तक लीज पर दिया गया था लीज मनी निश्चित करने के लिये कोई तरीका नहीं अपनाया गया था.। यह तत्कालीन प्रशासक द्वारा दिनांक 22–6–68 को 500/– रुपये प्रति वर्ष की दर से निश्चित की गई थी, जो कि बाद में सरकार द्वारा 24–6–75 को अनुमोदित कर दी गई ।	
			लीज की अवधि समाप्त होने पर नगरपालिका से इस भवन को खाली करवाने के लिए उप मंडल अधिकारी (ना0) जगाधरी के न्यायालय में मुकदमा दायर किया गया था ।	
			मुकद्दमें का फैसला नगर–पालिका के हक ही में हुआ है परन्तु लीजी ने उप मंडल अधिकारी	

(ना0) जगाधरी के निर्णय के विरुद्ध आयुक्त, अम्बाला मंडल, आबाला के न्यायालय में अपील दायर की । अभी तक अपील का निर्णय नहीं हुआ था कि इसी दौरान 11–5–82 को सरकार द्वारा डाक्टर ओम प्रकाश को उक्त भवन,, पिछली शर्तों पर लीज की अवधि दिनांक 22–6–78 से 31–3–83 तक के लिए आगे बढ़ाने की आज्ञा प्रदान कर दी गई । तत्पश्चात लीजी ने एक हजार रुपये प्रति वर्ष लीज मनी की दर से आगे 25 वर्ष के लिए उक्त भवन की लीज अवधि बढ़ाने हेतू नगरपालिका से अनुरोध किया और सरकार द्वारा यह अवधि पहले 10 वर्षों के लिए बढ़ाने तथा उसे आगे 10 वर्षों के नवीकरण करने का निर्णय लिया गया । यह भी निर्णय लिया गया कि पहले 10 वर्ष के लिए लीज मनी 600/ प्रति वर्ष से बढ़ाकर 1000/– प्रति वर्ष की

क्र0 सं0	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			दर से ली जाए, तथा तदानुसार प्रत्येक 5 वर्ष के पश्चात लीज मनी 1000 रुपये के 25 प्रतिशत तक बढ़ाई जाये। नगरपालिका नगाधरी द्वारा तदानुसार लीज अवधि बढ़ा दी गई । उक्त भवन अब भी डाक्टर ओम प्रकाश के पास लीज पर है तथा उसके कब्जे में है । नगरपालिका तथा लीजी के माध्यम हुए लीज एग्रीमैंट में ऐसी कोई शर्त नहीं है जिसके अन्तर्गत नगरपालिका नगाधरी कथित भवन की मुरम्मत रखरखाव के लिये बाध्य हों परन्तु नगरपालिका द्वारा उक्त-भवन के रखरखाव पर वर्ष 1970–71 से 1986–87 की अवधि में कुल रुपये 1,21,803.24 पैसे खर्च	

किये जिसका विवरण निम्न प्रकार से है :—

1970–71	60–40
1973–74	4724–31
1976–77	8192–66
1977–78	10666–70
1982–83	28482–96
1983–84	9646–20
1985–86	46198–81
1986–87	13381–20
	1 21,803.24 रुपये

अभिलेखों के आधार पर ऐसा प्रतीत होता है कि नगरपालिका द्वारा इन कार्यों पर किया गया यह खर्चा तत्कालीन विधायक/मंत्री के अनुरोध पर किया गया है।

इस भवन से नगरपालिका को दिनांक 21–6–68 से 30–6–89 तक की अवधि में 16250 रुपये की राशि लीज मनी के तौर पर प्राप्त हुई।

(8–11–96)

क्रम संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		10–3–93		
267.	श्री दरियाव सिंह राजोरा द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 546— क्या स्थानीय राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि झज्जर छावनी में नगरपालिका की भूमि (यादव धर्मशाला तथा पैट्रोल पम्प के बीच) पर अवैध कब्जा करने का कोई मामला सरकार के नोटिस में आया है यदि ऐसा है, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा उक्त भूमि को खाली करवाने के लिए क्या कार्यवाही की गई ?	यादव धर्मशाला और पैट्रोल पम्प के बीच के कच्चे रास्ते पर कुछ अवैध कब्जे ध्यान में आये हैं। रास्ते के अधीन भूमिका अभी तक नगरपालिका के नाम इंतकाल नहीं हुआ है। इस रास्ते के अधीन भूमि (खसरा 134 नम्बर) की मालिक बनने के लिए और इस रास्ते का अवैध कब्जा हटवाने के लिए नगरपालिका द्वारा कार्यवाही की जा रही है।	प्रश्नाधीन मामला सब जज प्रथम श्रेणी झज्जर के न्यायालय में विचाराधीन है। अब इस केस की आग्रिम सुनवाई की तिथि 14–11–96 निश्चित है जिस दिन नगरपालिका द्वारा गवाह पेश किये जायेंगे। (8–11–1996)	The Committee would like to know the latest position in this regard. (4-12-96)

	12—9—94			
268.	डा0 राम प्रकाश द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 186— (क) क्या, कुरुक्षेत्र में तारा-मण्डल, भीमपार्क, गीताद्वार तथा महाभारत पर पनोर्मा प्रोजेक्ट स्थापित करने की योजना सरकार के विचाराधीन है; तथा (ख) यदि ऐसा हैं, तो पूर्वोक्त योजनाएं कब तक लागू किए जाने की संभावना है ?	निवेदन है कि उत्तर देने के लिए चार सप्ताह का समय दिया जाए।	अब इस परियोजना पर कार्य पुनः प्रारम्भ किया जा चुका है। परियोजना के भवन का आन्तरिक सिविल वर्क पूरा कर लिया गया है। अब इसके चारों ओर के क्षेत्र की भूसज्जा, सांईस एक्जीबीटस तथा पहुंचायक सड़क इत्यादि के निर्माण का कार्य प्रगति में है तथा इसे दिनांक 30—9—98 तक पूरा कर लिए जाने की संभावना है। पैनोरमा संग्रहालय की स्थापना के प्रथम चरण में इसके भवन के भू-तल पर अक्तूबर, 1998 तक सांईस म्युजियम की स्थापना का काय पूरा करने तथा इसे नवम्बर 1998 में आम जनता के लिए खोलने का प्रस्ताव है। इसके पश्चात इसके प्रथम तल पर पैनोरमा संग्रहालय की स्थापना का कार्य हाथ में लिया जाएगा। (18—8—98)	समिति इस बारे लेटैस्ट पोजीशन जानना चाहती है। (16—6—98)

F6
22/6/99

क्रम संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
269.	श्री अमीर चन्द मक्कड़ द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 230— क्या स्थानीय शासन राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि— (क) क्या यह तथ्य है कि करनाल में उपायुक्त ने फरवरी 1994 माह में नगरपालिका की भूमि का एक खण्ड मैसर्ज ग्लोब ट्रैक्टर एजैन्सी, करनाल को मुफ्त में आवंटित किया है; यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है; तथा	7-3-95 *** इसलिए, यह अनुरोध किया जाता है कि इस प्रश्न का उत्तर प्रस्तुत करने के लिए 2 सप्ताह का समय दिया जाए।	वर्ष 1991 में मै0 ग्लोब ट्रैक्टर करनाल द्वारा पालिका की 350 वर्ग गज भूमि जो कि खसरा नं0 9003 के अन्तर्गत दर्ज है को लेने हेतु प्रस्ताव किया गया, जिस पर रुपये 700 प्रति वर्ग गज की दर से पालिका द्वारा उक्त फर्म को देने बारे प्रस्ताव उपायुक्त करनाल को अनुमति हेतु प्रस्तुत किया गया परन्तु इससे पूर्व की इस पर किसी प्रकार का निर्णय हो पाता फर्म द्वारा सम्बन्धित भूमि को आकोपाईड करने के प्रयास किये गये, तत्पश्चात फर्म द्वारा सिविल सूट फाईल कर दिया गया कि वह इस भूमि पर अपने व्यय से पार्क बनाकर इसे पब्लिक प्लेस रखकर इस भूमि	The Committee desired that the decision of tae Court may be intimatea to them. (9-12-96)

(ख) क्या यह भी तथ्य है कि प्रशासक, नगरपालिका, करनाल ने अप्रैल, 1994 में ऊपर के भाग (क) में यथा-निर्दिष्ट भूमि के आवंटन को निरस्त करने के लिए उपायुक्त से लिखित अनुरोध किया है; यदि हां, तो उस पर क्या कार्यवाही की गई ?

का विकास करेगी जिस पर इन शर्तों के अनुरूप फर्म के पक्ष में न्यायालय ने फैसला सुनाया—

(1) यह पार्क पब्लिक के लिये खुला रहेगा।

(2) भूमि को आनरशिप ज्यों कि त्यों रहेगी।

(3) पार्क का विकास फर्म के खर्चे पर किया जायेगा।

(4) और पार्क की अपनी अलग पहचान होगी। परन्तु उपरोक्त वर्णित शर्तों को फर्म द्वारा लागू नहीं किया गया। जिसके अनुरूप पालिका ने स्वीकृति कैंसिल कर दी अब पुनः फर्म द्वारा यह केस दायर किया गया है कि इस तरह एक बार स्वीकृत को रिवोक नहीं किया जा सकता। केस अब न्यायायल में विचाराधीन है।

क्रम संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		29-2-96		
270.	श्री राम भजन अग्रवाल द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 1257—क्या स्थानीय शासन राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या राज्य में चुंगी समाप्त करने के संबंध में कोई समिति गठित की गई है—यदि हां तो उसकी रिपोर्ट क्या है तथा उस पर क्या कार्यवाही की गई ?	हां श्रीमान जी। हरियाणा व्यापार मंडल की चुंगी खत्म करने की मांग पर विचार करने के लिए दिनांक 8-1-96 को मुख्य सचिव, हरियाणा की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया है, जिसकी रिपोर्ट अभी अपेक्षित है। उक्त समिति की रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत इस संबंध में आगामी कार्यवाही पर विचार किया जाएगा।		
		6-3-96		
271.	बजट भाषण	*** शहरी गन्दी बस्तियों का सुधार, राजस्व अर्जक स्कीमें तथा लघु एवं मध्यम नगरों का समन्वित विकास आदि स्कीमें चलाई जाएंगी। ***राज्य के सभी द्वितीय श्रेणी के शहरों		

में चालू वर्ष के दौरान "प्रधान मंत्री-का एकीकृत शहरी गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम नामक" नई स्कीम शुरू की गई है।

18–11–96

272. तारांकित प्रश्न सं0 53 के संदर्भ में श्री नफे सिंह राठी द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—

"स्पीकर साहब, 1994 में हरियाणा नगरपालिकाओं के चुनाव हुए थे। इन चुनावों को हुए, आज तकरीबन दो साल हो गए हैं। उस समय बहादुरगढ़ नगरपालिका का चुनाव नहीं हो पाया था। यह चुनाव उच्च-न्यायालल के निर्देशानुसार नहीं हुआ था। उच्च-न्यायालय ने आदेश दिया था कि जो खामियां रह गई थी उनको दूर करके चुनाव करवाएं जाएं। मैं बताना चाहूंगा कि उच्च-न्यायालय के निर्णय को हुए

"अध्यक्ष महोदय, मैं इनकी जानकारी के लिए बताना चाहती हूं कि बहादुरगढ़ के श्री श्याम लाल जो वहां पर हसनपुर एक नाबा और सांसीला को शामिल ने किया जाए, को कोर्ट में आपत्ति दायर की थी, उस आपत्ति पर ही उच्च न्यायालय ने 26-12-94 को वह चुनाव रद्द कर दिया था। उसके बाद वह चुनाव अभी तक पुनः नहीं हो पाया है। चुनाव इसलिए नहीं हुआ था क्योंकि कुछ आपत्तियां आ गई थी। चुनाव आयोग ने भी इस चुनाव को रद्द कर दिया। उसके बाद कोई कारवाई नहीं हो पाई लेकिन इस सरकार ने आते ही वहां पर चुनाव कराने के लिए अधिसूचना 25-9-96 को जारी कर दी और लोगों को कह दिया कि 7-11-96 तक वे अपनी अपनी आपत्तियां दायर कर दें। अब उपायुक्त और निदेशक स्थानीय निकाय ने उनकी सुनवाई करनी है। सुनवाई के बाद वार्डों की वार्डबन्दी

पंजाब तथा हरियाणा उच्च न्यायालय के निर्णय के सम्बन्ध में बहादुरगढ़ की सीमा में से गांव साखोल तथा परनाला को निकालने बारे सरकार ने दिनांक 30.9.97 को अन्तिम अधिसूचना जारी कर दी थी। तत्पश्चात नगर परिषद के लिए सीटों के निर्धारण सम्बन्धी अधिसूचना भी दिनांक 7.11.97 को जारी की गई है। अब निदेशालय को सरकार द्वारा दिनांक 7.11.97 को जारी अधिसूचना के आधार पर तदर्थ कमेटी की सिफारिश अनुसार वार्डों की वार्ड बन्दी का प्रस्ताव भेजने के निदेश दिए गए हैं। प्रस्ताव प्राप्त होने उपरान्त वार्डों की वार्डबन्दी सम्बन्धी अधिसूचना जारी कर दी जायेगी। तत्पश्चात चुनाव आयोग हरियाणा द्वारा चुनाव करवाने बारे

समिति इस बारे में लेटेस्ट पोजीशन जानना चाहती है।

(29–1–98)

क्रम संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	तकरीबन डेढ़ साल हो चुके हैं। मैं जानना चाहूंगा कि सरकार वहां पर कब तक चुनाव करवा देगी ?"	करके छः महीने में चुनाव करवा दिए जाएंगे।" "	आगामी कार्यवाही की जायेगी। (11–12–97)	
		21–11–96		
273.	श्री कृष्ण पाल गुज्जर द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 19 के उत्तर में—क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया, बताएंगे, कि क्या फरीदाबाद नगर निगम कि सीमा में पड़ने वाले गांवों के धोवन जल की निकासी करने के लिए सीवरेज प्रणाली बिछाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है, यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव को कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है।	जी हां। * * * पल्ला गांव में सिवर का कार्य 31 मार्च, 1997 तक पूरा होने की संभावना है। सीही गांव के 80 प्रतिशत क्षेत्र में सिवर का कार्य चालू स्थिति (फंक्शनल) में है। और गांव के शेष भाग के लिए कार्य अगले वित्तीय वर्ष में शुरू किया जाएगा। निगम की सीमा में आने वाले शेष गांवों में (6 बे–चिराग गांवों को छोड़कर) सिवर का कार्य फेसिज में धन–राशि उपलब्ध होने पर प्रारम्भ किया जाएगा।	जहां तक गांव पल्ला में आन्तरिक सीवर लाईन का प्रश्न है यह कार्य पूरा हो चुका है परन्तु डिस्पोजल बनाने का कार्य इस समय प्रगति पर है। सम्पवैल बनाया जा चुका है। परन्तु पम्प चैम्बर का कार्य प्रगति पर है। जहां तक पम्प चैम्बर एवं मशीनरी के प्रावधान करने का सम्बन्ध है, यदि निगम के पास फंडस उपलब्ध हुए तो यह कार्य 31-12-97 तक सम्पन्न कर लिए जायेंगे क्योंकि यह कार्य निगम में फंडस की कमी के कारण लम्बित पड़े हैं।	(समिति इस बारे लेटैस्ट पोजीशन जानना चाहती है) 29–1–98)

जहां तक गांव मेवलामहाराजपुर में सीवर स्कीम के प्रावधान का प्रश्न है, इस संदर्भ में 3 एस्टीमेट तैयार कर के वित्तीय एवं संविदा समिति को भेजे जा चुके हैं।

तदोपरान्त फंडस उपलब्ध होने पर इस कार्य को पूरा किया जाएगा। गांव सीही व अन्य गांवों में सीवर का बचा हुआ काम भी फंडस उपलब्ध होने पर हाथ में लिया जाएगा। क्योंकि इस समय में फंडस की कमी है।

(11-12-97)

274. तारांकित प्रश्न संख्या 66 के संदर्भ में श्री अतर सिंह सैनी द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—	22-11-96 स्पीकर सर, इन की यह बात कंसीडर की जा सकती है।	
"स्पीकर सर, मै आपके माध्यम से मंत्री महोदय से जानना चाहूंगा कि जिन शहरों में		

क्र0 सं0	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	इम्प्रूवमैंट ट्रस्ट ने जो कालोनियां बनायी हुई है उन में उस समय के हिसाब से बहुत छोटी सीवरेज डाली हुई है तो क्या उनकी भी बढ़ाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ?			

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

SOCIAL WELFARE DEPARTMENT

Note :— In case an assurance shown outstanding against a partiuular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्र0 सं0	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		3-3-1992		
275.	तारांकित प्रश्न सं0 238 के संदर्भ में चौधरी ओम प्रकाश बेरी द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न -- "....उन्होंने यानी बोर्ड की चेयरमैन ने आर0 बी0 डी0 आई0 बेरी के खिलाफ सैंटर को झूठी शिकायत भी भेजी है ताकि चेयरमैन के भाई को ये इंस्टीच्यूशंज खुलवा सकें। क्या मुख्य मंत्री महोदय इस बात की जांच करवाएंगे ?"	हम इसकी जांच करवाएंगे, सारे सैंटर को देखेंगे और जांच में जो भी कमी पायी जाएगी उसके खिलाफ अवश्य कार्यवाही करवाएंगे ।		
		13-3-1992		
276.	तारांकित प्रश्न सं0 338 के संदर्भ में श्री अमर सिंह द्वारा पूछा गया	"अध्यक्ष महोदय, हम इसकी जांच करवाएंगे। अब देखना यह है कि भारत		

	अनुपूरक प्रश्न— "अध्यक्ष महोदय मैं समझता हूं कि इस बोर्ड (राज्य समाज कल्याण सलाहकार बोर्ड) को जो तीन करोड़ रुपए सैंटर और स्टेट का 1983 से 1991 तक दिया गया है, वह किसी भी हरिजन की वैल्फेयर पर खर्च नहीं किया गया बल्कि अपने फायदों के लिए इस पैसे का मिसयूज किया गया है । क्या मुख्य मंत्री महोदय बताएंगे कि जो जिम्मेदार आफिसर्ज हैं उनके खिलाफ कोई ऐक्शन होगा ?"	सरकार इसकी जांच करेगी या हम करा सकते हैं । हम इसके लिए भारत सरकार को लिखेंगे । जो भी उचित होगा उसी के हिसाब से हम कार्यवाही करेंगे और जिनका भी दोष होगा उनके खिलाफ कानून के मुताबिक ऐक्शन होगा । 6–3–96		
277.	वजट भाषण	** सरकार द्वारा पहली अप्रैल, 1996 से बेरोजगार विकलांगों के लिए भत्ते में भी उचित बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया गया है .	सामाजिक सुरक्षा एवं संरक्षण विभाग द्वारा सूचित किया गया है कि सरकार द्वारा पहली अप्रैल, 1996 से बेरोजगार विकलांगों के लिये भत्ते में उचित बढ़ोतरी करके संशोधित बढ़ी हुई दरें लागू की जा चुकी हैं । (27–3–98)	(समिति इस बारे लेटेस्ट पोजीशन जानना चाहती है) (4–8–98)

क्र0 सं0	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
278.	बजट भाषण	6-3-98 * * * राज्य के 30 खंडों में समन्वित राज्य उर्जा परियोजना चलाई जा रही है। वर्ष 1996-97 के दौरान इस परियोजना को 4 अन्य खण्डों में लागू किया जाएगा। राज्य में एक हरियाणा उर्जा विकास एजेंसी और दो ऊर्जा पार्क स्थापित किये जा रहे हैं।	गैर पारम्परिक ऊर्जा स्त्रोत विभाग ने सूचित किया है कि वर्ष 1996-97 में समन्वित ग्रामीण ऊर्जा कार्यक्रम को निम्नलिखित चार खण्डों में लागू करने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है:— जिला — खण्ड रोहतक — रोहतक सोनीपत — सोनीपत पानीपत — मडलौडा सिरसा — डबवाली 2. राज्य में हरियाणा ऊर्जा विकास एजेंसी के गठन का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है। 3. विभाग ने निम्नलिखित तीन	(समिति इस बारे लेटैस्ट पोजीशन जाना चाहती है) (4-8-98)

			जगह पर उर्जा पार्क स्थापित करने के लिए इन संस्थाओं को पैसा भेज दिया है। (क) आई0ई0सी0 कुरुक्षेत्र (ख) कालेज आफ एग्रीकल्चर एण्ड टैक्नोलोजी एच0 ए0 यू0, हिसार (ग) सर छोटू राम स्टेट कालेज आफ इंजीनियरिंग, सोनीपत। (27-3-98)	
279. बजट भाषण	6-3-96	* * *राज्य के सभी खंडों में समेकित बाल विकास स्कीम लागू की जा रही है। बाहरी सहायता से महेन्द्रगढ़ व रिवाड़ी जिलों में समेकित महिला एम्पावरमैंट व विकास परियोजना चलाई जा रही है। उन गांवों में जहां पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र या उप-स्वास्थ्य केन्द्र नहीं हैं। गर्भवती औरतों को उचित देखरेख के लिए प्रशिक्षित दाईयों द्वारा सफाई पूर्वक व	यू0एन0एफ0पी0ए0 (महिला एवं बाल विकास विभाग) द्वारा सूचित किया गया है कि मातृ मृत्यु दर को कम करने, बिमारियों की रोक-थाम, बच्चों की मृत्यु दर को कम करने, नवजात शिशुओं में टैटनस को रोकने तथा जन्म के समय स्वच्छ वातावरण एवं एकान्तता सुनिश्चित करने के लिए परियोजना	(समिति इस बारे में लेटैस्ट पोजीशन जानना चाहती है।) (4-8-98)

क्रम संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		सुरक्षित प्रसूति के लिए नवजीवन गृह बनाए जा रहे हैं। * * * * *	के प्रत्येक गांव में नवजीवन गृह अथवा प्रसूति कक्ष बनाए जाएंगे। ऐसे गृह उन गांवों में बनाएं जाएंगे जहां पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अथवा उप-स्वास्थ्य केन्द्र उपलब्ध नहीं हैं। इस नवजीवन गृह में प्रसूति-एक स्नान कक्ष तथा एक बड़ा बरामदा होगा, जहां जागृति मण्डली अपनी बैठक का आयोजन कर सके। उक्त नवजीवन गृह को केवल प्रशिक्षित दाईयों द्वारा ही इस्तेमाल किए जाने की इजाजत होगी और इनका रख-रखाव जागृति मण्डलियों द्वारा किया जाएगा। इस समय यह योजना जिला महेन्द्रगढ़, रेवाड़ी के दो खण्डों के 70 गांवों में प्रचलित है जिला,	

			महेन्द्रगढ़ में 249 तथा जिला रेवाड़ी में दो खण्डों तथा खोल में 49 नवजीवन गृह बनाए जाने की योजना है। महेन्द्रगढ़ के 25 गांवों तथा रेवाड़ी के दो खण्डों के 25 गांवों में नवजीवन गृह बनाए जा चुके हैं तथा शेष गांवों में पंचायती राज तथा सड़क तथा भवन निर्माण विभाग को बनाने हेतु आदेश दिए गए हैं। पंचायती विभाग हरियाणा द्वारा 38 गांवों में निर्माण कार्य किया जा रहा है। (27–3–98)	
280	अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर चर्चा के दौरान मुख्य मंत्री द्वारा घोषणाओं के संदर्भ में—	8–3–96 * * * * तो हम चाहते हैं कि प्रत्येक परिवार में एक लड़की को आठवीं कक्षा तक एक सौ रुपये सालाना पुस्तक भत्ता दिया जाए। हम ऐसा करेंगे। इसके अलावा प्रत्येक जिले में मिडल, मैट्रिक और दस जमा दो के परीक्षा परिणामों की मरिट के आधार पर 50, 75 और 100 रु0 की दर से दो सौ छात्राओं को छात्रवृति दी जाएगी, ऐसा हमने फैसला किया	प्राथमिक शिक्षा विभाग ने सूचित किया है कि 100/–रुप पुस्तक भत्ता देने का प्रस्ताव सरकार को इस निदेशालय के यादि क्रमांक 21/33–96 प्रा. शिक्षा दिनांक 31.10.96 द्वारा भेजा गया था। परन्तु सरकार ने निदेशालय के प्रस्ताव को मानने में असमर्थता प्रकट की है (प्रति सलग्न है)	The Committee would like to know the latest position in this regard. (4–8–98)

क्रम संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		है। इसके अलावा बोर्ड की आठवीं और दसवीं कक्षा की परीक्षा में बैठने वाली लड़कियों के लिए पूर्व कोचिंग कक्षाओं की व्यवस्था की जाएगी ताकि उनके ज्ञान में वृद्धि हो और उनके परीक्षा परिणामों में सुधार किया जा सके । हमने यह भी फैसला लिया है कि लड़कियों को शारीरिक तौर पर स्वस्थ रखने के लिए आत्म निर्माण और आत्म विश्वास रखने के लिए उन्हें स्कूलों और कालेजों में कराटे और योगा की भी शिक्षा दी जाएगी । किशोर बालिकायों और विशेष कर ऐसी किशोर बालिकाओं की तरफ ध्यान दिया जाएगा जो अपनी शिक्षा बीच में छोड़ जाती हैं । उन्हें ट्रेनिंग देने के लिए एक ट्रेनिंग कार्यक्रम तैयार किया जायेगा ताकि उन्हें शादी एवं घर बार की जिम्मेदारी उठाने के लिए योग्य बना	(अनुबन्ध–2) किशोर बालिकाओं की शिक्षा बारे यह व्यक्त किया जाता है कि पिछले 11 वर्षों में 1185 कन्या प्राथमिक स्कूल खोले गये हैं । हर साल कन्याओं की शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु इलैक्ट्रोनिक माध्यम से प्रचार भी किया जाता है तथा पंचायतों के माध्यम से इनरोलमैंट ड्राईव चलाया जाता है ताकि 6–11 आयुवर्ग का कोई बच्चा स्कूली शिक्षा से वंचित न रहे तथा कन्याओं की उनकी शिक्षा जारी रखने हेतु विभाग द्वारा कई प्रोत्साहन दिये जाते हैं जैसे मुफ्त वर्दी, उपस्थिति पुरस्कार आदि । उच्चतर शिक्षा निदेशालय की सूचना मदवार निम्न प्रकार से है:– लड़कियों को शारीरिक तौर पर	

सकें । इसके अलावा शिक्षा संस्थाओं में लड़कियों के लिए आवास सुविधाओं, का चरणबद्ध तारीके से विस्तार किया जाएगा। हम महिलाओं का आत्म सम्मान बढ़ाने और समाज में उन्हें समानता का अधिकार दिलाने के लिए ठोस कदम उठाएंगे । सहकारी समितियों की प्राथमिक शिक्षा जहां कहीं भी सम्भव होगी, पति और पत्नि को संयुक्त रूप में दी जाएगी। उचित मूल्य की दुकानों के आवंटन में भी ऐसे व्यक्तियों को पहल दी जाएगी जो पत्नी के साथ संयुक्त रूप से आवेदन करते हैं । महिलाओं के लिए कृषि, पशु पालन एवं इनसे संबंधित क्षत्रों जैसे कि खुम्मी उत्पादन, रेशम के कीड़े पालन, फूलों की खेती, मधुमक्खी पालन व मछली पालन में विशेष तकनीकी ट्रनिंग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे । औद्योगिक सम्पदाओं में प्लाटों की कुछ विशेष परसैंटेज महिला उद्यमियों को पहल के आधार पर प्राथमिकता दी जाएगी । आर्थिक इकाइयों के लिए महिलाओं को ऋण दिलाने के लिए जिलों में एक ऐसा बैंक स्थापित करने का प्रयास किया स्वस्थ रखने एंव उनमें आत्मविश्वास पैदा करने के लिये उन्हें स्कूलों तथा कालेजों में कराटे एवं योग की शिक्षा दी जाये । राज्य के सभी राजकीय अराजकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों को कराटे एंव योग कि शिक्षा देने हेतु पत्र लिख दिया गया हैं जिसकी प्रति संलग्न है ।

2. शिक्षा संस्थाओं में लड़कियों के लिए आवासीय सुविधाओं का चरणवद्ध तरीके से विस्तार किया जाना है । राजकीय महाविद्यालयों में लड़कियों के लिए आवासीय सुविधा की व्यवस्था प्राचार्यों से आवश्यकता अनुसार प्रस्ताव प्राप्त होने पर तथा विभागीव बजट में व्यवस्थित धनराशि को ध्यान में रखते हुए चरणवद्ध तरीके से करवाई जाती है। इस समय राज्य में 43 राजकीय महाविद्यालय चल रहे है जिनमें तीन महिला महाविद्यालत है । महाविद्यालय हैं । पांच राजकीय

क्रम संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		जाएगा जिनमें केवल महिलाओं का स्टाफ ही नियुक्त हो। "कानूनी सहायता और कष्टों का निवारण" इसके तहत महिलाओं को किसी दुर्भाग्यपूर्ण अहिंसा, विवाह संबंधी विवाद के लिए विशेष सहायता देने के लिए ठोस कदम उठाएंगे जो इस प्रकार हैं मंडल स्तर पर एक परिवार न्यायालय स्थापित किए जाएंगे जिनमें अधिकांश महिलाएं न्यायाधीश होंगी। प्रत्येक मंडल स्तर पर एक ऐसा पुलिस स्टेशन स्थापित किया जाएगा, जिसमें सभी अधिकारी और कर्मचारी महिलाएं ही होंगी। "विधवाओं के कल्याण के लिए कदम" इसके तहत हुड्डा और आवास बोर्ड विधवाओं के लिए प्लाट और मकान आरक्षित करेगा। "आर्थिक नीति" विधवाओं के लिए निगमों द्वारा दी जाने	महाविद्यालय में छात्राओं के लिये आवास सुविधा उपलब्ध है। आगामी वित्त वर्ष में राजकीय महाविद्यालय गुड़गांव में 60 लड़कियों के लिए आवास सुविधा उपलब्ध करवाने के लिये चरणबद्ध रूप से कार्यवाही की जा रही। यह निर्णय लिया गया है कि गांव और शहरों में यदि कोई महिला अथवा महिला संस्था किसी रिक्त स्थान पर डिपू लेना चाहती है तो उन द्वारा दिये गये प्रार्थना पत्रों को उचित प्राथमिकता देते हुये विचार किया जाये। अतः आपसे अनुरोध है कि आप किसी डिपू के हाल्डर के त्याग पत्र देने या किसी स्थान पर नई डिपू देने की आवश्यकता हो तो ऐसे स्थानों	

वाली सबसिडी में बढ़ौतरी की जाएगी। महिलाओं के लिए स्वयं रोजगार के अवसर बढ़ाएगी ताकि वे आर्थिक रूप से मजबूत हो सकें। * * * *

महिलाओं के बैठने के लिए भी हम चाहेंगे कि हर ब्लाक में अगर सारे गांवों में नहीं हो सके तो हर साल दो या तीन गांवों में बैठने के लिए स्थान बनाकर देंगे ताकि वहां पर महिलाएं बैठकर गांव की समस्याओं के बारे में विचार विमर्श कर सकें। * * * *

अध्यक्ष महोदय, हम हर ब्लाक के दो तीन गांवों में उनके (महिलाओं) बैठने के लिए हर साल स्थान बनाकर देंगे और हो सकता है हम हर साल एक ब्लाक से पांच गांव भी कवर कर लें * * * *

पर डिप देने के लिए महिला/महिला संगठन से प्रार्थना पत्र प्राप्त होने पर यथाउचित जांच होने के बाद उनको योग्यता अनुसार डिपू अलाट किये जायेंगे ताकि विभाग इस कार्य में महिला/महिला संगठनों को उचित प्रतिनिधित्व मिलने से इस बात को विशेष ध्यान में रखा जाये कि यह वास्तव में ही महिलाओं द्वारा संचालित है, उनके नाम का प्रयोग कर अन्य व्यक्तियों द्वारा तो अनुचित लाभ नहीं उठाया जाएगा। यदि महिला/महिला संगठनों के अतिरिक्त किसी अन्य को डिपू दिया जाता है तो जिला खाद्य एवं पूर्ति नियन्त्रक यह प्रमाणित करेगा कि कोई भी महिला/महिला संगठन डिपू लेने की तैयार नहीं हैं।

कृषि विभाग द्वारा वर्ष 1996-97 के दौरान निम्नलिखित दो इच्छुक महिलाओं को मधु-मक्खी पालन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है :—

1. श्रीमति दिया बसंत पत्नी श्री

क्रम संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			अनिल बंसल—मकान नं0 1094, वार्ड नं0 13 रादौर, यमुनानगर ।	
			2. श्रीमति सुखवन्ती पत्नी श्री बलवान सिंह गांव व डा0 धनाना (सोनीपत) ।	
			औद्योगिक विकास निगम ने यह सूचित किया है कि उनके विभाग द्वारा महिला उद्योग को प्लाटों को अलाटमेंट में एच0ए स0आई0डी0सी0 द्वारा समान अधिकार प्राप्त हैं ।	
			हरको बैंक अधिकारियों द्वारा सूचित किया गया है कि रोहतक, हिसार, गुड़गांवा, तथा करनाल में ऐसे बैंक स्थापित करने का प्रस्ताव था जिसमें केवल महिला स्टाफ नियुक्त हो, अभी केवल रोहतक में ही ऐसा बैंक स्थापित हुआ है जिसका	

लाईसैंस रिजंव बैंक द्वारा दिया गया है, शेष तीन स्थानों का प्रस्ताव विचाराधीन है। प्रयास जारी है विस्तृत बिवरण अनुवन्ध पर प्रस्तत है। (अनुवन्ध–3)

पारिवारिक न्यायालय स्थापित करने बारे मामला पंजाब एवं हरियाणा, हाईकोर्ट से टेकअप किया जा रहा है। जिसके लिए ड्राफ्ट रूल्स तैयार किये गये थे और पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट को इस पर सहमति प्रदान करने का अनुरोध किया गया था किन्तु उनकी ओर से रिस्पौंस प्राप्त नहीं हुआ। अतः मामला पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के स्तर पर लम्बित है।

राष्ट्रीय महिला आयोग की सिफारिशों की अनुपालना में गृह विभाग द्वारा सूचित किया गया है कि ऐसा पुलिस स्टेशन जिसमें सभी (स्टाफ) महिलाएं हों सोनीपत में स्थापित किया गया है तथा एक

क्रम संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			पुलिस पोस्ट गुड़गांव में कार्यरत है । प्रत्येक जिले में ऐसे पुलिस स्टेशन स्थापित करने बारे प्रयास जारी हैं। इसके अतिरिक्त एक "महिला सैल" पुलिस हैड क्वार्टर चण्डीगढ़ में स्थापित किया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग ने सूचित किया है कि इस समय कुल ऋण 10 प्रतिशत सबसीडी के रूप में अधिकतम सीमा 5000/- रुपये दिया जाता है । यदि सरकार द्वारा प्रर्याप्त फण्डस उपलब्ध करवाय जायें तो सबसीडी की सीमा बढ़ाई जा सकती है । (27-3-98)	

24-5-96

281.	राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान मुख्य मंत्री श्री बंसी लाल द्वारा दिया गया उत्तर।	* * * * बुढ़ापा पेंशन के बारे में भी हम जल्दी ही कानून पास कर देंगे कि हर महीने की सात तारीख तक पेंशन उनके घर मिल जाएंगी ।

20-3-97

282.	तारांकित प्रश्न संख्या-353 के संबंध में श्री अध्यक्ष द्वारा मांगी गई जानकारी-क्या आपका विभाग इस बारे में या आप खुद इस बारे में सुओमोटो इंक्वायरी कराएंगी कि किसी गांव की आंगनवाड़ी में किसी दूसरे गांव की या शहर की वर्कर कैसे लगी और क्यों लगी। क्या इस बारे में सुओमोटो इंक्वायरी करके कोई एक्शन लेने का आपका कोई विचार है ?	अध्यक्ष महोदय अभी तक ऐसी कोई बात मेरे नोटिस में नहीं आई है लेकिन अब मुझे कुछ माननीय सदस्यों ने इस बारे में बताया है तो उस पर अवश्य विचार किया जायेगा ।

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

FOREST DEPARTMENT

Note :—In case an assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्रम संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		(1-3-93)		
283.	बजट भाषण	* * * ई.ई.सी. की सहायता से अरावली वन रोपण परियोजना चलाई जा रही है। इस परियोजना के अन्तर्गत अरावली पहाड़ों में 85 करोड़ रुपये की लागत से वर्ष 1998-99 तक 35,000 हैक्टेयर क्षेत्र में वन लगाने का प्रस्ताव है।	ई.ई.सी. की सहायता से अरावली वन रोपण परियोजना के तहत वर्ष 1990-91 से 1997-98 तक 98.12 करोड़ रुपये खर्च करके 36000 हैक्टेयर भूमि पर वन लगाये गये हैं। वर्ष 1998-99 में 12.50 लाख रुपये खर्च करके 1000 हैक्टेयर भूमि पर वन लगाने का प्रावधान किया गया है। (17-6-98)	(समिति इस बारे लेटैस्ट पोजीशन जानना चाहती है। (4-8-98)

f.o. 21-9-99

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

EXCISE AND TAXATION DEPARTMENT

Note :—In case an assurance show outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्रम संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		22-12-92		
284.	श्री जय प्रकाश द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 326--क्या आबकारी तथा कराधान मंत्री कृपया बताएंगे कि नया वर्ष 1987-88 से 1990-91 तक की अवधि के दौरान मुख्य मंत्री कोष के लिए अंशदान के रूप में आबकारी व कराधान विभाग के किन्हीं अधिकारियों द्वारा उद्योगपतियों से धन इकट्ठा करने का कई मामले सरकार के नोटिस में आये हैं; यदि ऐसा है, तो उसका जिलावार ब्योरा क्या है तथा संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई या की जानी प्रस्तावित है ?	श्री के0 एस0 जैन, उप आबकारी व कराधान आयुक्त के विरुद्ध जिला सोनीपत पैट्रोलियम डीलरज ऐसोसिएशन से दिसम्बर, 1988 में एक शिकायत प्राप्त हुई थी कि वह पैट्रोल पम्प डीलरज से मुख्य मंत्री राहत कोष के लिये धनराशि मांग रहा था। फरीदाबाद के उद्योगपतियों तथा ट्रेडरज की ओर से इस अधिकारी द्वारा मुख्य मंत्री तथा उनके पुत्र के नाम से चुनाव के लिए धन इकट्ठा करने बारे एक और शिकायत अगस्त, 1989 में प्राप्त हुई थी। मामला छानबीन अधीन है।	श्री के0 एस0 जैन, उप आबकारी व कराधान आयुक्त के विरुद्ध जिला सोनीपत पैट्रोलियम डीलर्ज एसोसिएशन द्वारा दिसम्बर, 1988 में की गई शिकायत की जांच करने हेतु चौकसी विभाग से अनुरोध किया गया था। चौकसी विभाग ने सूचित किया कि शिकायत में लगाये गये आरोपों की गम्भीरता को देखते हुए श्री के0 एस0 जैन उप आबकारी व कराधान आयुक्त के विरुद्ध मुकदमा नं0 5 दिनांक 10-2-94 धाराधीन 384/385 आई0 पी0 सी0 थाना राज्य चौकसी ब्यूरो करनाल में दर्ज किया गया। चौकसी विभाग ने पुनः सूचित किया है कि	समिति इस बारे में लेटेस्ट पोजीशन जानना चाहती है। 17-12-96

चालान दिनांक 9–3–95 को न्यायालय में प्रस्तुत किया जा चुका है तथा मुकदमा न्यायालय में लम्बित है ।

श्री के0 एस0 नैन, उप आबकारी व कराधान आयुक्त के विरूद्ध फरीदाबाद के उद्योगपतियों तथा ट्रेडर्ज की ओर से अगस्त, 1989 में प्राप्त शिकायत चौकसी विभाग को जांच हेतु भेजी गई थी । चौकसी विभाग की जांच रिपोर्ट प्राप्त हो चुकी है । चौकसी विभाग को लिखा गया है । लिस्ट आफ डाकुमैन्टस की अटैस्टिड प्रतियां तथा लिस्ट आफ विटनैसिज के ब्यानों की अटैस्टिड प्रतियां भेजी जायें ताकि अधिकारी को नियम 7 में आरोपित किया जा सके ।

(8–10–96)

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

TECHNICAL EDUCATION DEPARTMENT

Note :—In case an assurance shown outstanding against a particular Department does not relete to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्रम संख्या	संख्या	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
285.	तारांकित प्रश्न संख्या 632 पर डा0 राम प्रकाश द्वारा पूछा अनुपूरक प्रश्न अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय राज्य मन्त्री महोदय से यह जानना चाहूंगा कि कुरूक्षेत्र जिले के उमरी गांव में लोगों ने स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्य स्मृति में एक देहाती पोलिटैक्निक बनाने का प्रस्ताव पास करके भेजा है, गांव वालों के पास धन राशि भी है । 24-11-1991 को मुख्य मन्त्री जी वहां पर पधारे थे और इस बारे में मैंने उनसे चर्चा भी की थी, जैसे उन्होंने निर्देश दिये थे उसी	2-9-93 * * * इस बारे में सरकार का पोज़िटिव रूख रहेगा। हम जल्दी ही इसको बनाने का विचार करेंगे ।	सैद्धान्तिक रूप में राज्य सरकार ने गांव उमरी में एक राजकीय बहु-तकनीकी स्थापित करने का निर्णय लिया हुआ है । यद्यपि अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा इस संस्था को आरम्भ करने की स्वीकृति इस शर्त पर प्रदान की है कि राज्य सरकार सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के उपरांत इस संस्था में कोर्स जारी कर दिया जायगा । मुख्य वास्तुकला विभाग, हरियाणा को इस संस्था के लिए नक्शे इत्यादि बनाने का अनुरोध किया गया है तथा साथ ही उपायुक्त, कुरूक्षेत्र को गांव ऊमरी या उनके नजदीकी कहीं भी किसी बिल्डिंग में 15-20 कमरे उपलब्ध	(समिति इस बारे में लैटेस्ट पोजीशन जानना चाहती है) । (1-9-98)

तरह से किया गया है । मैं राज्य मन्त्री महोदय से जानना चाहूंगा कि जो प्रस्ताव पास कर के भेजा है कि वहां पर पोलि-टैक्निक बनाया जाए, उसका क्या बना ?

किये गये हैं ताकि कक्षाएं आरम्भ की जा सकें । उपायुक्त द्वारा अभी तक कोई भी स्थान उपलब्ध नहीं कराया गया हैं । राज्य की वित्तीय स्थिति को मध्य नजर रखते इस संस्था के लिए अभी तक उपयुक्त राशि का प्रावधान नहीं हो पाया है। जिसके कारण इस संस्था के भवन निर्माण का कार्य भी चालू हो सका । परन्तु जब भी उपयुक्त राशि का प्रावधान राज्य के बजट में हो पायेगा । संस्था के भवन निर्माण का कार्य शुरू कर दिया जायेगा तथा उसके उपरांत संस्था में कोर्सिज के लिए भी प्रवेश करके कक्षाएं चालू कर दी जायेंगी ।

(7-8-98)

9-3-95

286. श्री कर्ण सिंह दलाल द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 243 क्या तकनीकी शिक्षा

(क) जी हां ।

(ख) विश्व बैंक के साथ सम्पन्न की जाने वाली औपचारिकताएं समय पर पूर्ण

क्रम0 संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	मंत्री कृपया बताएंगे कि— (क) क्या जिला फरीदाबाद में महिला पोलिटैक्निक संस्थान खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा (ख) यदि हां तो पूर्वोक्त प्रस्ताव को कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है।	हो जाने की स्थिति में भवन निर्माण कार्य वर्ष 1995-96 में आरम्भ होने की संभावना है और कक्षाएं शैक्षिक सत्र 1997-98 से आरम्भ किए जाने की संभावना है।		
		13-3-95		
287.	बजट भाषण	* * * फरीदाबाद में महिलाओं के लिए एक रिहायशी पोलिटैक्निक बनाया जा रहा है। * * * * * * * वर्ष 1996-97 के दौरान रिवाड़ी जिले में धामलावास कुरुक्षेत्र जिले में उमरी, जींद जिले में राजपुरा, पंचकूला जिले में नानकपुर व सिरसा जिले में डबवाली में	फरीदाबाद में एक राजकीय रिहायशी महिला बहुतकनीकी का विश्व बैंक परियोजना के अन्तर्गत स्थापित की जा रही है। जिसका भवन निर्माण कार्य 17-10-98 तक पूरा होने की आशा है तथा 12/98 के बाद इसी संस्था में कक्षाएं चलाने की संभावना है।	कमेटी इस बारे में ताजा स्थिति जानना चाहेगी। (1-9-98)

नये पालिटैक्निक शुरू किये जाएंगे शेष जिलों अर्थात भिवानी कैथल यमुनानगर व पानीपत में पोलिटैक्निक खोलने का प्रस्ताव केन्द्र सरकार के पास लम्बित है।

* * * * * * * *

वर्ष 1996–97 के दौरान फरीदाबाद में एक अन्य प्राईवेट इन्जीनियरिंग कालेज स्थापित किए जाने की संभावना है। * *

राज्य सरकार के प्रत्येक जिले में एक बहुतकनीकी खोलने की नीति के अन्तर्गत दामलावास जिला रेवाड़ी, ऊमरी जिला कुरूक्षेत्र, नानकपुर जिला पंचकुला, सण्डी डबवाली जिला सिरसा, पवनामा जिला कैथल, डाहर जिला पानीपत, मग जिला यमुनानगर तथा लोहारू जिला भिवानी में रा0 बहु0, खोलने का निर्णय लिया हुआ है। उपरोक्त 9 बहुतकनीकियों में से केवल लोहारू के लिए भूमि तकनीकी शिक्षा विभाग के नाम उपलब्ध हो पाई है। 8 बहुतकनीकियों के लिए अभी भूमि तकनीकी शिक्षा विभाग के नाम स्थानांतरित नहीं हो पाई है अतः केवल लोहारू में ही भवन निर्माण के लिए 5.81 करोड़ रुपये की प्रशासनिक अनुमति प्रदान कर दी गई है। लोक निर्माण विभाग द्वारा जल्दी ही निर्माण कार्य शुरु कर दिया जायेगा। जिसका शिलान्यास 9.12.97 को माननीय मुख्य मंत्री महोदय द्वारा हो चुका है।

क्रम0 सं0	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			प्रत्येक संस्था के लिए उपयुक्त सुविधाएं जुटाने के उपरांत ही अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् से स्वीकृति लेकर कक्षाएं चालू कर दी जायेंगी।	
			वर्ष 1997-98 के दौरान फरीदाबाद में स्वयं वित्तीय व्यवस्था के अधीन दो प्राईवेट इंजी0 कालेज संस्थानों की स्थापना की गई है। 1. उत्कला इंस्टीच्यूट आफ इंजी0 एन्ड टैक्नोलोजी, धौज (फरीदाबाद) 2. कैरियन-इंस्टीच्यूट आफ टैक्नोलोजी एण्ड मैनेजमैंट, फरीदाबाद। वर्ष 1998-99 के लिए एक और प्राईवेट इंजी0 कालेज लिंगया इंस्टीच्यूट आफ मैनेजमैंट एण्ड टैक्नोलोजी, फरीदाबाद शुरू करने बारे सरकार ने अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया है।	

इसके अतिरिक्त फरीदाबाद में वाई0एम0सी0ए0 इंस्टीच्यूट आफ इंजी0 को स्नातक स्तर का इंजी0 कालेज 1996-97 से अपग्रेड कर दिया था जो राज्य सरकार की 100 प्रतिशत सहायता से चालू है ।

(7–8–98)

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

DEVELOPMENT & PANCHAYATS DEPARTMENT

Note :—In case an assurance shown outstanding a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretatiat.

क्र0 सं0	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
288.	दि, हरियाणा ऐप्रोप्रिएशन (नं0 2) बिल 92 पर हुई डिस्कशन के संदर्भ में ।	25-3-92 * * * * अगर कोई हरिजन ऐसा रह गया है जिसको कि 100 गज का प्लाट नहीं मिला है, तो उसको 100 गज का प्लाट जरूर देंगे । हर हरिजन को 100 गज का रिहायशी प्लाट देने का फैसला हमारी सरकार ने किया है ।	सरकार की हिदायतें दिनांक 28-1-74 अनुसार, हरिजनों पिछड़ी जाति तथा भूमिहीन मजदूरों को प्लाट दिए जाते हैं जिनके अनुसार अब तक 2,83,088 प्लाट दिए जा चुके हैं । 14-9-93	The Committe would like to know the latest Position in this regard. 4-10-93
289.	तारांकित प्रश्न संख्या 389 के संदर्भ में श्री रमेश कुमार खटक द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न— "क्या गांव मलिकपुर (सिंगापुर) ब्लाक थानेसर, जिला कुरुक्षेत्र की पंचायत भूमि पर उक्त गांव के सरपंच द्वारा अवैध कब्जा किये जाने के बारे	21-12-92 एक शिकायत पत्र श्री गुरनाम सिंह सरपंच ग्राम पंचायत मलिकपुर (सिंगापुर) के विरुद्ध निदेशक पंचायत के कार्यालय में दिनांक 19-11-92 को प्राप्त हुआ था । शिकायत कर्त्ताओं ने सरपंच के विरुद्ध आरोप लगाये हैं कि सरपंच ने पंचायत की गलियों के निर्माण तथा स्कूल भवन बनाने के कामों के दौरान राशि का गबन	श्री गुरनाम सिंह सरपंच ग्राम पंचायत मलिकपुर (सिंगापुर) के विरुद्ध शिकायत की प्रारम्भिक जांच मुख्यालय से तत्कालीन उप-निदेशक पंचायत (का0) से करवाई गई थी । फलस्वरुप, सरपंच के विरुद्ध निम्न आरोप सिद्ध पाया गया :—	इस आश्वाशन की लेटैस्ट पोजीशन मांगी गई । 26-8-96

में कोई शिकायत सरकार को अक्तूबर नवम्बर, 1992 में मिली है।"

किया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सरपंच ने खसरा नं0 618 जो कि आबादी देह है, पर अपने भाई भतीजों का नाजायज कब्जा करवा दिया है। निदेशालय के एक अधिकारी को सरपंच के विरुद्ध शिकायत की जांच करने के आदेश दिये गए हैं। रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात उपयुक्त कार्यवाही की जाएगी।

"सरपंच ने अपने भतीजे तथा दो बड़े भाईयों द्वारा खसरा नं0 618 में 4–5 एकड़ भूमि पर नाजायज कब्जा किया हुआ है। इस प्रकार सरपंच नाजायज कब्जा करवाने का दोषी है।

फलस्वरूप सरपंच को इस विभाग के पत्रक्रमांक ए8–93/25615–18 दिनांक 25–5–93 पंजाब ग्राम पंचायत एक्ट की धारा 102 (2) के तहत चार्ज शीट करके उप–मण्डल अधिकारी (ना0) थानेसर को नियमित जांच अधिकारी नियुक्त किया गया। इसी आरोप की नियमित जांच उपायुक्त कुरुक्षेत्र द्वारा भी उप मण्डल अधि–(ना0) थानेसर से करवाई गई थी। तथा सरपंच के विरुद्ध यही आरोप लगाया गया था। फलस्वरुप पंचायत निदेशालय द्वारा जारी की गई चार्जशीट भी उपायुक्त कुरुक्षेत्र द्वारा को भेज दी। नियमित जांच प्राप्त होने उपरांत उपायुक्त, कुरुक्षेत्र

क्र0 सं0	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			इस मामले में अन्तिम निर्णय लिया गया जिसके अनुसार सरपंच के विरुद्ध कोई भी आरोप सिद्ध नहीं पाया गया था तथा खसरा नं0 618 पर सरपंच का नाजायज कब्जा नहीं पाया गया है। इस भूमि पर सर्व श्री साहब सिंह, निरंजन, रघबीर सिंह तथा बलबीर के नाजायज कब्जे पाये गये। इनके विरुद्ध सहायक कलैक्टर, प्रथम श्रेणी थानेसर की अदालत में केस दायर किया और सहायक कलैक्टर, प्रथम श्रेणी ने अपने निर्णय दिनांक 17-2-95 अनुसार खसरा नं0 618 को पंचायत की भूमि नही माना है तथा फैसला इन व्यक्तियों के हक में कर दिया है। सहायक कलैक्टर, प्रथम	

श्रेणी, थानेसर द्वारा किए निर्णय के विरुद्ध कलैक्टर की अदालत को अपील दायर की गई, जो रिमांड होकर सहायक कलैक्टर प्रथम श्रेणी की अदालत में विचाराधीन है ।

(23-11-96

21-7-97

290.	श्री बलवन्त सिंह द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न सं 256-क्या विकास तथा पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या गांव खेड़ी-सांपला (रोहतक) के धोवन जल को मार्किट कमेटी सड़क के पार, खरखौदा सड़क के साथ-साथ निकालने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ?	स्पीकर साहब, इस नाले के तीन पार्टस् हैं इसमें तीन सौ फुट का टुकड़ा तो बन चुका है जो कि रैस्ट हाउस के साथ है । दूसरा टुकड़ा 11 सौ फुट का है जिसके बारे में मार्किट कमेटी सांपला ने दो लाख रूपए का प्रावधान रखा हुआ है लेकिन इस बारे में हरियाणा कृषि विपणन बोर्ड की तरफ से कोई आपत्ति है हमारी तरफ से कोई बात नहीं है । तीसरा यह जो टुकड़ा है इस पर दो लाख 66 हजार का खर्च आएगा । इस बारे में पब्लिक हैल्थ ने देखा था और उन्होंने उसमें कोई त्रुटि देखी है उसको हम जल्दी से जल्दी पूरा कर देंगे ।

क्रम संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		* * * सर, जो रैस्ट हाऊस से जोहड़ तक का टुकड़ा है उस पर दो तीन महीने में काम कर देंगे और उस काम को हम जल्दी से जल्दी पूरा करवाने की कोशिश करेंगे ।		
		19–1–98		
291.	राज्यपाल महोदय का अभिभाषण	"गलियों को पक्का करने, विद्यालयों के कमरे बनाने, डिस्पैंसरियों, योजक सड़कें तैयार करने, ग्रामीण जल आपूर्ति करने, कम लागत के शौचालय और चौपालों के निर्माण हेतु वर्ष 1997–98 में 69.73 करोड़ रूपए खर्च किए जाएंगे । चालू वित्त वर्ष के दौरान ग्रामीण सफाई कार्यक्रम के अन्तर्गत कम लागत के लगभग 55,500 शौचालयों का निर्माण किया जाएगा ।"		

20–1–98

292\. श्री रामपाल माजरा, एम०एल०ए० द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न सं० 507—

"[illegible] विकास तथा पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या वर्ष 1995–96, 1996–97 तथा 1997–98 के दौरान जिला कैथल के गांव पट्टी अफगान पट्टी, चौधरी तथा पट्टी कैसथ–सेट की पंचायत भूमि पट्टे पर दी गई थी यदि हां, तो उससे कुल कितनी राशि प्राप्त हुई ? * * *

अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से यह जानकारी चाहूंगा कि जो जमीन 1995–96 के लिए पट्टे पर छोड़ी गई है, क्या उसकी बोली नहीं हुई ? म्यूनिसिपल कमेटी तथा ग्राम पंचायतों की जो जमीन पट्टे पर छोड़ी गई है उसकी बोली होनी चाहिए थी । जो बोली

"अध्यक्ष महोदय, ऐसा नहीं होगा । अब यह हिस्सा कमेटी में आया है और कमेटी ने इसकी नीलामी की और इस वर्ष 16.64 लाख रुपए वसूल किए गए हैं। मैं इनको यह बताना चाहूंगा कि जैसे ही ए०डी०सी० महोदय की रिपोर्ट आएगी और उसमें जो भी दोषी होंगे उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी और पूरा पैसा वसूल किया जाएगा।"

क्रम संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	नहीं हुई है, क्या यह पार्टी के 4–5 असरदार कार्यकर्ताओं के प्रभाव की वजह से नहीं हुई अथवा एडमिनिस्ट्रेटिव लैप्स रही है ?"			
		20–1–98		
293.	तारांकित प्रश्न सं0 509 के संदर्भ में श्री बन्ता राम वाल्मीकि द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न–– "अध्यक्ष महोदय, मैं मंत्री महोदय, के जवाब से संतुष्ट नहीं हूं। मैं मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि इन्होंने कुम्हार जाति को बर्तन बनाने के लिए मिट्टी खोदने हेतु यमुना नगर	"अध्यक्ष महोदय, इनकी बात ठीक है कि कुम्हारों को स्टेट में कई जगहों पर तकलीफ आ रही है और उनको मिट्टी के बर्तन बनाने लायक मिट्टी नहीं मिल रही है। हम इसके लिए डिस्ट्रिक्ट मैजिस्ट्रेट को हिदायत करेंगे कि जहां पर भी पोसिबल हो उनको बर्तन बनाने के लिए मिट्टी निकालने की जमीन मुहैया करवाने की कोशिश करें।"		

में जमीन क्यों नहीं दी ? यहां के कुम्हार किस तरह से अपने बच्चों का पेट पालेंगे। अध्यक्ष महोदय, किसी गांव में पंचायतों के पास जो जमीन है उस जमीन की मिट्टी से बर्तन नहीं बनते और अगर वहीं पर किसी जमींदार के पास चिकनी मिट्टी वाली जमीन है, तो क्या सरकार के पास ऐसा विचार है कि वे जमींदार की जमीन लेकर उनकी जमीन से बदल दें ?"

21–1–98

294. तारांकित प्रश्न संख्या 503 के संदर्भ में श्री कलाश चन्द्र शर्मा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—

अध्यक्ष महोदय, 1700 रुपए रेट से नीचे एक नम्बर की ईंट कहीं पर नहीं मिल रही है और दो नम्बर की ईंट लगाई जा रही हैं। क्या इस के बारे में कोई कार्यवाहीं करेंगे ।

अध्यक्ष महोदय, हम इस बारे में इन्कवायरी करवा लेंगे और अगर कोई दोषी पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी ।

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

ENVIRONMENT DEPARTMENT

Note :—In case an assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्र0 सं0	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
295	श्री राजेन्द्र सिंह बिसला, एम0एल0 ए0 द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न सं0—234 क्या पर्यावरण मन्त्री कृपया बताएंगे कि— (क) क्या सरकार को इस तथ्य की जानकारी है कि फरीदाबाद की निकटवर्ती बस्तियां प्रदूषित पानी तथा वाहनों और उद्योगों से हुए प्रदूषण के कारण बुरी तरह प्रभावित है; तथा (ख) यदि हां, तो ऊपर भाग (क) में यथानिर्दिष्ट प्रदूषण से पूर्वोक्त बस्तियों को बचाने के लिये यदि कोई पग उठाये गये या जाने प्रस्तावित हैं, तो क्या ?	13–3–92 (क) जी हां। (ख) इस क्षेत्र में प्रदूषण को रोकने के लिए अनेक कदम उठाए गए हैं जिनका ब्यौरा अनुबन्ध 1, पर के **** उत्तर के अनुबन्ध 1 का पैरा 3 फरीदाबाद बिजली ताप घर की दूसरी इकाई पर इलैक्ट्रोस्टेटिक प्रोसिपटेटिक (ई0 एस0 पी0) लगा दिया है जो शीघ्र ही चालू कर दिया जाएगा। पहली यूनिट पर इ0 मस0 पी0 से पहले ही चालू अवस्था में है।		The Committee made on the supdt. inspection of Elluent Treatment Plants/ Air Pollution Control measures installed by various Industrial Units/Thermal Power Plant at Faridabad on 5-11-97 and made certain observation/recommendation as per Annexure 'A

296. तारांकित प्रश्न सं0 305 के संदर्भ में श्रीमती चन्द्रावती द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—

"अध्यक्ष महोदय, क्या सरकार के ध्यान में कोई दस तरह के प्लांटस हैं जो गन्दगी पैदा करते हों, वातावरण को पौल्यूट कर रहे हों? अगर ऐसे प्लांटस हैं तो क्या सरकार उन सब को आदेश जारी करेगी कि वे जल्दी से जल्दी अपने अपने एफल्यूगेंट ट्रीटमैंट प्लांटस लगाएं ताकि शहरों में जो इस तरह का पौल्यूशन है, गन्दगी है जिससे लोगों का स्वास्थ्य खराब होता है, इस पर रोक लगाई जा सके इस बारे में मैं सरकार की स्पष्ट तौर पर नीति जानना चाहती हूं कि सरकार इस बारे में क्या पग उठा रही है?"

स्पीकर साहब, सरकार पहले ही इस बात के लिए प्रयत्नशील है और हम यह महसूस भी करते हैं कि हरियाणा के अन्दर जो जो इण्डस्ट्रीज पौल्यूशन फैलाती हैं, उनके ऊपर कोई न कोई अकुंश अवश्य लगाया जाए ताकि लोगों के स्वास्थ्य पर कोई बुरा असर न पड़े अध्यक्ष महोदय जो इन्डस्ट्रीज 1982 से पहले लगी हुई थी चूंकि उनका मैनुफेक्चरिंग प्रोसैस पुराना हो चुका है और उनकी मियाद की तिथि 31 दिसम्बर, 1983 तक हमने दे रखी है कि अगर आप इस तारीख तक अपना एफल्लूऐंट ट्रीटमैंट प्लांट्स न लगाओगे तो हम आपके खिलाफ एक्शन लेंगे और आपकी इन्डस्ट्रीज को बन्द करने पर सरकार मजबूरी हो जागगी। जो 42 इन्डस्ट्रीज ऐसी हैं जिनकी टैक्नीक नई होने के कारण हमने उनकी मियाद घटाकर 31 दिसम्बर, 1992 तक की है उन्हें हमने कहा है कि अगर वे इस डेट तक अपना एफ़्ल्यूगेंट ट्रीटमैंट प्लांट नहीं लगायेंगे तो पैरामीटर के अनुसार उनके

क्र0 सं0	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		खिलाफ हम ऐक्शन लेंगे ऐसे प्रोजैक्ट को बन्द करने के लिये सरकार पहले ही वचनबद्ध हैं।		
		13-7-92		
297.	तारांकित प्रश्न सं0 305 के संदर्भ में श्री कर्ण सिंह दलाल द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न— "अध्यक्ष महोदय, हमारे फरीदाबाद जिले में भी करीब 70 प्रतिशत फैक्टरीज ऐसी हैं जो बहुत ज्यादा पौल्यूशन फैला रही हैं। इनके महकमें से किसी प्रकार की उनको परमिशन नहीं है। नतीजा यह है कि गांव के गांव खाली होने की नौबत आ गई है। हमारे पलवल में भी दो ऐसी फैक्ट्रीज	स्पीकर साहब, जो हथीन के अन्दर फैक्टरी है, वह काफी पौल्यूशन कर रही है और हमने उसके खिलाफ नोटिस जारी करने का फैसला ले लिया है। अगर यह ट्रीटमैंट प्लांट नहीं लगाएंगे तो हमने उस को बन्द करने की भी कार्यवाही चला रखी है, हम हम उसे बन्द करवा देंगे।		The Committee made on the spot inspection of Effluent Treatment Plants/Air Pollution Control measures installed by various Industrial Units/Thermal Power Plant at Panipat on 4-11-97 and made certain observation, recommendation as pe Annexure B

हैं। जिनका पौल्यूशन बहुत जबरदस्त हैं। इसी तरह से हथीन में मोदी के नाम से एक शराब की फैक्टरी है, उसका पौल्यूशन भी बहुत ज्यादा है। क्या सरकार इनके खिलाफ कोई कार्यवाही करेगी ?"

3—3—93

298. ध्यानाकर्षण प्रस्ताव सं0 11 के संदर्भ में साथी लहरी सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न * * * दूसरी बात यह है कि इतनी जल्दी हैल्थ डिपार्टमैंट से और पशु पालन विभाग से भी इन्होंने सर्टीफिकेशन ले लिये हैं कि अब जान-माल का कोई खतरा नहीं है। दूसरे जिलों की तुलना में यहां पर (रादौर म्युनिसिपल कमेटी के एरिया में) कोई ज्यादा बीमारी नहीं हुई है। मैं सरकार के नोटिस में लाना चाहता हूं कि वहां पर नलके से जो पानी निकलता है

. . . . स्पीकर साहब यह बात ठीक है कि इस कैनाल के अन्दर जिस समय डिस्चार्ज नहीं होता उस समय पानी खड़ा होता है और उसमें गन्दगी हो जाती है। इस तरफ सरकार का ध्यान जिस समय पानी नहीं चल रहा होता तो गंदा पानी खड़ा हो जाता है लेकिन अभी तक पानी गंदा होने के कारण कोई मौत नहीं हुई है। हम इस काम को टेक-अप कर रहे हैं और सिवरेज एफ्लूएंट प्लांट लगा कर इस समस्या को हल करेंगे। * *

क्र0 सं0	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	है वह जहरीला होता है और पानी को लोग पी नहीं सकते । आप 10 दिन तक अपने डंगरों को पानी पिलाकर देखे या दस दिन तक स्वयं पीकर देखें तो आपकी सेहत पर कोई न कोई अवश्य फर्क पड़ जाएगा। मैं इस बारे में स्पष्टीकरण चाहता हूं कि जिनका प्रोसीक्यूशन चल रहा है उनका क्या इन्तजाम कर रहे हैं और वह कब तक पूरा हो जाएगा वहां पर जहरीला पानी है और इस से प्रदूषण फैल रहा है । इस नजरिए को सामने रख कर उन फैक्टरीज को बन्द कर दिया जाए, चाहे वह इन्डस्ट्रीज हिमाचल में हैं चाहे वह हरियाणा में हैं, जहरीला पानी लोगों को नहीं मिलना चाहिए	[illegible] 2-8-03		

	स्वच्छ पानी का इन्तजाम करना आवश्यक है। स्पीकर साहब, वैस्टर्न जमुना कैनाल में साफ पानी डाला जाए जिससे कि वह साफ पानी पीने के लिए तथा खेती के लिए काम आ सके।		
		23-3-95	Obeservation
299.	ध्यानाकर्षण प्रस्ताव संख्या 27 (पानीपत थर्मल प्लांट की गन्दी राख गांवों में गिरने संबंधी) पर श्री अध्यक्ष द्वारा ली गई जानकारी- "मंत्री जी आप पर्सनली वहां पर विजिट करें क्योंकि खुखराना में वास्तव में यह प्रोब्लम है। वह एक छोटा गांव है, अगर उस गांव को कहीं दूसरी जगह पर जमीन एक्वायर करके बसाया जा सकता हो तो ऐसा अवश्य करें क्योंकि केवल तीन चार एकड़ जमीन में ही काम चल जाएगा और फिर उस गांव के लोग दूसरी जगह पर बसने के लिए तैयार भी हैं।"	अध्यक्ष महोदय, जैसा आपने कहा कि खुखराना के गांव के लोग कह रहे हैं उन्हें थोड़ी सी दूरी पर जमीन एक्वायर करके बसा दें। अगर वे लोग चाहते हैं कि उनको दूरी पर दूसरी जगह बसा दिया जाए तो हम इन भाईयों से बात-चीत करके डी0सी0 के जिम्मे यह काम लगाएंगे कि वे खुद भी उन लोगों से पूछ लें और उनसे जगह का पूछ लें कि कौनसी जगह पर उनको बसाया जाए। अगर वह छोटा सा सारा गांव सहमत हो गया तो हम उन लोगों को दूसरी जगह पर बसा देंगे।	कमेटी ने मौके पर जा कर पानीपत थर्मल पावर प्लांट प्रदूषण रोधक संयंत्र का निरीक्षण किया व निम्नलिखित अवलोकन किया :— थर्मल प्लांट चैक करने के बाद समिति के खुखराना गांव के पास जो थर्मल पावर प्लांट के वेस्ट वाटर का टैंक है उसका निरीक्षण किया और पाया कि उस वाटर टैंक से खुखराना गांव में वाटर लोगिंग की प्रोब्लम है। वहां पर वाटर लोगिंग की

क्र0 सं0	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			प्रोब्लम का निरीक्षण करने के बाद समिति ने निम्नलिखित आब्जर्वेशंज दी :— समिति ने चाहा कि गांव में वाटर लोगिंग की वजह से वाटर लिवल ऊपर आ गया है इसलिए उस पानी को वहां पर से निकालने के लिए जो पम्पस लगाए गए हैं उनको चलाया जाना चाहिए जो कि समिति के दौरे के दौरान बंद पड़े थे । वाटर टैंक 100 प्रतिशत घास से भरा हुआ था, उस गंदे पानी में काफी कीड़े थे । वह पानी थर्मल प्लांट में काफी स्थानों पर प्रयोग	

किया जाता है और पीने के लिए भी प्रयोग किया जाता है।' समिति ने चाहा है कि इसकी डि-विडिंग और डि-सिल्टिंग करवाने के लिए जो भी उचित कार्यवाही हो उसको जल्दी से जल्दी करवा-कर समिति को इसकी रिपोर्ट भेजी जाए ।

Environment Department

ANNEXURE—'A'

थर्मल पावर स्टेशन, फरीदाबाद

समिति ने इस बारे में चाहा कि प्लांट की रिक्वायरमैंट के हिसाब से कोयला "बी" ग्रेड का आना चाहिए लेकिन यहां पर कोयला "डी" ग्रेड का और "एफ" ग्रेड का आता है जो प्लांट को डैमेज भी कर सकता है। घटिया कोयला होने की वजह से पोल्यूशन होता है। समिति चाहती है कि कोयले की स्टैण्डर्ड को एक दम ठीक किया जाए।

इसके बाद समिति फील्ड में गई और वहां पर देखा कि फरनस के पास फल्यू गैसिज का फर्स्ट स्टेज पर सैम्पल लेने की जगह तो थी लेकिन चिमनी के पास आउट लेट में कहीं से भी सैम्पल लेने की जगह नहीं बनी हुई थी। समिति ने इस बारे में इच्छा प्रकट की आउट लैट से फल्यू गैसिज का सैम्पल लेने की जगह होनी चाहिए। इस बारे में तुरन्त कार्यवाही करके समिति को रिपोर्ट भेजी जाए।

इसके साथ ही समिति ने चाहा कि वहां पर जितना भी स्टाफ काम करता है उनकी लेटैस्ट मैडीकल रिपोर्ट कमेटी को दो हफ्ते में भेज दी जाए।

Environment Department

ANNEXURE "B"

मैं0 लिबर्टी लैदर्ज़, करनाल

1. समिति ने वाटर पोल्यूशन बोर्ड से चाहा कि इनके ट्रीटमैंट प्लांट से फाईनल स्टेज पर निकलने वाले पानी का सैम्पल चैक करके उसकी जो भी रिपोर्ट हो समिति को जल्दी से जल्दी भेजी जाए ।

माडर्न डेयरी करनाल का मौके पर निरीक्षण/आब्जर्वेशन

2. समिति ने चाहा कि पोल्यूशन विभाग माडर्न डेयरी से फाईनल स्टेज पर ट्रीट होकर निकलने वाले पानी का सैम्पल लेकर उसकी रिपोर्ट बारे में समिति को अवगत कराए ।

पानीपत थर्मल पावर स्टेशन, पानीपत

3. पूरे प्लांट को चैक करने के बाद समिति ने निम्नलिखित आब्जर्वेशंज दीं :—

(i) बायलर के पास काम करने वाले कर्मचारियों को एअर पोल्यूशन और डस्ट पोल्यूशन से बचाने के लिए कैबिन्ज का प्रावधान होना चाहिए । समिति ने साथ में यह भी चाहा कि जो पुराने कैबिन्ज बने हुए हैं उनकी रिपेयर करके और नए कैबिन्ज को जल्दी से जल्दी बनाकर समिति को इसकी रिपोर्ट दी जाए ।

इस बारे में थर्मल पावर प्लांट के एक अधिकारी श्री चावला ने आश्वासन दिया कि दो महीने में इस बारे में समिति को सूचित कर दिया जाएगा ।

(ii) समिति ने चाहा कि कोल हैन्डलिंग मैंनटेनैंस प्लांट 1 से 4 तक पक्की सड़क होनी चाहिए ।

(iii) समिति ने चाहा कि कोल हैन्डलिंग मैंनटेनैंस प्लांट के फर्स्ट आयल लाईन के साथ-साथ जो सरकंडे लगे हुए हैं वे एक महीने के अन्दर-अन्दर काट दिया जाए और इस बारे में समिति को सूचित किया जाए । समिति ने यहां पर सफाई के मामले को गंम्भीरता से लिया और कहा कि इस आयल लाईन के पास सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए । सी0एच0एम0 प्लांट की ट्रैन्च हैं से सब साफ करवाई जाएं । समिति ने कहा कि इस बारे में जल्दी से जल्दी कार्यवाही की जाए समिति कभी भी दोबारा इसको चैक करने के लिए दौरा कर सकती है ।

(iv) समिति ने चाहा कि कैशन हाऊस की जो रूट्रिस हैं उनको तुरन्त बदला जाना चाहिए । टैलसकोपी शुट के बारे में समिति ने यह महसूस किया कि उसमें डस्ट आने की वजह उसकी रनिंग पोजीशन में प्रोब्लम आती है । समिति यह चाहती है कि इसको एग्जामिन करवाकर वहां पर शड्ज लगवाए जाएं ।

समिति ने प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड द्वारा दिए जाने वाले सर्टिफिकेट के बारे में पूछे जाने पर बताया गया कि पोल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने सर्टिफिकेट देने से मना कर दिया है और थर्मल प्लांट वालों ने अपनी कर रखी है ।

समिति इसके बाद ट्रवाईन हाल देखने के लिए गई ।

(v) समिति ने चाहा कि 210 मैगावाट का जो छठा यूनिट है उसमें यार्यलिग है । इस बारे में कमेटी ने सर्वे किया और पाया कि सारे का सारा पानी से भरा हुआ था । वहां पर बड़े-बड़े सरकंडे खड़े हुए हैं । जिनमें करोड़ों रुपये का सामान पड़ा हुआ है तथा वह वेस्ट हो रहा है । समिति ने यह महसूस किया कि सरकंडों में सामान छिपा पड़ा हुआ है और खराब हो रहा है जिससे बिजली विभाग को काफी नुकसान हो रहा है । समिति ने चाहा कि सरकंडों के अन्दर दो करोड़ों रुपए के बिजली के इक्विपमैंटस पड़े पड़े खराब हो रहे हैं इनको किसी सेफ जगह पर रखा जाए और इन सरकंडों को काट कर यहां की सफाई की जाए । इसके साथ ही समिति ने यह भी चाहा कि छटे यूनिट के प्लांट की कंस्ट्रक्शन का काम जल्दी से जल्दी शुरु किया जाए । समिति ने यूनिट तीन, चार और पांच के इ0एस0पी0 को चैक किया और उसको रनिंग पोजीशन में पाया । इसके साथ ही समिति ने पाया कि स्वीच बोर्ड के मेन ट्रांसफामर्ज के पास एक से चार यूनिट तक बड़े बड़े सरकंडे और घास है जोकि नहीं होने चाहिए । इससे कभी भी कोई दुर्घटना हो सकती है । इसको जल्दी से जल्दी साफ करवाया जाए ।

इसके साथ ही समिति ने चाहा कि थर्मल प्लांट का सी0एच0एम0 डिविजन में और बायलर का जितना भी स्टाफ है उसके लिए डाक्टर का प्रबन्ध किया जाए जोकि कर्मचारियों का चैकअप कर सके । समिति ने यह भी चाहा है कि एक्सीडेंटल और स्पैशैलाईज केसिज के लिए कोई हास्पीटल निश्चित किया जाए ताकि, उस हास्पीटल में थर्मल प्लांट में काम करने वाले कर्मचारियों का ट्रीटमैंट हो सके ।

थर्मल प्लांट के एरिया में जितनी भी रैंजीडैंशियल कालोनीज हैं और थर्मल व प्लांट के परिसर में जितनी भी बस्तियां हैं उन के पीने के पानी के सैम्पल चैक करवाएं जाएं तथा उसकी रिपोर्ट समिति को जल्दी से जल्दी भेजी जाए ।

एन०एफ०एल०, पानीपत

समिति ने चाहा कि इ0टी0पी0 के इनलैट पानी का और आउट लैट पानी का सैम्पल लिया जाए तथा उसकी रिपोर्ट के बारे में समिति को जल्दी से जल्दी सूचित किया जाए ।

समिति इसके बाद सरप्राईज विजिट के लिए नैसले इण्डिया लिमिटिड समालखा के लिए रवाना हुई ।

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

MINES AND GEOLOGY DEPARTMENT

Note :—In case an assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्रम संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		20–12–91		
300.	"दि हरियाणा रेगूलेशन एंड कंट्रोल आफ क्रेशर्ज बिल, 1991" के संदर्भ में चौ0 अजमत खान द्वारा दिया गया सुझाव—— "स्पीकर साहब, इन क्रेशरों की धूल से टी0बी0 और अन्य प्रकार की बीमारियां मजदूरों और आस पास के रहने वाले लोगों में होती हैं साथ ही इनकी धूल से एक कि0मी0 तक किसान की फसल को भी नुकसान होता है। इसलिये मैं सरकार से अनुरोध करूंगा कि जहां तक भी ये क्रेशर लगाए जाएं, वहां पर किसान की फसल को ध्यान में रखें और,	***स्पीकर साहब, इन्होंने जो फसल की बात कही है, वह बिल्कुल सही है और सरकार इस तरफ भी ध्यान देगी।	पर्यावरण विभाग, हरियाणा सरकार की अधिसूचना दिनांक 9–6–1992 जो कि हरियाणा सरकार के गजट (असाधारण) दिनांक 9–6–1992 प्रकाशित हुई, अनुसार स्टोन क्रेशरज के लिये अलग-अलग सीमायें निर्धारित की गई। इस अधिसूचना की तिथि के छः माह पश्चात में किसी भी स्टोन क्रेशर जो कि राष्ट्रीय राज मार्ग से डेढ किलोमीटर राजकीय राजमार्ग से एक किलोमीटर, गांव की आबादी से एक किलोमीटर एवं पर्यटन केन्द्र से डेढ किलोमीटर के	कमेटी इस बारे लेटैस्ट पोजीशन जानना चाहती है कि कितने क्रेशर हटा दिए गए हैं और बाकी जो बचते हैं उनको हटाने के लिए क्या कदम उठाये जा रहे हैं ? (19–7–93)

अगर क्रेशर की गर्द से किसान की खेती पर प्रभाव पड़ता है या तो किसान की खेती का बीमा करवाया जाए या उसको मुआवजा दिया जाए।"

अन्दर-अन्दर लगा होगा, को चलने की अनुमति नहीं दी जायेगी। जिला गुड़गांव, महेन्द्रगढ़, भिवानी तथा यमुनानगर के 78 स्टोन क्रेशरज जिन्होंने विभाग से लाइसैंस नहीं लिया था तथा वह उपरोक्त दूरियां पूरी नहीं करते थे की बिजली काटने के लिए राज्य बिजली बोर्ड को दिनांक 28-5-93 को आग्रह किया गया है। यह टिप्पणी भेजते-भेजते समय तक इन में से बहुत से स्टोन क्रेशरज की बिजली कट भी गई है। इस तरह से भविष्य में स्टोन क्रेशरज किसानों की फसलों से दूर लगाये जायेंगे जिससे फसल को नुकसान होने का अन्देशा नहीं होगा।

21-11-96

301.	श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न सं0 140 के भाग (ख) तथा (ग) के उत्तर	(ख) बड़े खनिजों के निष्कासन के लिए खान पट्टे प्रदान किए जाते हैं जबकि लघु खनिजों के लिए खनन

क्रम संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	5	5
	में क्या वित्त मंत्री कृपया बताएंगे कि—	पट्टे, ठेके, लघु अवधि परमिट दिए जाते हैं। ज्यादा समय के लिए खनन पट्टे देने की बजाए खानों को सिर्फ ठेके पर देना सरकार के विचाराधीन है। इसलिए नई सरकार के गठन के उपरान्त किसी भी निजी उद्यमी को कोई खनन पट्टा नहीं दिया गया।		
	(ख) राज्य में खानों तथा खनिजों के उत्खनन के लिए वर्तमान नीति का ब्यौरा क्या है; तथा			
	(ग) क्या राज्य में निजी पट्टा प्रणाली समाप्त करके खानों तथा खनिजों का राष्ट्रीयकरण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इस संबंध में क्या पग उठाए या उठाए जाने प्रस्तावित है ?	(ग) मामला सरकार के विचाराधीन है।		

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

ANIMAL HUSBANDRY DEPARTMENT

Note :—In case an assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्रम संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
302.	बजट अभिभाषण	6–3–96 ....चालू वर्ष में 20 नए पशु अस्पताल खोलकर 80 डिस्पैंसरियों और स्टाकमैन केन्द्रों का दर्जा बढ़ाकर उन्हें हस्पताल बना कर और करनाल में एक पालिक्लीनिक की स्थापना करके सुदृढ़ किया जा रहा है। आगामी वर्ष के दौरान 30 और पशु डिस्पैंसरियों का दर्जा बढ़ाने और 20 नए हस्पताल खोलने का प्रस्ताव है।	वर्ष 1996–97 में सरकार से नये पशु हस्पताल खोलने व पशु संस्थाओं का दर्जा बढ़ाकर हस्पताल बनाने के संबंध में स्वीकृति प्राप्त न होने के कारण कोई कार्यवाही नहीं की जा सकी। अतः सरकार से केवल एक नया पशु चिकित्सालय-कम-प्रजनन केन्द्र खोलने की स्वीकृति प्राप्त हुई थी, जो विशेष तौर पर केवल गांव गोलागढ़ (भिवानी) के लिये थी। चालू वित्त वर्ष (1997–98) में 40 नये एच0सी0बी0सी0 खोलने तथा 110 पशु डिस्पैंसरियों/स्टाकमैन सैंटरों का दर्जा बढ़ाकर एच0सी0बी0सी0 में परिवर्तित करने का प्रस्ताव सरकार को निदेशक पशुपालन से प्राप्त	कमेटी इस बारे में ताजा स्थिति जानना चाहती है। (16–6–98)

हुआ था और यह मामला उच्च अधिकारियों/पशुपालन मन्त्री महोदय को उन के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया है, ज्यों ही इस मामले में अनुमोदन प्राप्त हो जाएगा उस के तुरन्त बाद ही यह मामला स्वीकृति हेतु वित्त विभाग को भेज दिया जाएगा ।

(7-5-98)

12-3-1997

303. तारांकित प्रश्न संख्या 19 के संदर्भ में श्री देव राज दीवान द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न–

"अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से यह कहना चाहूंगा कि वे विस्तार से बताने की कृपा करें कि मेरे हल्के में किस-किस गांव में क्या-क्या करने की सोच रहे हैं और क्या-क्या स्कीम ये बना रहे हैं ?"

.... अध्यक्ष महोदय, इनके गांव में होस्पीटल बनाने की स्कीम है । उसके लिए एक एकड़ जमीन होनी चाहिए । 14 कनाल वहां पर जगह है । अभी वहां हम कंसीडर करने जा रहे हैं । वहां पर बिल्डिंग बननी है, नैक्सट फाईनैंशियल ईयर में इसको कम्पलीट कर लिया जाएगा ।

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

SCIENCE AND TECHNOLOGY DEPARTMENT

Note :—In case an assurance shown outstanding against a particular Department does not relete to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्रम संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
304.	बजट भाषण	6-3-96 ***हरियाणा स्टेट इलैक्ट्रानिक्स विकास निगम गुड़गांव में एक इलैक्ट्रानिक्स नगर बना रहा है, जिसमें पूर्णतया विकसित प्लाट व फ्लैटिड फैक्टरी माड्यूल के अतिरिक्त एक साफ्टवेयर टैक्नालोजी पार्क और एक इनफर्मेशन टैक्नोलाजी पार्क व दूर संचार काम्पलैक्स भी बनाए जाएंगे ।***		

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

LABOUR AND EMPLOYMENT DEPARTMENT

Note :—In case an assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्रम संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
305.	राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान मुख्य मंत्री श्री बंसी लाल द्वारा दिया गया उत्तर।	24-5-96 * * * * मैं कहना चाहूंगा जिस इलाके में इण्डस्ट्रीज लगेगी वहां पर टैक्नीकल और एक्सपर्ट को छोड़कर टोटल लेबर वहीं के लोगों को मिलेगी बाहर से नहीं आएगी।		

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

TOWN AND COUNTRY PLANNING DEPARTMENT

N*ote* :—In case an assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्रम संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	2	3	4
		27–2–96		
306.	श्री अजमत खां द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 1260–– "क्या मुख्य मन्त्री कृपया बताएंगे कि क्या फरीदाबाद में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (हुड्डा) की भूमि पर कुछ व्यक्तियों द्वारा अवैध कब्जा करने का कोई मामला सरकार के ध्यान में आया है ; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा उनसे उक्त भूमि खाली करवाने के लिए क्या कार्यवाही की गई ?"	फरीदाबाद में हुड्डा की लगभग 80 एकड़ भूमि पर झुग्गी वालों का अवैध तौर पर नाजायज अधिक्रमण है । झुग्गी निवासियों को पुनः बसाने के माध्यम से इस नाजायज अधिक्रमण को हटाने के लिए वर्तमान एक योजना हुड्डा के विचाराधीन है ।		

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

INDUSTRIAL TRAINING AND VOCATIONAL EDUCATION DEPARTMENT

Note : In case an assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्रम सं0	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		20-3-97		
307.	श्री बलबीर सिंह द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न सं. 299— क्या औद्योगिक प्रशिक्षण तथा व्यावसायिक शिक्षा राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या गांव मोखरा में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की इमारत का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ?	ऐसा कोई प्रस्ताव राज्य सरकार के विचाराधीन नहीं है । गांव मोखरा में व्यावसायिक शिक्षा संस्थान के भवन निर्माण का कार्य आरम्भ होने की संभावना है ।		

APPENDIX

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

TOURISM DEPARTMENT

Note :—In case an assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्रम संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
308.	तारांकित प्रश्न सं. 242 के संदर्भ में श्री अध्यक्ष द्वारा दी गयी आब्जर्वेशन–"पर्यटन मंत्री महोदय से मैं कहना चाहता हूं कि जहां पर आपके टूरिस्ट कम्पलैक्सिज हैं वहां पर तो आप पैट्रोल पम्प लगा रहे हैं लेकिन जहां पर नहीं हैं वहां पर नहीं लगा रहे हैं जैसा कि अभी जुलाना का आपने जिक्र किया। इसी प्रकार से कई और शहर/कस्बे ऐसे हैं जहां पर आपके टूरिस्ट के कम्पलैक्स नहीं है। मैं जानना चाहूंगा कि जहां पर आपके टूरिस्ट कम्पलैक्स नहीं है क्या वहां पर आप पैट्रोल पम्प खोलने पर विचार करेंगे? यदि आप ऐसी जगहों पर पैट्रोल पम्प खोल देते है तो उसमें क्या हर्ज है?"	21-3-97 अध्यक्ष महोदय, यह पालिसी मैटर तो है नहीं है फिर भी हम आपके सुझाव पर कैबिनेट में विचार कर लेंगे।		

© 1999
Published under the authority of the Haryana Vidhan
Printed by the Controller, Printing & Stationery,
Chandigarh.